* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 जून, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 223










# अरुणाचल में भाजपा का तूफान सिक्किम में एसकेएम की आंधी

## पेमा खांडू की हैट्रिक, प्रेम सिंह तमांग ने विपक्ष का किया सफाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटानगर/गंगटोक।** पूर्वोत्तर के दो राज्यों अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के नतीजे रविवार को घोषित कर दिये गये। दोनों ही राज्यों में निवर्तमान सरकारों की वापसी हुई है। अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू ने हैट्रिक जीत के साथ भगवा परचम लहराया है, जबकि सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) की आंधी में विपक्ष का सफाया हो गया है। वहां प्रेम सिंह तमांग लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। पेमा खांडू और प्रेम सिंह तमांग ने शाम को राजभवन जाकर राज्यपाल से भेंट की और सरकार बनाने का दावा किया।

**अरुणाचल में 46 सीटों पर जीती भाजपा :** अरुणाचल प्रदेश की 60 सीटों में से भाजपा ने 46 सीटों पर जीत हासिल की। इसके अलावा कांग्रेस को एक, एनपीपी को पांच और अन्य को आठ सीटों पर जीत मिलीं। 2019 के अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 41 सीटें जीतीं और पेमा खांडू फिर से मुख्यमंत्री बने। इससे पहले 2014 में हुए अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 42 सीटें जीती थी, जबकि भाजपा केवल 11 सीटें जीतने में सफल रही थी। पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) ने पांच सीटें जीती थीं, लेकिन प्रदेश में राजनीतिक उठापटक के बाद जुलाई, 2016 में पेमा खांडू पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। अरुणाचल प्रदेश में कोई बड़ा क्षेत्रीय राजनीतिक दल नहीं है। यहां पर भाजपा और कांग्रेस दो बड़े दल हैं और इन्हीं के बीच लड़ाई होती है। हालांकि भाजपा ने राज्य की सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि कांग्रेस ने केवल 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। भाजपा पहले ही बोमडिला, चौखम, ह्यूलियांग, इटानगर, मुक्तो, रोइंग, सागली, ताली, तालिहा और जीरो-हापोली सहित 10 सीटें निर्विरोध जीत चुकी है।

**तमांग ने जनता का जताया आभार :** प्रचंड जीत के बाद सीएम प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि हम अगले पांच वर्षों में उन सभी वादों को पूरा करेंगे, जो हमने चुनाव के दौरान जनता से किये हैं। मैं अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने काफी कड़ी मेहनत की। मैं जनता को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव में भागीदारी की। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय स्तर पर एनडीए सरकार बनेगी। एनडीए चार सौ के आकड़े को पार करेगा।



पेमा खांडू | प्रेम सिंह तमांग

### सिक्किम में विपक्ष को केवल एक सीट

सिक्किम की 32 सीटों में एसकेएम ने 31 सीटें जीतीं, जबकि एक सीट सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के खाते में गयी। एसकेएम ने 2019 में 24 साल पांच महीने और 15 दिन पुरानी एसडीएफ के मुख्यमंत्री पवन चामलिंग को हराया था। इस तरह से एसकेएम ने प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में सरकार बनायी थी। 2019 सिक्किम विधानसभा चुनाव में एसकेएम ने 17 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया था और प्रेम सिंह मुख्यमंत्री बने। एसडीएफ 15 सीटों पर सिमट गयी थी। 2014 के सिक्किम विधानसभा चुनाव में एसडीएफ ने 22 सीटें जीतीं और पवन कुमार चामलिंग लगातार पांचवीं बार सीएम बने थे।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के प्रमुख प्रेम सिंह तमांग को विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी की जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह सिक्किम की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के साथ मिल कर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प



नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

मेरे प्यारे देशवासियों,
लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल ही रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं।

वाकई, 2024 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है।

इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था।

कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गये। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया।

इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़ कर यहां आया था।

मैं ईश्वर का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा।

इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नयी ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, oneness का निरंतर एहसास कराया। ऐसा लग रहा था, जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किये गये चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

(शेष पेज 03 पर)

# चुनाव नतीजों से पहले काम में जुटे पीएम मोदी

- पूर्वोत्तर में बाढ़ और देशभर में प्रचंड गर्मी की समीक्षा समेत कई मुद्दों पर की बैठक
- नयी सरकार के काम संभालने के बाद एक सौ दिन की कार्य योजना बनाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजे भले ही 4 जून को आयेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी से फुल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने रविवार को ताबड़तोड़ सात बैठकें कर नये कार्यकाल की तैयारी भी शुरू कर दी। इन बैठकों में पीएम मोदी ने चक्रवात के हालात और हीटवेव की स्थिति समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने अगली सरकार के एक सौ दिन के एजेंडे पर भी चर्चा की। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान समाप्त होने के अगले ही दिन रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ और देशभर में भीषण गर्मी की स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इन बैठकों के बाद प्रधानमंत्री ने एक सौ दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए मंथन सत्र में भी भाग लिया। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री की पहली बैठक पूर्वोत्तर में चक्रवात रेमल के बाद उत्पन्न हुई बाढ़ की स्थिति को लेकर हुई। उन्होंने विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने देश में भीषण गर्मी और लू की स्थिति को लेकर हुई एक समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री बड़े पैमाने पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारियों की समीक्षा के लिए भी एक बैठक में शामिल होनेवाले हैं। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री मोदी की ये बैठकें लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान समाप्त होने के अगले दिन हुईं। मतदान खत्म होने के बाद अधिकांश एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है कि भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार फिर से सत्ता में वापसी कर सकती है। लोकसभा चुनाव शुरू होने से बहुत पहले पीएम मोदी ने नयी सरकार के लिए एक सौ दिन का एजेंडा तैयार करने के वास्ते विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था। उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले एक सौ दिनों के लिए कार्यक्रमों और पहलों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है।

बता दें कि पीएम मोदी को लेकर कहा जाता है कि वह कभी ब्रेक नहीं लेते। ऐसा देखने को भी मिला, जब लगातार डेढ़ महीने तक चले चुनावी घमासान में वह पूरी तरह से सक्रिय नजर आये। उन्होंने रोजाना अलग-अलग राज्यों में कई चुनावी रैलियां और रोड-शो किये। चुनावी अभियान के दौरान बिजी शेड्यूल के बावजूद जरूरी बैठक भी करते रहे।



# एनएच पर टोल की दरें 5 से 25 रुपये तक बढ़ीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर स्थित टोल प्लाजा पर रविवार रात 12 बजे से बढ़ी हुई दरें लागू हो गयी हैं। इसको लेकर एनएचएआइ की ओर से सभी टोल प्लाजा के मैनेजरों को निर्देश जारी किये गये हैं। टोल टैक्स पांच से लेकर 25 रुपये तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। कितना टोल बढ़ेगा, इसको लेकर 2 जून की सुबह सूचना आ गयी। ट्रकों, बसों और अन्य व्यावसायिक वाहनों पर उनकी इंजन की क्षमता के हिसाब से दरें बढ़ायी गयी हैं। एनएचएआइ के अधिकारियों ने बताया कि कारों पर कोई टोल नहीं बढ़ाया गया है। कार चालक वही टोल टैक्स देंगे, जो पहले से देते आ रहे हैं।

# सरेंडर के बाद पहले जेल, फिर रिमांड पर केजरीवाल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** अंतरिम जमानत खत्म होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया। इसके बाद उनकी दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई। दरअसल प्रवर्तन निदेशालय ने उनकी कस्टडी मांगी थी। इसे लेकर केजरीवाल की तिहाड़ जेल के अंदर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेशी हुई। ड्यूटी जज संजीव अग्रवाल ने इस मामले में सुनवाई की। इडी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया गया है। इसलिए हम कस्टडी की गुहार लगा रहे हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 5 जून तक के लिए केजरीवाल को इडी की कस्टडी में भेजा है। अब इसके बाद शराब घोटाले में सीएम केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय के सवालों का सामना करना होगा। इडी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के चर्चित शराब घोटाले में मनी लांड्रिंग से जुड़े केस में गिरफ्तार किया है। अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली थी और वह चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर आये थे। केजरीवाल को जेल तक छोड़ने उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और बेटी हर्षिता भी गयी थीं। केजरीवाल के तिहाड़ जेल में जाने के बाद दोनों वहां से लौट आयीं। सरेंडर करने से पहले केजरीवाल ने राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह आम आदमी पार्टी के कार्यालय में भी गये। वहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिना सबूत ही उन्हें जेल में डाला गया है।

# आइएएस मनीष रंजन से आज फिर पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** इडी आइएएस अधिकारी मनीष रंजन से सोमवार को फिर पूछताछ करेगी। इस बीच एजेंसी मनीष रंजन, आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम की प्रॉपर्टी और इनवेस्टमेंट की जानकारी इकट्ठा कर रही है। इडी को अब तक यह जानकारी मिली है कि मनीष रंजन, उनकी पत्नी और पारिवारिक सदस्यों के नाम पर सिर्फ रांची जिले में तीन प्रॉपर्टी खरीदी गयी हैं। इसके साथ ही आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसकी पत्नी के नाम पर भी इनवेस्टमेंट की जानकारी इडी को मिली है। टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग केस की जांच इडी ने तेज कर दी है। अब तक इस केस में आलमगीर आलम, विभाग के अभियंता प्रमुख वीरेंद्र राम, संजीव लाल, जहांगीर समेत कई की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसी केस में आइएएस अधिकारी मनीष रंजन से इडी एक बार पूछताछ भी कर चुकी है और एजेंसी ने उन्हें दोबारा तीन जून को पूछताछ के लिए बुलाया है।

# मतदान खत्म होते ही बंगाल में हिंसा, भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

- भाजपा प्रत्याशी के चुनाव एजेंट के घर के सामने बमबाजी
- तृणमूल नेता के कार्यालय के सामने भी फेंके गये बम
- कोलकाता में भाजपा के बूथ एजेंट के साथ मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** मतदान खत्म होते ही बंगाल के विभिन्न स्थानों पर हिंसा शुरू हो गयी है। राज्य के नदिया जिले के देवग्राम इलाके में शनिवार रात एक भाजपा कार्यकर्ता हाफिजुल शेख की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। वह चांदपुर ग्राम के रहने वाले थे। शनिवार रात हाफिजुल चाय की दुकान पर बैठे थे। उसी समय मोटरसाइकिलों पर सवार होकर कुछ लोग वहां पहुंचे और हाफिजुल पर काफी नजदीक से गोलियां चलायीं। चाकू से भी वार किया और उसके बाद भाग निकले। स्थानीय भाजपा नेतृत्व ने घटना के पीछे राज्य में सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों का हाथ बताया है। दूसरी तरफ तृणमूल ने घटना में हाथ होने से इंकार किया है। वहीं उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा में प्रियांकू पांडे नामक भाजपा नेता के घर के सामने शनिवार देर रात कुछ लोगों ने बमबाजी की। प्रियांकू बैरकपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन सिंह के चुनाव एजेंट हैं। दूसरी तरफ इसी जिले के नैहाटी में एक तृणमूल नेता के कार्यालय के सामने बम फेंके गये। कोलकाता उत्तर में रमेश साव नामक भाजपा के बूथ एजेंट को मारा-पीटा गया।

### संदेशखाली में पुलिस और महिलाओं में झड़प

बशीरहाट संसदीय क्षेत्र के संदेशखाली में शनिवार को हुए मतदान के समय से ही माहौल अशांत है। वहां पुलिस और महिलाओं के बीच रविवार को फिर झड़प हुई। महिलाएं बांस, लाठी और पहसुल लेकर सड़कों पर उतर पड़ीं। गंभीर हालात को देखते हुए वहां बड़ी संख्या में पुलिस, रैफ और केंद्रीय बलों की तैनाती की गयी है। कुछ इलाकों में धारा 144 लागू कर दी गयी है। मालूम हो कि संदेशखाली में मतदान के दिन भाजपा कार्यकर्ता की कुछ लोगों ने पिटाई की थी। आरोप तृणमूल पर लगा था। इसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोगों ने सड़क जाम की थी, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। पुलिस ने जब उन्हें हटाने की कोशिश की थी, तो उनमें झड़प हुई थी। इसमें एक पुलिसकर्मी का सिर फट गया था। पुलिस ने उस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। रविवार को पुलिस एक और आरोपी को पकड़ कर ले जा रही थी। उसी समय बड़ी संख्या में महिलाएं जमा हो गयीं और पुलिस को रोका। इसी दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई। इस बीच राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने संदेशखाली में हुई गड़बड़ी को लेकर राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है।





# एग्जिट पोल के बाद 'कर्मयोगी' मोदी और विपक्षी नेताओं का फर्क

## ■ एक ओर मोदी नये कार्यकाल का रोडमैप तैयार करने के लिए काम में जुट गये

## ■ 'खटाखट-फटाफट-धकाधक' ने डुबो दी राहुल-तेजस्वी-अखिलेश की नाव

**आजाद सिपाही विशेष**

देश में 18वें आम चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जनता का फैसला आने में अब कुछ ही घंटे का वक्त बचा है। अंतिम चरण का मतदान खत्म होने के बाद विभिन्न समाचार चैनलों ने जो एग्जिट पोल के नतीजे बताये हैं, उनसे संकेत मिलता है कि देश में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। इन नतीजों ने विपक्षी खेमे में मायूसी फैला दी है, तो भाजपा के लोग उत्साहित हैं। हालांकि एग्जिट पोल अंतिम नहीं होते, लेकिन इनसे मिले संकेतों ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी जिम्मेदारियों को लेकर कितने गंभीर हैं और उन्हें सत्ता से हटाने की कोशिशों में जुटे इंडी अलायंस के नेता, राहुल गांधी-तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव की तिकड़ी में अब भी गंभीरता की कितनी कमी है। एग्जिट पोल के नतीजों के बाद एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक 'कर्मयोगी' की तरह अपने नये कार्यकाल का रोडमैप तैयार करने के लिए काम में जुट गये हैं, तो दूसरी तरफ यह तिकड़ी अब भी उम्मीदों की डोर थामे हुई है। दरअसल एग्जिट पोल ने पीएम मोदी और विपक्षी नेताओं के काम करने, जनता से संवाद करने और फैसले लेने के अंतर को एक बार फिर साफ कर दिया है। पीएम मोदी यदि अभी से नये कार्यकाल की तैयारी में जुटे हैं, तो इससे देश के प्रति उनकी जिम्मेदारियों की समझ का पता चलता है और यही कारण है कि विपक्ष एक बार फिर 'खटाखट-फटाफट-धकाधक' जैसी भाषा का इस्तेमाल कर मतदाताओं की नजर में विलेन बन गया। आम चुनाव के नतीजे वैसे तो 4 जून को सामने आयेंगे, लेकिन इतना तय है कि यह चुनाव दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सियासी भविष्य का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होनेवाला है। चुनाव परिणाम आने से पहले एग्जिट पोल के आधार पर पीएम मोदी और विपक्षी नेताओं के इसी रवैये के असर का विश्लेषण कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अब अपने मतदाताओं द्वारा सात चरणों में सुनाये गये फैसले के इंतजार में है, लेकिन उससे पहले विभिन्न समाचार चैनलों द्वारा एजेंसियों के साथ मिल कर कराये गये एग्जिट पोल के नतीजों ने देश के भावी राजनीतिक परिदृश्य पर पसरी धुंध की चादर को बहुत हद तक साफ कर दिया है। इन एग्जिट पोल के नतीजों ने बताया है कि देश में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है और विपक्ष की नाव उसके नेताओं द्वारा की गयी अनाप-शनाप बयानबाजी के कारण एक बार फिर मंझधार में डूब गयी है। यह सही है कि एग्जिट पोल अंतिम नतीजे नहीं बताते, लेकिन देश के राजनीतिक मूड को सामने रखते हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है।

### ध्यान से लौटते ही काम में जुटे मोदी

इस बार एग्जिट पोल के नतीजों ने साफ कर दिया है कि देश अपने नेता नरेंद्र मोदी के काम करने के तरीके, फैसला लेने की हिम्मत और उन पर आगे बढ़ने के हौसले के साथ संवाद करने के तरीके का कायल है। प्रधानमंत्री मोदी अपने इसी 'कर्मयोगी' स्वरूप को कई अवसरों पर साबित भी कर चुके हैं। इसलिए इस बार भी 48 घंटे के ध्यान से लौटने के तुरंत बाद वह काम में जुट गये हैं। चुनावी व्यस्तताओं के कारण जो काम बाकी रह गया था, मोदी ने सबसे पहले उन्हें निबटाया और फिर नये कार्यकाल का रोडमैप तैयार करने में जुट गये।

### नये कार्यकाल का रोडमैप तैयार

कन्याकुमारी से लौटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएमओ के अधिकारियों के साथ बड़ी बैठक की है। इस बैठक में नयी सरकार के पहले एक सौ दिन के काम पर चर्चा की गयी है। चुनाव प्रचार में व्यस्त होने से पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियो को होमवर्क दे दिया था। उन्होंने कहा था कि मोदी सरकार 3.0 के पहले एक सौ दिनों के फैसलों का काम नयी सरकार के काम संभालने से पहले पूरा कर लिया जाये। प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियों को बता दिया था कि पहले एक सौ दिनों में ही कई बड़े फैसले लिये जायेंगे। इसके लिए 2029 का इंतजार नहीं करना है। ऐसे में माना जा रहा है कि अधिकारियों ने पहले एक सौ दिन के मोदी सरकार के फैसलों का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। माना जा रहा है कि अगस्त 2024 तक सरकार बड़े फैसले लेगी। सरकार बनने के बाद जुलाई में केंद्रीय बजट पेश किया जायेगा। चुनाव की वजह से इस बार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था।



### प्रमुख नियुक्तियों पर होगा फैसला

नयी सरकार बनने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्कार और एनएसए अजित डोभाल की नियुक्ति हो सकती है। एक महीने के अंदर ही नये थलसेना प्रमुख और इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशकों की भी नियुक्ति की जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के तहत मिलिट्री इंडस्ट्रियल कांप्लेक्स पर मोदी सरकार का फोकस रहेगा। पीएमओ के अधिकारियों ने शपथ के बाद के एक सौ दिन का जो एजेंडा तैयार किया है, उसके अनुसार चुनाव घोषणा पत्र में भाजपा द्वारा किये गये वादों पर भी काम शुरू हो जायेगा। 13 जून को प्रधानमंत्री मोदी जी-7 की बैठक में भी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा पीएम मोदी ने चक्रवात रेमल से मची तबाही और हीट वेव से पैदा हुए हालात की भी समीक्षा की।

### इसलिए लोकप्रियता के शिखर पर हैं मोदी

जिम्मेदारियों के प्रति इसी गंभीरता के कारण पीएम मोदी आज भी लोकप्रियता के शिखर पर हैं। वह काम ही नहीं करते हैं, फैसले भी लेते हैं और उन्हें जमीन पर उतारते भी हैं। इसलिए देश-दुनिया में उन्हें 'कर्मयोगी' कहा जाता है और लोग उनकी गारंटी पर भरोसा करते हैं। आलोचनाओं से बेपरवाह पीएम मोदी अपने काम से काम रखते हैं और उनके सामने केवल देश होता है।

### इसलिए डूबी विपक्ष की नाव

एग्जिट पोल के नतीजों ने विपक्षी खेमे को निराशा के अंधेरे में धकेल दिया है। तमाम कोशिशों के बावजूद इस चुनाव में भी विपक्ष अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो रहा है, जैसा कि एग्जिट पोल के नतीजे बताते हैं। लेकिन अहम सवाल यह है कि विपक्ष को जनता का समर्थन क्यों नहीं मिला। इस सवाल का जवाब बहुत मुश्किल नहीं है। दरअसल विपक्ष हर बार की तरह इस बार भी पीएम मोदी को निशाने पर रखने की गलती करता रहा। उसके द्वारा पहले चरण के मतदान को लेकर आरक्षण और संविधान खत्म करने को लेकर शुरू हुई सियासी लड़ाई 'खटाखट, फटाफट, धकाधक' जैसी सस्ती भाषा तक पहुंच गयी।

### खटाखट, फटाफट, सफाचट और धकाधक

अयोध्या में प्रभु श्रीराम को भव्य मंदिर में स्थापित किये जाने और सीतामढ़ी में मां जानकी के भव्य मंदिर निर्माण कराने के वादे को भी भाजपा ने मुद्दा बनाया। चैत्र नवरात्र में हेलीकॉप्टर में तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी का मछली खाने का वीडियो वायरल होने पर एनडीए ने इसे सनातन से जोड.कर बड़ा मुद्दा बना दिया। हालांकि, अंतिम चरण के मतदान के एन पहले राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव की तिकड़ी की देश में 'खटाखट, फटाफट, सफाचट और धकाधक' जैसी सड़क छाप भाषा ने मतदाताओं की आंखें खोल दीं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सबसे पहले इन शब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद अखिलेश और तेजस्वी के साथ इंडिया गठबंधन के दूसरे नेताओं ने पीएम मोदी पर हमले के लिए इन शब्दों को हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। मंच से तेजस्वी यादव अपनी सभाओं में कहते रहे, मिजाज रखिये टनाटन, टनाटन, टनाटन, मतदान के दिन वोट डालिए खटाखट, खटाखट, खटाखट। 4 जून के बाद भाजपा हो जायेगी सफाचट, सफाचट, सफाचट। नौकरी मिलेगी फटाफट, फटाफट, फटाफट। दीदी के खाते में एक लाख जायेंगे सटासट, सटासट, सटासट।

इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा इस तरह की भाषा का इस्तेमाल लोगों को पसंद नहीं आया। उन्हें पता चल गया कि यह गठबंधन केवल सत्ता हासिल करने के लिए है। दरअसल, भारत का मतदाता आज भी संस्कारों को सबसे अधिक महत्व देता है। इसलिए वह किसी भी ऐसी भाषा को स्वीकार नहीं करता है, जो उसके संस्कार में नहीं है। इंडिया गठबंधन की इस तिकड़ी ने इस तरह की सस्ती भाषा का खूब इस्तेमाल किया, जिसे मतदाताओं ने पूरी तरह नकार दिया।

---

नशे के कारोबार पर पुलिसिया एक्शन

## नदी किनारे से 3.15 करोड़ का डोडा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** चाइबासा पुलिस ने टेबो थाना क्षेत्र के परैया गांव के पास नदी किनारे से 2100 किलो डोडा बरामद किया है। डोडा की कीमत 3.15 करोड़ बतायी जा रही है। एसपी आशुतोष शेखर को गुप्त सूचना मिली थी कि परैया गांव के पास नदी किनारे डोडा जमा कर रखा गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने चाकी नदी के किनारे चेंकिग अभियान चलाया। इस दौरान चाकी नदी के किनारे जंगल झाड़ियों के बीच 83 प्लास्टिक के बोरे में डोडा बरामद हुआ। रविवार को मामले की जानकारी देते हुए एसपी ने बताया कि डोडा को दूसरी जगह भेजने के उद्देश्य से जमा किया गया था।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के सदर थाना क्षेत्र के बड़गाई इलाके में एक नाबालिग से दुष्कर्म की घटना हुई। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम सूरज मुंडा है और वह अनगड़ा इलाके का रहनेवाला है।

## देवनीश किड़ो की निलंबन अवधि की सेवा अटूट नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा से रिटायर अधिकारी देवनीश किड़ो को थोड़ी राहत मिली है। झारखंड हाइकोर्ट के द्वारा पारित आदेश के बाद धनार्जन मामले में निलंबन अवधि 6 फरवरी 2010 से दिनांक 29 मार्च 2016 और दोबारा निलंबित किये गये 7 अप्रैल 2016 से 1 मई 2017 की अवधि तक इस शर्त के साथ सेवा विनियमित की गयी है कि उक्त अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ नहीं मिलेगा। परंतु उक्त अवधि की गणना पेंशन के लिए की जायेगी। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## राजधानी में दिखा हाथी, दहशत में लोग

विधानसभा के पास घूमता नजर आया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में हाथी का आतंक देखने को मिला। जी हां, झुंड से बिछड़ कर एक जंगली हाथी शनिवार देर रात विधानसभा परिसर के पास स्थित खेतों में भटकता नजर आया। जंगली हाथी को खुलेआम घूमता देख कर स्थानीय लोगों के बीच दहशत का माहौल था। हर कोई अलग-अलग तरीके से हाथी को भगाने का प्रयास करता नजर आया। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। इसके बाद विधानसभा थाना प्रभारी प्रदीप ने बताया कि शनिवार रात करीब 12.30 बजे सूचना मिली कि विधानसभा के पास खेत की ओर एक जंगली हाथी आया है। स्थानीय लोग उसे भगाने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और पहले तो सायरन बजा कर हाथी को भगाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। हालांकि देर रात होने और सड़क पर भीड़ न होने के कारण हाथी ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया और स्थानीय लोगों ने धैर्य के साथ हाथी को भगाने में सहयोग किया।



## नक्शा विचलन कर निर्माण हुए भवनों को नहीं हटा रहा प्रशासन : सरयू राय

### हाइकोर्ट ने दिया है कार्रवाई का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक सरयू राय रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के बिल्डिंग बायलॉज का घोर उल्लंघन हो रहा है, जिसके कारण झारखंड हाइकोर्ट ने नक्शा विचलन कर निर्माण हुए भवनों के अवैध भाग को तोड़ने का स्पष्ट निर्देश दिया है, परंतु इस निर्देश के अनुपालन में जिला प्रशासन और जमशेदपुर अक्षेस द्वारा पक्षपातपूर्ण तरीका अपनाया जा रहा है।

जिनकी ऊंची पैरवी है, उनकी तरफ जिला प्रशासन और जमशेदपुर अक्षेस नजर नहीं उठा रहा है, जो अवैध भवन निर्माता सरकार में बैठे लोग, जिनमें मंत्री भी शामिल हैं के दरबार में हाजिरी लगाते हैं, उनके नक्शा विचलन की ओर प्रशासन और अक्षेस का ध्यान नहीं जा रहा है। कुछ अवैध निर्माण को अंशिक रूप से ध्वस्त कर उच्च न्यायालय में गलत प्रतिवेदन सौंपा जा रहा है। झारखंड बायलॉज के सेक्शन 440 में कॉमर्शियल और आवासीय भवनों के कितने हिस्से में पार्किंग रहेगा और कितना हिस्सा सैट बैक छोड़ना पड़ेगा, इसका प्रावधान है। इसके बावजूद जिला प्रशासन और जमशेदपुर अक्षेस इन प्रावधान को लागू किये बिना ही नक्शा पारित कर रहा है। जमशेदपुर अक्षेस में पंजीकृत गलत नक्शा बनाने वाले आर्किटेक्ट पर कोई कारवाई नहीं हो रही है। जिन अधिकारियों ने विगत 10 वर्षों में गलत नक्शा पारित किया है, उन पर तो सेक्शन 438 का उपयोग ही नहीं हो रहा है, जिसमें अनियमितता बरतने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में चल रहे प्रासंगिक मामले में वे हस्तक्षेप करने के लिए तैयार हैं।



## गिरिडीह में बच्चों के निवाले डकार गये

### गिरिडीह पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मध्याह्न भोजन का चावल चुराने के आरोप में चार आरोपितों को भेलवाघाटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों में प्राथमिक विद्यालय कोवाटांड़ का सहायक अध्यापक सुनील कुमार मंडल भी शामिल है। बताया गया कि बीते 30 मई को उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाहीबारी से दस बोरी चावल की चोरी हो गयी थी। स्कूल के प्रधानाध्यापक जेम्स हेंब्रम ने 31 मई को भेलवाघाटी थाना में इसकी शिकायत दर्ज करायी थी। थाने में कांड संख्या 19-24 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गयी। भेलवाघाटी के थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।



आरोपितों में सुनील कुमार मंडल, फ्रांसिस हेंब्रम, सुलेमान हेंब्रम तीनों ग्राम लाहीबारी और मुख्तार अंसारी ग्राम लकड़मरवा शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर गरही स्थित एक दुकान में छापेमारी कर चोरी के चावल भी बरामद कर लिये। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। चारों ने मिल कर शराब के नशे में विद्यालय में घटना को अंजाम दिया और घर का चावल बता कर गरही स्थित दुकान में बेच दिया।

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर महिला से 29.94 लाख की ठगी

### सीआइडी ने साइबर ठग को हरियाणा से किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीआइडी के साइबर क्राइम थाना ने साइबर ठगी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित वीरेंद्र की गिरफ्तारी हरियाणा के कैथल जिले के रजौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत संतोख माजरा गांव से हुई है।

इसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल और दो सिम, एसकेएम मैन्युफैक्चर प्रोपराइटर के मोंटी के नाम का आधार कार्ड के साथ पैनकार्ड बरामद किया गया है। डीएसपी नेहा बाला ने रविवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना में पीड़ित महिला ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया। महिला से कहा गया कि आपको इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाईम जॉब ऑफर किया गया है। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला। इसके बाद साइबर ठग ने महिला को टेलीग्राम आइडी के माध्यम से संपर्क कर टास्क और हाइअर रेटिंग के लिए संपर्क किया गया। इस टेलीग्राम प्रोफाइल के माध्यम से दिये गये टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओं में पैसे डालने को बोला गया। इसके बाद उनसे एक वेबसाइट एकाउंट बनाने बोला गया, जहां महिला के इंवेस्टमेंट का प्रॉफिट दिखायी देता था, लेकिन महिला को प्रोफिट नहीं मिला। इस प्रकार से महिला से 29 लाख 94 हजार 50 रुपये रुपये की ठगी कर ली गयी। डीएसपी ने बताया कि अनुसंधान के दौरान मामले में प्रयुक्त फर्जी इंवेस्टमेंट वेबसाइट का आइपी एड्रेस सिंगापुर, चीन, टोक्यो और जापान का पाया गया। साथ ही फाइनेंशियल ट्रेल एनालिसिस में फेक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड बैंक एकाउंट दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश के बैंक खाता पाया गया। इसमें करोड़ों रुपये के ट्रांजेक्शन किये गये थे। जांच में इन बैंक खाताओं से हुए ट्रांजेक्शन के आइपी एड्रेस का मूल स्थान हांगकांग और चीन में पाया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में सभी बैंक खाताओं में नौ लाख 36 हजार को फ्रीज करवा दिया गया। बता दें कि पूर्व में इसी मामले में रविशंकर की गिरफ्तारी 30 मई को दिल्ली से सीआइडी की टीम ने की थी।

## दिल्ली में बैठक के बाद रांची पहुंचे सीएम चंपाई और कल्पना सोरेन, कहा

# 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली में इंडिया अलायंस की बैठक में हिस्सा लेने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ कल्पना मुर्मू सोरेन और झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य रविवार की शाम रांची पहुंचे। इस दौरान एग्जिट पोल्स के सवाल पर कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि 4 जून का इंतजार कीजिये। अभी कुछ बोलना जल्दबाजी होगी। हालांकि, एग्जिट पोल्स के मीडिया में आ रहे आकड़ों और रुझानों पर कल्पना ने कुछ भी बोलने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 4 जून का परिणाम



चौंकाने वाला साबित हो सकता है। प्रतीक्षा कीजिये।

**झारखंड में 10 सीटें जीत रहा इंडिया गठबंधन- सुप्रियो :** एयरपोर्ट पहुंचे झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भी एग्जिट पोल्स पर आपत्ति जतायी। उन्होंने कहा कि यह एग्जिट पोल्स बीजेपी को बाहर का रास्ता दिखाने वाला साबित होगा और गठबंधन सरकार की एंट्री होगी। सुप्रियो ने मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि गोदी मीडिया बीजेपी को कहीं 350 तो कहीं 400 सीटें दिखा रही हैं। सुप्रियो ने झारखंड में 10 सीटों पर चुनाव जीतने का दावा किया। कहा, इंडिया गठबंधन 295 से अधिक सीट लाने जा रही है।

### 295 सीट जीत रहा है इंडिया गठबंधन : चंपाई सोरेन

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रांची एयरपोर्ट पहुंचते ही मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली गये थे। उन्होंने बताया कि बैठक में 4 जून के परिणाम पर चर्चा की गयी। इसके साथ उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन 4 जून को 295 से अधिक सीटें लाकर सरकार बनाने जा रहा है। चंपाई सोरेन ने एग्जिट पोल्स के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि उन्हें इस पर भरोसा नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर भी उनसे सवाल पूछा गया। इसपर उन्होंने कहा कि इसपर 4 जून को परिणाम आने के चर्चा होगी।

# राजेश ठाकुर बोले : एग्जिट पोल के सहारे साइकोलॉजिकल हमला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में शिरकत करने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने झारखंड की पूरी चुनावी स्थिति की जानकारी दी। कहा कि एग्जिट पोल के माध्यम से साइकोलॉजिकल हमला करने का प्रयास किया गया है। इससे कोई फर्क नहीं पड़नेवाला है। झारखंड में हम पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़े हैं। हम पिछली बार के मुकाबले बहुत ही अच्छी स्थिति में हैं। इस बार हम 2019 के मुकाबले अधिकांश सीटों पर जीत दर्ज कर रहे हैं। एग्जिट पोल और एक्जैक्ट पोल में अंतर है। श्री ठाकुर ने कांग्रेस उम्मीदवारों के अलावा इंडी गठबंधन की अन्य सीटों के बारे में भी विस्तृत रूप से समीकरणों सहित जानकारी दी। कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को भी निर्देश दिया गया है कि चुनाव



परिणाम के दिन मतगणना केंद्र के पास भी उपस्थित रहें। सभी जिलों में स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि किसी भी तरह की गड़बड़ी की स्थिति में प्रदेश कांग्रेस के वार रूम में अविलंब सूचना दें, ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके।

# अमित शाह पर आरोप लगा कर घिरे कांग्रेस नेता जयराम रमेश

## चुनाव आयोग ने 150 डीएम की डिटेल देने को कहा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिलाधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की। रमेश को भेजे गये पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम सात बजे तक अपने दावों की डिटेल शेयर करें। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस नेता ने अब तक इसका जवाब नहीं दिया है।

आयोग ने कहा कि आज तक किसी भी जिला मजिस्ट्रेट ने किसी भी अनुचित प्रभाव का अनुभव करने की सूचना नहीं दी है। हालांकि चुनाव निकाय ने एक वरिष्ठ नेता की तरफ से लगाये गये आरोपों की गंभीरता को देखते हुए 'व्यापक जनहित' में इस मुद्दे को सुलझाने के लिए विशिष्ट विवरण प्राप्त करने पर जोर दिया। पत्र में कहा गया है कि मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक आरओ (रिटर्निंग ऑफिसर) पर डाला गया एक पवित्र कर्तव्य है। ऐसे में एक वरिष्ठ, जिम्मेदार और अनुभवी नेता की तरफ से इस तरह के सार्वजनिक बयान संदेह का तत्व पैदा करते हैं और इसलिए व्यापक जनहित में दूर किये जाने योग्य हैं। इसमें कहा गया है कि हालांकि किसी भी डीएम ने किसी भी तरह के अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है, लेकिन चुनाव आयोग ने जयराम रमेश से 150 डीएम के डिटेल और सूचना मांगी है, जिन पर अमित शाह ने प्रभाव डाला है, जैसा कि रमेश ने आरोप लगाया है। रमेश इसे सच मानते हैं और इस प्रकार उन्होंने ये आरोप लगाये हैं।

जयराम के एक्स पोस्ट का हवाला निर्वाचन आयोग ने एक जून को 'एक्स' पर जयराम रमेश के पोस्ट का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि निवर्तमान गृह मंत्री जिला अधिकारियों/कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं। अब तक उन्होंने इनमें से 150 से बात की है। यह खुलेआम और निर्लज्ज धमकी है, जो दिखाती है कि भाजपा कितनी हताश है। यह स्पष्ट हो जाये कि लोगों की इच्छा की जीत होगी और चार जून को मोदी, शाह और बीजेपी बेदखल हो जायेगी। इंडिया जनबंधन की जीत होगी। अधिकारियों को किसी भी दबाव में नहीं आना चाहिए और संविधान को कायम रखना चाहिए। वे निगरानी में हैं।

# सातवें चरण के तहत तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का मतदान प्रतिशत 70.88 रहा : के रवि कुमार

## झारखंड के सभी 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुआ 66.49 प्रतिशत मतदान

- 8 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 से अधिक हुआ मतदान
- 12 लोकसभा क्षेत्रों के मतदान में महिलाओं का रहा दबदबा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि सातवें चरण के चुनाव में तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में संपन्न मतदान के बाद सभी पोलिंग पार्टी लौट आये हैं। सभी इवीएम स्क्रूटनी के बाद स्ट्रांग रूम में सील कर दिये गये हैं। सभी मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि राजमहल, दुमका और गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 70.88 प्रतिशत मतदान हुआ है। उसमें राजमहल में 70.78




प्रतिशत, दुमका में 73.87 प्रतिशत और गोड्डा में 68.63 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसी तरह झारखंड के सभी 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का मतदान प्रतिशत 66.49 प्रतिशत रहा है। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में मीडिया से मुखातिब थे।

उन्होंने बताया कि 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार 2024 के चुनाव में झारखंड के 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से 8 में अधिक मतदान हुआ है। जिन 6 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 की तुलना में कम मतदान हुआ है, वह सभी बिहार राज्य की सीमा से जुड़े क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि संभावना है कि उस इलाके में पलायन आदि कारणों से ऐसा हुआ है। मतदान से जुड़ी एक रोचक जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से 12 में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया है। सिर्फ रांची और जमशेदपुर में पुरुष मतदाताओं ने महिलाओं से अधिक मतदान किया है, लेकिन उसका अंतर भी मामूली रहा है। वहीं 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत पड़ने वाले 68 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया है। सिर्फ 13 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं से अधिक पुरुषों ने मतदान किया है।

उन्होंने बताया कि सभी 14 केंद्रों पर मतगणना की तैयारी जारी है। 4 जून को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। नियमित अंतराल पर हर राउंड के नतीजे की घोषणा होती रहेगी। उन्होंने बताया कि संभावना है कि शाम चार बजे तक मतगणना पूरी हो जायेगी। नतीजे ऑनलाइन भी देखे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे चुनाव के दौरान तीन पुलिसकर्मी, 2 ड्राइवर और एक चुनावकर्मी की अलग-अलग कारणों से मौत हुई है। सभी के परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 135 करोड़, 29 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। सातवें चरण के मतदान के दिन 1 जून को भी 34.19 लाख रुपये की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

# उग्रवाद और अपराध झारखंड के विकास में बाधक: मुस्तफा अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** समाज सेवी मुस्तफा अंसारी राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रहे अपराध से चिंतित हैं। उनका कहना है कि जब तक उग्रवाद और अपराध पर नियंत्रण नहीं लगेगा, तब तक झारखंड के विकास में बाधा आती रहेगी। उन्होंने हाल ही में राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में घटी आपराधिक घटनाओं पर आजाद सिपाही संवाददाता के साथ अपनी चिंता-व्यथा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन दिनों झारखंड में उग्रवाद और अपराध चरम पर है। विशेष कर राजधानी की जनता दहशत में है। उग्रवाद की घटना लगातार बढ़ने से झारखंड में निवेश प्रभावित हो रहा है। खनिज संपदा से भरे होने



के कारण भी इन्हीं सब कारणों से झारखंड पिछड़ता जा रहा है। मैक्लुस्कीगंज में केबल बिछाने का काम बीएसएनएल कंपनी को दिया गया है। कंपनी की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया। सरकार को इस पर चिंतन करने की जरूरत है। जनहित में काम हो, जनता भयमुक्त हो, इसी उद्देश्य से जनता चिलचिलाती धूप में घंटों खड़ा रह कर अपना नुमाइंदा चुनती है। अपराध जगत की चर्चा की जाये, तो राजधानी में बाइकर्स गैंग ने रातू रोड में बुधवार को दिनदहाड़े बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे रंजीत सिंह से रुपये भरा थैला छीन लिया। इसके अलावा उपराष्ट्रपति के निजी सचिव रहे अशफाक की पत्नी से चेन की छिनतई हो गयी। यह घटना हिंदपीढ़ी सेंट्रल स्ट्रीट क्यूबा अपार्टमेंट के नजदीक की है। इस घटना को देखने से लगता है कि उग्रवाद और अपराध पर पुलिस का नियंत्रण कमजोर हो रहा है। आमजन का विश्वास भी पुलिस-प्रशासन से उठ रहा है। इसका सीधा लाभ उग्रवाद और अपराध करनेवाले उठा रहे हैं। झारखंड में उग्रवाद और अपराध का बढ़ना भी भ्रष्टाचार का मुख्य कारण जैसा लगता है। शिक्षित बेरोजगार युवक, जिन्हें रोजगार नहीं मिलने के कारण मुख्यधारा से भटक कर उग्रवाद और अपराध का रास्ता तलाश रहे हैं, जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। साथ ही साथ समर्पण नीति ठीक नहीं है। समर्पण नीति के कारण ही उग्रवाद और अपराध झारखंड में बढ़ रहा है। सरकार को चाहिए कि समर्पण नीति के स्थान पर शक्ति नीति अपनाये। जब तक उग्रवाद और अपराध में लिप्त व्यक्ति पर पुलिस-प्रशासन का भय नहीं होगा, तब तक उग्रवाद और अपराध पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता है। जब पुलिस-प्रशासन की सख्त कार्रवाई दिखने लगेगी, तब आम जनता का सहयोग भी मिलने लगेगा। दो दिन पूर्व एक बार में घटी घटना से रांचीवासी दहशत में हैं। जब अभिषेक सिंह ने रात में सामने से संदीप प्रमाणिक की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर 15 घंटे के अंदर ही अपराधी को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन अपराध पुलिस के नियंत्रण से बाहर है। वहीं गुमला में सात-आठ घरों में पर्चा साट कर बिग बॉस के नाम से दो-दो लाख रुपये मांगे गये हैं। इस तरह की घटना पर अंकुश लगाया जाना चाहिए।

## पेज 01 का शेष

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प ...



साथियों,

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वाभाविक रूप से होता था।

कश्मीर से कन्याकुमारी... ये हर देशवासी के अंतर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है, जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर मां शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा क, जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे।

कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहां एक और महान संगम दिखता है- भारत का वैचारिक संगम!

यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएं यहाँ राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है।

कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना तिरुक्कुरल तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा।

साथियों,

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था- Every Nation Has a Message To deliver, a mission to fulfil, a destiny to reach.

भारत हजारों वर्षों से इसी भाव के साथ सार्थक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ता आया है। भारत हजारों वर्षों से विचारों के अनुसंधान का केंद्र रहा है। हमने जो अर्जित किया उसे कभी अपनी व्यक्तिगत पूंजी मान कर आर्थिक या भौतिक मापदंडों पर नहीं तौला। इसीलिए, 'इदं न मम' यह भारत के चरित्र का सहज एवं स्वाभाविक हिस्सा हो गया है।

भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आजादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतंत्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन, भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला।

आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, aspirational district, aspirational block जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है। गरीब के सशक्तिकरण से लेकर लास्ट माइल डिलीवरी तक, समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देने के हमारे प्रयासों ने विश्व को प्रेरित किया है। भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व technology के इस democratization को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं।

आज भारत की प्रगति और भारत का उत्थान केवल भारत के लिए बड़ा अवसर नहीं है। ये पूरे विश्व में हमारे सभी सहयात्री देशों के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है। जी-20 की सफलता के बाद से विश्व भारत की इस भूमिका को और अधिक मुखर होकर स्वीकार कर रहा है। आज भारत को ग्लोबल साउथ की एक सशक्त और महत्वपूर्ण आवाज के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत की ही पहल पर अफ्रीकन यूनियन जी-20 ग्रुप का हिस्सा बना। ये सभी अफ्रीकन देशों के भविष्य का एक अहम मोड़ साबित हुआ है।

साथियों,

नये भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गंवाये बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नये स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है।

हमें भारत के विकास को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखना होगा, और इसके लिए ये जरूरी है कि हम भारत के अंतर्भूत सामर्थ्य को समझें। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका संपूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है, जहां से हमें पीछे मुड़ कर नहीं देखना है।

21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है। और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें reform को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत reform को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में reform की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे reform 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें ये भी समझना होगा कि किसी भी देश के लिए reform कभी एकाकी प्रक्रिया नहीं हो सकती। इसीलिए, मैंने देश के लिए reform, perform और transform का विजन सामने रखा। reform का दायित्व नेतृत्व का होता है। उसके आधार पर हमारी ब्यूरोक्रेसी perform करती है और फिर जब जनता जनार्दन इससे जुड़ जाती है, तो transformation होते हुए देखते हैं।

भारत को विकसित भारत बनाने के लिए हमें श्रेष्ठता को मूल भाव बनाना होगा। हमें Speed, Scale, Scope और Standards, चारों दिशाओं में तेजी से काम करना होगा। हमें मैन्युफैक्चरिंग के साथ-साथ क्वालिटी पर जोर देना होगा, हमें zero defect- zero effect के मंत्र को आत्मसात करना होगा।

साथियों,

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है।

हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुए अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा।

हमें एक राष्ट्र के रूप में पुरानी पड़ चुकी सोच और मान्यताओं का परिमार्जन भी करना होगा। हमें हमारे समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से, Professional Pessimists के दबाव से बाहर निकालना है। हमें याद रखना है, नकारात्मकता से मुक्ति, सफलता की सिद्धि तक पहुंचने के लिए पहली जड़ी-बूटी है। सकारात्मकता की गोद में ही सफलता पलती है।

भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है। जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवें दशक को अपनी आजादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है।

स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आजाद हो गया।

आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नये भारत की सुदृढ़ नींव बन कर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देख कर ये कह सकता हूं कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिल कर चलें, भारत को विकसित बनायें।

**(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।)**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री कृष्ण भंडारा, सत्संग भजन भक्तिभाव से संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। परमहंस संत शिरोमणि डॉ श्रीश्री 108 सदानंद के आशीर्वाद से एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम में भंडारा और सत्संग भजन संपन्न हो गया। अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, संयोजक विशाल जालान के नेतृत्व में अशोक कुमार, मुन्नी देवी, ऋतविक अग्रवाल, अंकित, डिंपल अग्रवाल, के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्री राज श्यामा महारानी को भंडारे का भोग अर्पित कर आरती उतारी गयी। मंदिर परिसर प्राणनाथ प्यारे की जय जय... राज श्यामा महाराज की जय.. गुरु जी सदानंद जी महाराज के जय जयकारों से गुंजमान हो रहा था। संस्था के निर्मल जालान सज्जन पाडिया, चिरंजीलाल खंडेलवाल ने भगवान के दर पर भोग लगाते हुए यह भजन गायन कर भोग लगाया। आवत आज सखी मन मोहन सुन मोरो जीयो हर्षा रे बालो जीयो हर्षा रे, तोरन बंध बसे हैं भवन में मोतियो चोख पुराने रे बालो चोखियन भोग पुराने रे बालो...के लोकप्रिय भजन का गायन किया गया।

### पर्यावरण और अध्यात्म का है गहरा संबंध: निर्मला बहन



रांची (आजाद सिपाही)। पर्यावरण और अध्यात्म का गहरा संबंध है। आध्यात्मिकता हमें प्रकृति और आत्मा के संबंध का अनुभव कराती है, लेकिन वर्तमान समय में प्रकृति और अध्यात्म का समन्वय बिगड़ गया है। उक्त बातें ब्रह्माकुमारी संस्थान की संचालिका निर्मला बहन ने कहीं। रविवार को हरमू रोड स्थित संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस पर शांति और सद्भाव का वातावरण बनायें। मौके पर बाल कलाकारों ने पर्यावरण थीम पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सब का मन मोहा। पीसीसीएफ एनके सिंह, एमपीसीसीएफ अशोक कुमार, डॉ अविनाश, इनर व्हील क्लब की पूर्व अध्यक्षा तनूजा अधिकारी, उप आयुक्त स्टेट टैक्स विभाग मीरा कुमारी, पटेल बीएड कॉलेज की प्रचार्या अनुराधा समेत अन्य ने हिस्सा लिया।

### स्वामी भावेशनंद ने गोशाला में किया गो पूजन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची गोशाला न्यास में रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भावेशनंद ने गो पूजन और सेवा कर गो माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद रांची गोशाला के मुख्य द्वार पर राधाकृष्ण की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया। अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार ने पुष्पगुच्छ और रतन जालान ने अंग वस्त्र देकर अभिनंदन किया। पुनीत कुमार पोद्दार ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वामी जी ने कहा कि उन्हें रांची गोशाला आने का और गो सेवा करने का स्वभाग्य मिला। वह यहां आकर अत्यंत आनंदित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदीप राजगढ़िया, किशोरी लाल चौधरी, प्रदीप राजगढ़िया, एसएन राजगढ़िया, राजेंद्र बंसल, सुरेश जैन, प्रेम मित्तल, मनीष लोधा, कमल खेतावत, गजानंद अग्रवाल, ओपी लाल, भरत बगड़िया, मुरारी अग्रवाल, प्रमोद बजाज, वासुदेव भाला समेत अन्य उपस्थित थे।

### आरोपी के परिजनों को मिला मुआवजा

रांची (आजाद सिपाही)। मानव तस्करी, दुष्कर्म और अपहरण सहित अन्य मामलों में सजा काट रहे सुशील खाखा की मौत 23 जुलाई 2019 को रिम्स में इलाज के दौरान हो गयी थी। मानवाधिकार आयोग की अनुशंसा के बाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने सिमडेगा डीसी को सुशील खाखा के परजिनों को पांच लाख का मुआवजा देने का निर्देश दिया। मुआवजा राशि सुशील खाखा की पत्नी प्रभा खाखा को दी जायेगी। सुशील खाखा सिमडेगा जिला के कुरडेग थाना क्षेत्र के नवापाड़ा गांव का रहनेवाला था। उसे साल 2016 में मानव तस्करी, दुष्कर्म और अपहरण सहित अन्य मामलों में कोर्ट ने दोषी पाकर सजा सुनायी थी। पहले उसे सिमडेगा जेल में रखा गया था, लेकिन फरवरी 2019 में उसे सिमडेगा जेल से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार लाया गया था। जुलाई माह में अचानक तबीयत खराब होने पर उसे इलाज के लिए रिम्स लाया गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी थी।

### ब्लू पौंड में डूबे नाबालिग का शव मिला

रांची (आजाद सिपाही)। तुपुदाना ओपी इलाके में पांच दिनों के बाद ब्लू पौंड में डूबे नाबालिग का शव बरामद कर लिया गया है। रिम्स में शव का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक की पहचान अंश अनुग्रह किंडो के रूप में की गयी थी। जानकारी के अनुसार अंश अपने दो दोस्तों अमन कुमार महतो और आशीष हेंब्रम के साथ मंगलवार को ब्लू पौंड में नहाने गया था। इसी क्रम में डूबने से उसकी मौत हो गयी। मृत छात्र ग्रीन गार्डेन हेसाग का रहने वाला था। मृतक हेसाग हटिया स्थित संत चार्ल्स स्कूल में 11वीं का छात्र था।




रविवार को को योग ज्ञान गीता सत्संग की तरफ से झुग्गी-झोपड़ी वाले बच्चों के लिए निःशुल्क समर कैंप लगा। जिसमें बच्चों को डांसिंग, पेंटिंग, गेम्स और अन्य ऐक्टीविटी सिखायी गयी। ये कार्यक्रम सुमन साबू की तरफ से आयोजित किया गया।

# सिटी बस ने बाइक सवार को रौंदा, विरोध में एनएच 75 जाम

## बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा युवक बाल-बाल बचा

**3 घंटे जाम की वजह से वाहनों की लग गयी कतार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के तिलता में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। घटना रविवार की सुबह लगभग 10:30 बजे की है। दुर्घटना में बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। जिसका इलाज रातू सीएचसी में कराने के बाद छुट्टी दे दी गयी। मृत युवक की पहचान पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के कोनवाई गांव का रहने वाले बृजनाथ सिंह के 22 वर्षीय पुत्र संगम सिंह के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक युवक संगम सिंह टाइल्स मिस्त्री था और रातू रवि स्टील में रहता था। रोजाना की तरह रविवार को अपनी पल्सर बाइक जेएच013 एएल-7183 में सवार होकर अपने दोस्त झखराटांड़ निवासी



धनंजय कुमार के साथ काम पर जा रहा था। इसी उपरांत तिलता हॉट लिप्स रेस्टोरेंट के पास बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से आ रहे बसंत नामक सिटी बस के पास गिर गयी। जिससे बाइक चला रहा युवक धनंजय दूसरी ओर व बाइक में पीछे बैठा संगम बस के पिछले हिस्से में गिर गया और बस ने संगम को कुचल दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं धनंजय को हल्की चोट आयी। स्थानीय लोगों ने पीछा कर बस को पकड़ा व बस तथा चालक को पंडरा थाने के हवाले कर दिया।

### मुआवजे की मांग को लेकर जाम

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने मुआवजा तथा बस के मालिक व चालक को बुलाने की मांग को लेकर शव के साथ एनएच 75 को जाम कर दिया। करीब 3 घंटे तक सड़क जाम रहा। इस दौरान रांची से रातू आने वाले सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे। वहीं डाल्टेनगंज मार्ग से रांची जाने वाले वाहनों को तिलता रिंगरोड से कटहल मोड़ की ओर मोड़ दिया गया। बस मालिक की ओर से मृतक के परिजनों को 50 हजार दिया गया। वहीं अंचल अधिकारी के आदेश पर परिजनों को एक लाख देने की बात कही गयी। ये मुआवजा सरकारी प्रक्रिया के बाद दिया जायेगा

### पुलिस बल प्रयोग के बाद हटा जाम

पुलिस के काफी समझाने के बाद भी जब लोग शव को उठाने से मना करने व सड़क जाम को हटाने से मना कर दिये तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सड़क जाम को हटाया और वाहनों का परिचालन शुरू कराया। जाम हटते ही पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। परिजनों ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

# वुडबॉल प्रतियोगिता: पीयूष अंकित, नीतू ने दिखाया दम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला वुडबॉल संघ और डांस वांस के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्व राजेंद्र प्रसाद मिश्र मेमोरियल वुडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को जयपाल सिंह स्टेडियम में किया गया। इसमें 70 वुडबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जीसी बासुकी, जीतेंद्र भदानी और मानवेंद्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। समापन समारोह के दौरान अधिवक्ता पीके लाला, समाजसेवी जयशंकर मिश्र, लक्ष्मी मिश्रा, गरिमा फाउंडेशन की अध्यक्षा सोहनी राय, भाजपा खेल प्रकोष्ठ महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी उपस्थित थे। झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के सचिव गोविंद झा, युवा नाट्य संगीत एकाडमी के निदेशक ऋषिकेश लाल, सूरज पांडेय, दीपक वर्मा, साक्षी प्रिया ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।

**प्रतियोगिता के परिणाम**

मिक्स इवेंट
प्रथम-पियूष कुमार
द्वितीय-प्रिंस कुमार
तृतीय-शानवी सिंह
सीनियर बालक वर्ग
प्रथम-अंकित कुजूर
द्वितीय-शुभम कुमार शर्मा
तृतीय-आशुतोष कुमार
सीनियर बालिका वर्ग
प्रथम-नीतू मांझी
द्वितीय-प्रभा मांझी
तृतीय-अनीशा कुजूर
बेस्ट स्कोरर- अंकित कुजूर

# हरियाणा संघ : तीन महीने के लिए संचालन कमेटी बनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हरियाणा संघ की बैठक अग्रसेन भवन स्थित महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में विनोद जैन की अध्यक्षता में हुई। कार्यकारी सचिव रमन शर्मा ने कार्यों से सभा को अवगत कराया। विनोद जैन ने नयी कार्यसमिति के गठन की प्रक्रिया के लिए आमंत्रित भी किया। इसके बाद रमेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में 11 सदस्यों की संचालन कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। इसमें विनोद जैन, अरुण शर्मा, श्याम बिहारी गोयनका, अनिल अग्रवाल, सुनील गुप्ता, प्रमोद सारस्वत, अमित शर्मा रिंकू, दीपेश निराला, हरि




कनोडिया, राजेश कौशिक हैं। समिति अगले 3 महीने के लिए विविध कार्यों के अलावा सदस्यता विस्तारण, सदस्यता शुल्क, संरक्षक सदस्य के संपादन के लिए अधिकृत रहेगी। सितंबर के बाद हरियाणा संघ कार्यसमिति के लिए चुनाव कराया जायेगा। बैठक में लक्ष्मीचंद दीक्षित, सत्यनारायण शर्मा, दयानंद शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सोमनाथ शर्मा, वेद प्रकाश छापड़िया, नवल शारदा, नंदकिशोर आर्य, जयप्रकाश मित्तल, सुभाष चंद्र पिलानी, घनश्याम शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, किशन लाल शर्मा, धर्मचंद शर्मा, प्रदीप शर्मा, महेंद्र शर्मा, लकी शर्मा, अमित शर्मा, अरुण शर्मा मौजूद थे।

# हटिया-झारसुगुड़ा सहित 14 ट्रेनें 5 जून को रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले कंशबहाल और राजगांगपुर स्टेशनों के बीच स्थित फाटक नंबर 221 में 5 जून को रेलवे आठ घंटे का ब्लॉक लेकर नार्मल हाइट सबवे का निर्माण कार्य करेगा। इस वजह से दक्षिण पूर्व रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली 14 ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है, जबकि सात ट्रेनों को रिशिडयूल कर चलाने और तीन ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट कर चलाया जायेगा। 5 जून को सुबह 10 बजे से लेकर शाम छह बजे तक काम चलेगा।

**ये ट्रेनें रद्द**

टाटानगर-इतवारी.टाटानगर एक्सप्रेस
राउरकेला-झारसुगुड़ा-राउरकेला मेमू स्पेशल
टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस
राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस
राउरकेला-जगदलपुर-राउरकेला इंटरसिटी एक्सप्रेस
हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया मेमू
राउरकेला-गुनुपुर-राउरकेला राज्य रानी एक्सप्रेस

# कभी तेरा दामन न छोड़ेंगे हम...

**श्री श्याम मंदिर में अचला एकादशी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंदिर में रविवार को अचला कृष्ण पक्ष की एकादशी भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र पहना कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल-पीला, गुलाब, बेला, रजनीगंधा, गेंदा से श्री श्याम प्रभु का अनुपम श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली और शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया गया। कभी तेरा दामन न छोड़ेंगे हम, दरबार है निराला खाटू के श्याम का... भजन की धुन पर भक्तगण श्याम गंगा में गोते लगाते रहे। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में



गोपी किशन ढांढनीया, चंद्र प्रकाश बागला, रमेश सारस्वत, धीरज बंका, सुदर्शन चितलंगिया, बालकिशन परसरामपुरिया, अरुण धनुका, जीतेश अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, विकाश पाडिया, अजय साबू, नितेश लाखोटिया समेत अन्य उपस्थित थे।

# लावारिसों की वारिस है मुक्ति संस्था

**रिम्स में पड़े 31 शवों का किया दाह संस्कार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी तट पर 31 लावारिस शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्यों ने दाह संस्कार से पूर्व मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद सभी शवों को मुखाग्नि दी गयी। नौ सालों से लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर रही संस्था कई दिनों से इन शवों के दाह संस्कार की तैयारी कर रही थी।

रिम्स में कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद मोर्चरी में पड़े सभी शवों को ट्रैक्टर से जुमार नदी तट पर लाया गया। इनमें से कई शव गल गये थे। इसलिए उन शवों को प्लास्टिक में सील कर दिया



गया था। इसके बाद जुमार नदी के तट पर एक साथ 31 चिता सजा कर विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। संस्था ने अब तक 1754 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया है। पुलिस ने इन 31 लवारिस शवों की पहचान के लिए काफी प्रयास किया। कई बार विज्ञापन भी निकाले, लेकिन इन शवों की पहचान नहीं हो सकी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने सभी शवों को मुखाग्नि दी। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। इस मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, रतन अग्रवाल, आशीष भाटिया, आरके गांधी, हरीश नागपाल, सौरभ बथवाल, संदीप पपनेजा, कमल चौधरी, आदित्य राजगढ़िया, राजा गोयनका, नीरज खेतान, केसी चौधरी, गौरी शंकर शर्मा, सीताराम कौशिक, पंकज मिढ़ा, राहुल जयसवाल, राहुल चौधरी, सुनील अग्रवाल, अरुण कुटरियार, संजय कुमार अग्रवाल, गौरव केडिया समेत अन्य मौजूद थे।

## मौसम : 18 जिलों में वर्षा-वज्रपात, नौ जिलों में लू

# नौतपा खत्म: अब कहीं हीट वेव, तो कहीं बारिश

**राजधानी में फिर झुलसायेगी गर्मी, तापमान 40 डिग्री के पार होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में आनेवाले दिनों में कहीं हीट वेव तो कहीं बारिश और ठनका गिरेगा। राज्य के 18 जिलों में वर्षा और वज्रपात के साथ नौ जिलों में लू चलने की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। रविवार को मौसम विभाग ने अगले चार दिन के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया, जिसमें एक दिन तेज हवाओं के साथ वर्षा-वज्रपात होने की चेतावनी दी गयी है। इसके बाद तीन दिन तक उष्ण लहर चलेगी। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया



है कि 3 जून को उत्तर-पूर्वी, मध्य और दक्षिणी झारखंड में कहीं-कहीं गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की आशंका है। इन जगहों पर 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। उत्तर-पूर्वी हिस्से में देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले आते हैं, जबकि दक्षिणी झारखंड में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा और मध्य झारखंड में रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी और रामगढ़ जिले आते हैं। इधर, रविवार को नौतपा का प्रकोप भी खत्म हो गया।

### पलामू-गढ़वा और चतरा में चलेगी लू

मौसम विभाग के मुताबिक 4 जून को गढ़वा, पलामू और चतरा जिलों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जायेगी। लोगों को प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ेगा। इसके बाद के दो दिन यानी 5 और 6 जून को 9 जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। कहा गया है कि गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, हजारीबाग और कोडरमा जिलों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति रहेगी।

### आज भी रांची में बादल छाये रहेंगे

राजधानी रांची में 3 जून को आंशिक बादल छाये रहेंगे। गरजने वाले बादल भी बन सकते हैं। इसके बाद 4 जून से आसमान साफ हो जायेगा। इसके साथ ही रांची का तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ जायेगा और लू चलने लगेगी। 4 जून से 6 जून तक राजधानी रांची में लू चलेगी। अधिकतम तापमान 40 से 41 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहने का अनुमान है।

# सोशल मीडिया से नाबालिग को प्यार के जाल में फंसाता था अमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोशल मीडिया से नाबालिग लड़की को प्यार के झांसे में फंसा कर गलत काम करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रेलवे पुलिस फोर्स की टीम ने रविवार को अमित दास नाम के युवक को रांची स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से पकड़ा है। अमित दास नाबालिग लड़कियों को सोशल मीडिया के जरिये फंसा कर उसके साथ गलत काम कर छोड़ देता था। अमित मूल रूप से ओड़िशा के नवरंगपुर जिले के उमरकोट थाना क्षेत्र स्थित अशोक मार्ग रोड के वार्ड नंबर 3 का रहने वाला है। आरपीएफ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी दिगंजय शर्मा ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अमित दास पहले भी एक नाबालिग लड़की के साथ अय्याशी मामले में जेल जा चुका है। ओड़िशा के जेल में कई महीने रहने के बाद वह बाहर निकला था।

### तीन नाबालिग को बना चुका है शिकार

अमित सोशल मीडिया पर नाबालिग लड़कियों को प्यार के झांसे में फंसाता था, फिर अपने शौक पूरा करता था। अमित अभी तक तीन नाबालिग लड़कियों को अपनी हवस का शिकार बना चुका है। ओड़िशा पुलिस ने रांची के रेल मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार को सूचना दी थी कि अमित नाम के युवक ने लड़की का अपहरण कर लिया है। वह रांची रेलवे स्टेशन पर है। सूचना मिलते ही मंडल सुरक्षा आयुक्त ने निरीक्षक दिगंजय शर्मा को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद रांची स्टेशन पर तलाशी ली गयी और आरोपी को नाबालिग लड़की के साथ प्लेटफॉर्म नंबर एक से गिरफ्तार कर लिया गया।





## होटवार जेल में हेमंत सोरेन से मिलने के बाद कल्पना सोरेन ने कहा

# स्ट्रांग रूम की कड़ी पहरेदारी करें कार्यकर्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सातवें और अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद होटवार जेल में कल्पना मुर्मू सोरेन ने हेमंत सोरेन से मुलाकात की। हेमंत से मुलाकात के बाद कल्पना ने कहा कि काउंटिंग पूरी तक कार्यकर्ता स्ट्रांग रूम की कड़ी पहरेदारी करें। साथ ही उन्होंने बताया कि जेल में हेमंत ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल नहीं हो पाने का उन्हें बहुत दुःख है। उन्होंने जनता से कहा, परंतु आप सभी की मेहनत और परिश्रम को लेकर वो उत्साहित भी हैं। हेमंत के संघर्ष और अन्याय के खिलाफ लड़ाई को झारखंड की महान जनता ने इस चुनाव में लड़ा है। वास्तव में यह चुनाव जनता ने तानाशाही ताकतों के खिलाफ लड़ा है। आप सभी जनता को मैं हेमंत, झामुमो परिवार और डंडिया गठबंधन की तरफ से धन्यवाद देती हूं, जोहार करती हूं।



**हेमंत का दुख बताया :** कल्पना ने आगे कहा, देश में चुनाव के महापर्व का आखिरी चरण पूरा हो गया है। चुनाव के इस महासमर में सभी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस बीच भीषण गर्मी में हमने कुछ मतदानकर्मियों को भी खोया। ईश्वर सभी की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। इस अवसर पर समस्त झारखंडवासियों और झामुमो परिवार के कार्यकताओं, पदाधिकारियों और प्रत्याशियों से कहना चाहती हूं कि हेमंत को लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल नहीं हो पाने का दुःख है।

### कार्यकर्ताओं से की ये अपील

कल्पना ने कार्यकर्ताओं से कहा, 4 जून को मतगणना खत्म होने तक की प्रक्रिया बहुत महत्वपूर्ण होगी। हमें स्ट्रांग रूम की कड़ी पहरेदारी करते रहनी है। मतगणना के दिन, विशेषकर काउंटिंग एजेंट्स सतर्क रहें। मतगणना खत्म होने तक सजग, सक्रिय और सतर्क रहते हुए मतगणना की पूरी प्रक्रिया को एकाग्रता के साथ पूरा करना है। कहा, हम सभी ने अपना खून-पसीना बहाकर, संघर्ष कर, चुनाव के इस महाभियान में यहां तक का सफर पूरा किया है। जीत का सर्टिफिकेट लाने तक हमें वही जज्बा, वही जुझारुपन बनाये रखना है।

# एसटी सीटों पर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का गुस्सा है: अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकतंत्र बचाओ अभियान ने लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के रवैये, आयोग की भूमिका और जमीनी जनमत को साझा किया। अभियान लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में राज्य के कोने-कोने में लोगों के बीच तक गया, जन मुद्दों को बारीकी से समझा और चुनावी प्रक्रिया को नजदीकी से देखा। इस अनुभव को अभियान के अंबिका यादव, आलोका कुजूर, भरत भूषण चौधरी, एलिना होरो ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चुनाव के दौरान राज्य के दौरे से यह साफ है कि मतदाताओं के एक बड़े हिस्से का जनमत मोदी सरकार के विरुद्ध है। खासकर पांचों आदिवासी सीटों पर इंडी के पक्ष में लोग दिखे। लोगों में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर व्यापक गुस्सा है। साथ ही संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना, वादों का महज जुमला बता देना, विभिन्न जन अधिकारों को खत्म करना के विरुद्ध भी मतदाता एकजुट दिखे। अभियान का मानना है कि झारखंड में इंडी गठबंधन को कम से कम सात-आठ सीटें मिलेंगी।




## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** – रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** – कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** – कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी।

**कर्क** – शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** – सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है

**कन्या** – प्रयास और उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा

**तुला** – संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** – नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति और मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

**धनु** – आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** – अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** – लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है।

# रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को चिह्नित कर देश से भगाया जायेगा: अमर बाउरी

## सनातन की एकता के आगे तुष्टीकरण का प्रभाव फेल

**मथुरा और ज्ञानवापी में मंदिर भी बनेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंदनकियारी।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने इंडी गठबंधन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल आ गया है और 4 जून को परिणाम आयेगा। तीसरी बार भाजपा चार सौ पार के अपार बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। अमर बाउरी रविवार को चंदनकियारी में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे। इसके बाद सरकार पूरे जोश में काम करेगी। कांग्रेस-झामुमो के कार्यकाल में जिस प्रकार संताल परगना की डेमोग्राफी बदली है, इसके सुधार के लिए यहां घुसपैठ करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को चिह्नित कर देश से भगाया जायेगा। बाउरी ने कहा कि भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण पर राजनीति करने वाले दलों को देश की जनता ने नकार दिया है। मुद्दा विहीन राजनीति के लिए एकत्रित हुए इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ होना तय हो चुका है, जिन्होंने सिर्फ अपने कुकृत्यों को छुपाने और जेल जाने से बचने के लिए गठबंधन कर जनता को बरगलाने की नाकाम कोशिश की। उन्होंने कहा कि देश में सनातन की एकता के आगे तुष्टीकरण का प्रभाव फेल हो गया। अब पाक अधिकृत कश्मीर भी हमारा होगा और मथुरा और ज्ञानवापी में मंदिर भी बनेंगे। इस मौके पर विनोद गोराई, फटिक दास, रसराज महतो, दिलीप महतो समेत अन्य मौजूद थे।



# कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने 51वां वर्षगांठ समारोह मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में रविवार को कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमओएआइ) का 51वीं वर्षगांठ समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह शामिल हुए।

विशिष्ट अतिथियों के तौर पर निदेशक (कार्मिक), सीसीएल हर्ष नाथ मिश्र एवं सीवीओ , सीसीएल, पंकज कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में सीएमओएआइ के सभी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान लगभग 45 सदस्यों और 9 सब्सिडियरी सदस्यों को मोमेंटो, बुके, शॉल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। कार्यक्रम के अध्यक्ष सीएमओएआइ एपेक्स के अध्यक्ष देवनाथ सिंह ने कहा कि यह बहुत हर्ष की बात है कि सीएमओएआइ की गोल्डन जुबली उत्सव पूरे उमंग से मनाया जा रहा है, साथ ही साथ सीसीएल के नये सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के स्वागत के लिए भी हम सभी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि पदेन सीएमडी सीसीएल सीएमओएआइ के संरक्षक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान ही नव नियुक्त सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह को संरक्षक पद का पदभार भी ग्रहण करवाया गया।सभी अतिथियों ने इस अवसर पर सीएमओएआइ को बधाई दी और उम्मीद जाहिर की कि संगठन अपने इमेज के अनुरूप अपना बेहतर कार्य अधिकारियों के हित में जारी रखेगी।

## मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए अखंड ज्योति जलायी

**रांची।** श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष और झारखंड के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पीतांबर जी महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए अखंड ज्योति प्रज्जवलित किया। रविवार को रांची के लालपुर स्थित विनायका ज्योतिष केंद्र में अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गयी। इसके बाद यहां हनुमान चालीसा का पाठ हुआ और आदित्य हृदय स्त्रोत का भी सामूहिक पाठ किया गया। यह अखंड ज्योति एक से चार जून तक प्रज्जवलित रहेगी। इस अखंड ज्योति कार्यक्रम के साक्षी पुरी के शंकराचार्य के वानप्रस्थी शिष्य चंद्रभूषण पाठक, रक्तांबर जी महाराज, प्रदेश अध्यक्ष सुबांशु द्विवेदी, राकेश सिंह, राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव, अजय मिश्रा, मोनू विश्वकर्मा, दयानंद शर्मा, राजेश प्रसाद, संदीप कुमार सहित अन्य इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

# राजधानी में स्पा की आड़ में जिस्मफरोशी

**लालपुर के इंटरनेशनल स्पा सेंटर में छापेमारी**

**कई हिरासत में, आपत्तिजनक सामान बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में स्पा की आड़ में जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा है। इसका खुलासा पुलिस ने किया है। गलत काम होने की सूचना पर रांची पुलिस ने लालपुर थाना क्षेत्र स्थित एक स्पा सेंटर में छापेमारी की। इसके बाद सच्चाई सामने आयी। पुलिस की टीम स्पा पहुंची। बैंबू इंटरनेशनल स्पा सेंटर सर्कुलर रोड के हरिओम टावर के सामने ली डिजायर कांप्लेक्स के चौथे तल्ले पर है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने वहां से कई युवक और युवतियों को पकड़ा। बताया जा रहा है कि कई लोगों को पुलिस ने आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ा। पुलिस ने वहां से आपत्तिजनक सामान भी जब्त किया है। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है।




### स्थानीय लोगों ने दी थी पुलिस को सूचना

पुलिस को स्थानीय लोगों ने सूचना दी थी कि स्पा सेंटर में गलत कार्य हो रहा है, जिसके बाद पुलिस की टीम ने स्पा सेंटर में छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही वहां अफरातफरी मच गयी। स्पा में मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिये गये लोगों से लालपुर थाना में पूछताछ की गयी।

# दुग्ध उत्पादक लिमिटेड ने मनाया विश्व दुग्ध दिवस




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ और इंडियन डेयरी एसोशिएशन के इस्टर्न जोन, झारखंड चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में मेधा डेयरी के होटवार स्थित प्लांट के प्रांगण में विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष सह जीएम पवन कुमार मरवाहा, उपाध्यक्ष सह उप प्रबंध निदेशक जयदेव विश्वास ने की। इस बार विश्व दुग्ध दिवस का थीम-डेयरी किसानों के हित में पौधों पर आधारित उत्पादों को एक अलग श्रेणी में रखने का आग्रह था। श्री मरवाहा ने आज के परिपेक्ष्य में पोषण और रोजगार के दृष्टिकोण से डेयरी की महत्ता को बताया। उन्होंने झारखंड के किसानों को दूध से जुड़े व्यवसाय और खास कर मेधा डेयरी से जुड़ने का आह्वान किया। जयदेव विश्वास ने श्वेत क्रांति में सहकारिता के महत्व को रेखांकित किया। वहीं इस मौके पर प्रमोद कुमार ने बताया कि आज के दौर में दूध का कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर श्वेत क्रांति के जनक स्व डॉ वर्गीज कुरिएन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

# तिरुपति बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव 21 जून से, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बाला जी मंदिर का 17वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। यह निर्णय रविवार को स्वामी भगवानदास सत्संग हाल में मंदिर संचालन समिति की बैठक में लिया गया। इसके सफल आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों को कार्यभार सौंपे गये। बैठक की अध्यक्षता कर रहे रामअवतार नारसरिया ने बताया कि 21 जून से तीन दिनी उत्सव की शुरुआत होगी।

पहले दिन कलश स्थापना और यजमान संकल्प होंगे। दूसरे दिन शनिवार को सुबह नौ बजे से विविध अनुष्ठान आरंभ होंगे। तीन बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। भगवान श्रीदेवी और भूदेवी संग पालकी पर विराजमान हो नगर भ्रमण को निकलेंगे। अंतिम दिन 23 जून को भगवान का कल्याणोत्सव मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि समारोह में स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज खास तौर से हिस्सा लेंगे।

बताया कि प्रदीप नारसरिया, मुरारी मंगल, राजेश सुल्तानिया, उदय राठौर को शोभायात्रा, अनूप अग्रवाल, कन्हैया लोहिया, सुशील लोहिया को प्रसाद, विनय धरणीधरका को भगवान के श्रृंगार की जिम्मेवारी दी गयी। नारायण प्रसाद जालान, घनश्याम दास शर्मा, उदय राठौड़, अनीष अग्रवाल, रामवृक्ष साहू, कन्हैयालाल लोहिया, ओमप्रकाश केजरीवाल, सुशील लोहिया सहित अन्य बैठक में शामिल थे।

## 20 जून से सीएए महिला फुटबॉल लीग का आयोजन

**रांची।** छोटानागपुर एथलेटिक एसोसिएशन (सीएए ) की ओर से रांची में पहली बार महिला फुटबॉल लीग का आयोजन कराया जा रहा है। सीएए के महासचिव आसिफ नइम ने बताया कि इसकी शुरूआत होटवार के खेलगांव में 20 जून से होगी। इस लीग में (ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन) एआइएफएफ से रजिस्टर्ड टीम ही भाग ले सकेगी। लीग के लिए रजिस्टर करने की अंतिम तिथि 15 जून है। नईम ने बताया कि यह लीग महिला खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण प्लैटफॉर्म साबित होगी।

# किसे मिलेगा हजारीबाग सांसद का ताज, फैसला कल

**दीपक सिंह**

**मनीष जायसवाल और जेपी पटेल में है मुख्य मुकाबला**

**निर्दलीय संजय मेहता ने चुनाव को बनाया है रोचक**

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए 20 मई को मतदान हुआ था। मतदान के ठीक पंद्रहवें दिन वोटों की गिनती के साथ ही यह फैसला हो जायेगा कि हजारीबाग लोक सभा के सांसद का ताज किसे मिलेगा। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 17 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के बीच ही देखने को मिल रहा था। जेबीकेएसएस (निर्दलीय) प्रत्याशी संजय मेहता ने चुनाव के दिन अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कर चुनाव को रोचक बनाते हुए मुकाबले को त्रिकोणीय भी बना दिया है। मतदान के दिन जेबीकेएसएस के संजय मेहता के हेलमेट छाप ने मांडू और रामगढ़ विधानसभा में जमकर वोटों की सेंधमारी की है, जिसके बाद भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवार का चुनावी गणित का हिसाब किताब गड़बड़ा गया है। जेबीकेएसएस की सेंधमारी ने भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी की टेंशन बढ़ा दी है। मांडू और रामगढ़ विधानसभा के साथ बड़कागांव विधानसभा में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर चुनावी गणितज्ञों का जोड़ घटाव गड़बड़ा दिया है। वोट के दिन तक कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता जीत का दावा कर रहे थे। मतदान के दो दिन बाद ही मांडू, रामगढ़ और बड़कागांव से कार्यकर्ताओं द्वारा वोटिंग की खबर आते ही कोई यह नहीं कह पा रहा कि किसकी कितनी मतों से जीत होगी। कांग्रेस प्रत्याशी मांडू के विधायक भी हैं और रामगढ़ विधानसभा में भाजपा के सहयोगी आजसू का कब्जा है, मगर इन दोनों विधानसभा में जेबीकेएसएस ने अच्छा परफॉर्मेंस दिया है और एक जाति के वोटों में सेंधमारी करने में बहुत हद तक सफल भी रहा है। बड़कागांव विधानसभा कांग्रेस के कब्जे में है लेकिन यहां भी कई बूथों पर जेबीकेएसएस के संजय मेहता ने अपनी उपस्थिति दर्ज की है। रामगढ़ विधानसभा हमेशा भाजपा को एक बड़ी लीड देता आया है। 20 मई को जनता ने किसको कितना वोट दिया यह तो कल पता चल ही जायेगा। लेकिन इससे पहले चौक-चौराहों और गांवों में हो रही चर्चा एक नयी राजनीति की तरफ इशारा कर रही है। ऐसा लग रहा है कि मतगणना के साथ जेबीकेएसएस हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में एक तीसरे स्तर की पार्टी बन कर उभर सकती है। अब देखना यह है कि भाजपा के मनीष जायसवाल मोदी मैजिक का फायदा उठा पाते हैं या कांग्रेस के जेपी पटेल एक जाति के वोट को गोलबंद कर अपने खाते में डलवा सकते हैं। वैसे एग्जिट पोल के नतीजों के बाद हजारीबाग में भाजपा कार्यकर्ता गदगद हैं।



## छात्र- छात्राओं ने रेडियो स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण किया




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो खांची 90.4 एफएम के स्टूडियो में अविराम कॉलेज आफ एडुकेशन लोहरदगा में बीएड की पढ़ाई कर रहे 11 छात्र- छात्राओं ने रेडियो स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण किया और साथ ही रेडियो में चल रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जाना। उनके सवालों के जवाब रेडियो खांची की आरजे वैभवी ने रेडियो में अपनी रूचि जताते हुए आरजे बनने के लिए किन खास बातों पर ध्यान रखना चाहिए इस बारे में जानकारी दी। छात्रों के साथ उनके शिक्षक भी मौजूद रहे। इस दौरान रेडियो खांची में रेडियो खांची के डायरेक्टर डॉ बपी सिन्हा, प्रोडक्सन हेड प्रदीप कुमार मिश्रा , शानू प्रतिक टोप्नो और रंजन मौजूद रहे।

# अग्नि सुरक्षा के प्रति ढीला रवैया

आग की खोज मानव इतिहास में महत्वपूर्ण थी, लेकिन आग भी बड़े पैमाने पर विनाश का कारण बन सकती है। आग ने महत्वपूर्ण मानवीय उपलब्धियों को बनाया भी है और नष्ट भी किया है। इसने पूरे शहरों, ऊंची संरचनाओं, मलिन बस्तियों, बाजारों और पूजा स्थलों को लगातार प्रभावित किया है। हालांकि, प्रत्येक आपदा को भविष्य की घटनाओं के लिए सीखने और तैयारियों में सुधार करने का अवसर प्रदान करना चाहिए। उदाहरण के लिए 1871 की ग्रेट शिकागो फायर ने सार्वजनिक सुरक्षा और आग की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार किये, जिसमें आग प्रतिरोधी सामग्री की आवश्यकता वाले सख्त बिल्डिंग कोड, बेहतर अग्निरोधक मानक, एक बेहतर अग्निशमन विभाग, बेहतर जल आपूर्ति बुनियादी ढांचे, सुरक्षा, शहरी आग की रोकथाम, सार्वजनिक सुरक्षा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना और आग पर सार्वजनिक शिक्षा में वृद्धि शामिल है। भारत में आग लगने का एक पुराना इतिहास है, जिसमें अस्पताल में लगी आग भी शामिल है। 1984 की कुख्यात भोपाल गैस रिसाव आपदा भारत के अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल को संबोधित करने की तात्कालिकता को और बढ़ा देती है। हाल की घटनाओं में, देश 2 विनाशकारी अग्नि त्रासदियों से हिल गया। राजकोट में एक मनोरंजन पार्क में वैल्डिंग मशीन से निकली चिंगारी के कारण 33 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। दूसरी घटना, पूर्वी दिल्ली में एक नवजात शिशु सुविधा केंद्र-बेबी केयर न्यू बोर्न चाइल्ड हॉस्पिटल में आग लगने से देश भर में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में घातक आग लगने की एक दुखद श्रृंखला जुड़ गयी है, जो ढीली अग्नि सुरक्षा के घातक परिणामों को उजागर करती है। 8 नवजात शिशुओं की मौत हो गयी, जबकि 12 अन्य को बचा लिया गया और दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। छोटे अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा लागू करने की दिल्ली सरकार की योजना, ज्यादा से ज्यादा, कागजों पर ही रह गयी है। 5 साल पहले, दिल्ली सरकार ने छोटे अस्पतालों और नर्सिंग होमों को अग्नि सुरक्षा नियमों के तहत लाने के लिए दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार किया था। हालांकि, इन दिशा-निर्देशों को कभी लागू नहीं किया गया, जिससे एक महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दा अनसुलझा रह गया। नागरिक देखभाल के एक महत्वपूर्ण पहलू के प्रति यह आधिकारिक उदासीनता चौंकाने वाली है। दुर्भाग्य से, अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों और क्लीनिकों पर नजर रखने में भी खामियां हैं। वास्तव में छोटे अस्पतालों और नर्सिंग होमों के लिए अग्नि सुरक्षा नियम बहुत सख्त हैं, जिसके कारण लगभग 600 ऐसी सुविधाओं में गैर-अनुपालन होता है।

**5 साल पहले, दिल्ली सरकार ने छोटे अस्पतालों और नर्सिंग होमों को अग्नि सुरक्षा नियमों के तहत लाने के लिए दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार किया था। हालांकि, इन दिशा-निर्देशों को कभी लागू नहीं किया गया, जिससे एक महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दा अनसुलझा रह गया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री ने विवेकानंद शिला स्मारक के जिस ध्यान मंडपम में ध्यान किया, ठीक उसी जगह पर 25, 26, 27 दिसंबर 1892 को स्वामी विवेकानंद ने 3 दिनों तक ध्यान साधना किया था। माना जाता है कि वहां से उन्हें विशेष अनुभूति हुई और भारत के भविष्य की कल्पना भी जगी थी, जो बाद के उनके भाषणों में संकलित है। विपक्ष ने यद्यपि बुद्धिमत्तापूर्वक कहा कि वे ध्यान साधना का विरोध नहीं कर रहे, क्योंकि उन्हें लगता था कि ऐसा करने से भाजपा को चुनावी लाभ हो जायेगा।**

# प्रधानमंत्री की ध्यान साधना पर हंगामा क्यों?

अवधेश कुमार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कन्याकुमारी के विवेकानंद शिला स्मारक में ध्यान करना जितने बड़े विवाद और बवंडर का विषय बना, उसे बिल्कुल स्वाभाविक नहीं माना जा सकता। भारत सहित विश्व समुदाय को प्रेरणा देने वाले विवेकानंद के ध्यान स्थल से जुड़े इस केंद्र पर प्रधानमंत्री जाकर ध्यान करते हैं, तो इसका संदेश सर्वत्र जाता है और लोगों में भी विवेकानंद के जैसा बनने, विपरीत परिस्थिति में ध्यान करने और स्वयं को नियंत्रित कर देश के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है। हालांकि हमारी राजनीति जहां पहुंच गयी है, वहां ऐसे विषयों का विरोध होना स्वाभाविक है।

प्रधानमंत्री ने विवेकानंद शिला स्मारक के जिस ध्यान मंडपम में ध्यान किया, ठीक उसी जगह पर 25, 26, 27 दिसंबर 1892 को स्वामी विवेकानंद ने 3 दिनों तक ध्यान साधना किया था। माना जाता है कि वहां से उन्हें विशेष अनुभूति हुई और भारत के भविष्य की कल्पना भी जगी थी, जो बाद के उनके भाषणों में संकलित है। विपक्ष ने यद्यपि बुद्धिमत्तापूर्वक कहा कि वे ध्यान साधना का विरोध नहीं कर रहे, क्योंकि उन्हें लगता था कि ऐसा करने से भाजपा को चुनावी लाभ हो जायेगा। मुद्दा यह बना दिया जायेगा कि देखो ये ध्यान साधना यानी सनातन की पद्धतियों के ही विरोधी हैं। इसलिए इसके टीवी कवरेज पर आपत्ति व्यक्त की गयी। अलग-अलग पार्टियां चुनाव आयोग के पास गयीं भी। प्रधानमंत्री या कोई नेता चुनाव प्रचार के बाद या बीच में किसी धर्मस्थल या प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल पर जाये, वहां पूजा, प्रार्थना, ध्यान या अन्य साधना करे उस पर चुनाव आयोग या कोई भी संवैधानिक संस्था कैसे रोक लगा सकती है?

**1963 में स्वामी विवेकानंद के जन्म शताब्दी के समय लोगों ने उस चट्टान के पास एक स्मारक बनाने का निश्चय किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।**

विपक्ष के नेताओं ने भी पूरे चुनाव में परिश्रम किया है और उन्हें भी ध्यान साधना और शारीरिक, मानसिक संतुलन एवं शांति के लिए पहले से ऐसी कुछ योजना बनानी चाहिए थी। भारत में अनेक ऐसे धार्मिक साधना स्थल हैं, जहां जाकर आप शारीरिक-मानसिक थकान से आध्यात्मिक कृतियों द्वारा मुक्ति पा सकते हैं। ऐसी जगह भी है, जहां जाकर 1-2 दिनों के विश्राम से आपको विशेष शांति और शक्ति मिलती है। अगर विपक्ष के नेताओं में ऐसी दृष्टि नहीं है, तो इसका मतलब यह नहीं कि प्रधानमंत्री या कोई भी सत्तारुढ़ पार्टी का नेता उस दिशा में न सोचे न करे। राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, प्रियंका वाड्रा, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे, शरद पवार सभी चाहें, तो कहीं न कहीं ऐसी साधना कर सकते थे और उन्हें भी टेलीविजन या मीडिया का कवरेज मिलता।

नेताओं में वाकई ध्यान और साधना की प्रतिस्पर्धा हो तो यह देश और संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी होगा। जब आध्यात्मिक दृष्टि से आपके शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित होता है, तो उसके साथ सकारात्मक दृष्टि भी विकसित होती है, जहां से केवल सबके कल्याण के भाव से ही विचार पैदा हो सकते हैं। विपक्ष के नेता ऐसा कार्यक्रम करने की बजाय अगर विरोध कर रहे हैं, तो वे देश में नकारात्मक वातावरण बनाते हैं और उनकी अपनी छवि ही कमजोर होती है। जब 2014 का चुनाव प्रचार समाप्त हुआ, तब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने शिवाजी के रायगढ़ किले में जाकर ध्यान किया था। शिवाजी हमारे देश में भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व की दृष्टि से प्रेरक और आदर्श व्यक्तित्व हैं। शिवाजी जैसे महापुरुष के प्रति अगर विपक्ष के अंदर ऐसा भाव पैदा नहीं होता, तो इसके लिए वही दोषी हैं।

2019 के चुनाव प्रचार की समाप्ति के बाद प्रधानमंत्री उत्तराखंड के केदारनाथ गये थे और वहां उन्होंने गुफा में ध्यान और साधना की। प्रधानमंत्री के जाने के बाद से उस गुफा में ध्यान करने वालों की इतनी संख्या बढ़ी कि लंबे इंतजार के बाद नंबर आता है। विपक्ष के किसी नेता को किसी भी पूजा स्थल, आध्यात्मिक स्थल, प्रेरणा के केंद्र, इबादत स्थल या कहीं जाकर ऐसा कुछ करने से किसी ने रोका नहीं है। उनको इसकी समझ नहीं या राजनीति से परे हट कर वे आध्यात्मिक दृष्टि से कुछ करने का विचार नहीं कर सकते, तो यह उनकी समस्या है। यह मान लेना कि इस प्रकार की ध्यान साधना या पूजा-पाठ के मीडिया कवरेज के प्रभाव में आकर पहले से किसी और को मत देने का मन बनाये मतदाता अचानक पलट कर भाजपा को वोट देने लगेंगे उचित नहीं लगता। मतदाताओं के पास भी सही गलत का निर्णय करने का विवेक है।

अगर विपक्ष इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मतदाताओं को आकर्षित करने की रणनीति मानता है, तो उसे भी इसकी काट में रणनीति अपनानी चाहिए। इसके विपरीत जब ये हंगामा करते हैं, चुनाव आयोग जाते हैं, तो भाजपा के समर्थकों के साथ-साथ हिंदुत्व को लेकर संवेदनशील रहने वाले मतदाताओं को लगता है कि वाकई विपक्ष सनातन और हिंदुत्व विरोधी है। इसलिए इस व्यवहार को रणनीतिक भूल मानने में भी हर्ज नहीं है। विरोधियों ने प्रधानमंत्री की ध्यान साधना को राजनीतिक मुद्दा बनाने में सर्वाधिक योगदान दिया। अगर इतना तीखा और आक्रामक विरोध नहीं होता, तो मुख्य मीडिया और सोशल मीडिया से लेकर जनता के बीच इसकी इतनी चर्चा ही नहीं होती। किसी भी देश का शीर्ष नेता चाहे प्रधानमंत्री हों या राष्ट्रपति ध्यान साधना या अपने आध्यात्मिक कर्मकांड या फिर छुट्टियां मनाने जायेगा, तो उसे मीडिया का कवरेज मिलेगा।

प्रधानमंत्री जब तक वहां रहे, तब तक भारत ही नहीं दुनिया भर के भारत में सक्रिय मीडिया और पत्रकारों का जमावड़ा वहां रहा। इसे आप रोक नहीं सकते, लेकिन इनकी समस्या दूसरी है। नेताओं के मन में यह ग्रंथि है कि ऐसा कुछ करेंगे, तो हमारा मुस्लिम वोट खिसक सकता है। लंबे समय से नेताओं के द्वारा इस तरह की भूमिका को सैक्युलर विरोधी या पिछड़ेपन की दृष्टि से देखा गया और समाज का मनोविज्ञान इसी अनुसार निर्मित हुआ। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी ऐसा कुछ करते हैं, तो एक बहुत बड़े वर्ग को वह सहज और स्वाभाविक भी नहीं लगता।

विवेकानंद शिला स्मारक पर जाने वाले या उसकी प्रशंसा करने वाले ज्यादातर नेताओं को शायद यह पता नहीं होगा कि उसके निर्माण के पीछे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मुख्य भूमिका थी।

1963 में स्वामी विवेकानंद के जन्म शताब्दी के समय लोगों ने उस चट्टान के पास एक स्मारक बनाने का निश्चय किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। संघ ने अपने उस समय के वरिष्ठ प्रचारक एकनाथ रानाडे को इस काम में लगाया। उन्होंने इसके लिए लोगों को जोड़ा, बैठकें कीं, सभाएं कीं, सरकारों से संपर्क किया, चंदे एकत्र किए और फिर उसका अत्यंत कठिनाई से निर्माण हुआ। उस समय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री भक्तवत्सलम ने स्मारक में मदद से मना कर दिया। तत्कालीन केंद्रीय संस्कृति मंत्री हुमायूं कबीर ने भी सहयोग से इंकार किया।

संघ ने निर्णय कर लिया था और उनके लोग लग गये थे, तो वे लगे रहे। सांसदों से भेंट की गयी। 300 से ज्यादा सांसदों से हस्ताक्षरित समर्थन लिया गया। फिर तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने उसके निर्माण की अनुमति दी। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए 1 रुपया से 5 रुपया का चंदा लिया गया तथा माहौल बनने के बाद राज्य सरकारों ने भी एक लाख का योगदान दिया। 1972 में विवेकानंद केंद्र बना जो वहां अनेक प्रकार के कार्यक्रम करता है। कहने की आवश्यकता नहीं कि इस तरह की आलोचना केवल लंबे समय से पाले गए और स्वाभाविक दुराग्रह की परिणति होती है। वहीं से ऐसे विरोध पैदा होते हैं जिनका आम जनता पर असर न के बराबर होता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# अमरप्रीत सिंह काले की माता का किया गया अंतिम संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले की माता बलवंत कौर खनूजा का आज पूरे विधि विधान के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोगों ने अश्रुपूरित नैनों से उन्हें अंतिम विदाई दी। स्वर्णरेखा बर्निंग घाट पर उन्हें अंतिम विदाई देने के लिये शहर के अलावा राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। सुबह 9.30 बजे साकची स्थित आवास पर उनके शव को अंतिम दर्शन के लिये रखा गया. वहां से शव को साकची गुरुद्वारा होते हुए स्वर्णरेखा बर्निंग घाट ले जाया गया। वहां भी भजन कीर्तन के साथ उन्हें अंतिम अरदास दी गयी। इस मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, व्यवसायी, कारोबारी, विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि, सिख संगठन के प्रतिनिधि, पत्रकार आदि मौजूद थे। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, अवकाशप्राप्त डीआईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक बडकुंवर गागराई, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व विधायक दुलाल भुइयां, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन हिदायत खान, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, टिनप्लेट कंपनी के एमडी चंद्रशेखर राममूर्ति, कांग्रेस नेता अजय सिंह, भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह, बिनोद सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, सुधांशु ओझा, राजेश शुक्ल, संजीव सिंह, जूना अखाड़ा के अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रधान भगवान सिंह, शैलेंद्र सिंह, टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, निशान सिंह, बॉबी सिंह, शिवशंकर सिंह, सुबोध श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। दाह संस्कार के बाद साकची गुरुद्वारा में अरदास की गयी। विदित हो कि श्री काले की माता का परसों शाम स्वर्गवास हो गया था। उनके पुत्र त्रिलोचन सिंह पम्मी, दलजीत सिंह राजे, अमरप्रीत सिंह काले, रणवीर सिंह बब्बू सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# बारिश से प्रचंड गर्मी से मिली राहत, नुकसान भी उठाना पड़ा

**सरायकेला(आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले में रविवार को तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश में ओलावृष्टि होने पर प्रचंड गर्मी से आमजनों को थोड़ी राहत मिली है। साथ ही अचानक आए आंधी और बारिश से लोगों को नुकसान भी उठाना पड़ा। कई जगहों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर नीचे खड़े वाहनों पर गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त होगया। वही वज्रपात से आदित्यपुर थाने की बिजली गुल हो गई। उधर रेलवे फाटक के समीप एक पेड़ गिरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर स्थानीय लोग बाल बाल बचे। कोई इंसान को कोई नुकसान नहीं आया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इधर मेडिट्रीना अस्पताल के समीप एक ठेला पर दोसा बेच रहे फुटपाथी दुकानदार को भारी नुकसान उठाना पड़ा। तेज आंधी से ठेला गहरे गड्ढे में जा गिरा। स्थानीय लोगों के सहयोग से निकाला गया। लगभग दो घटने के आंधी- पानी से आम लोगों काफी नुकसान उठाना पड़ा। वही बिजली के तार झूलते नजर आये बारिश खत्म होते ही लोग अस्त- व्यस्त दिखे।**

# इंसानियत फाउंडेशन के तीन सदस्यों ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**पाकुड़ ।** इंसानियत फाउंडेशन के माध्यम से तीन मरीजों कों रक्तदान कर मदद किया गया। मालदा में इलाजरत कुश्मानगर तारानगर के मेराजुल शेख का पेट का होना है ए पॉजिटिव ब्लड जरूरत पड़ी। परिवार से देनेवाला कोई सदस्य नहीं रहा और पाकुड़ सदर मे गर्भवती महिला सालेहा बीबी कों बी पॉजिटिव तथा हरीश पेसेंट कों बी पॉजिटिव ब्लड की अत्यंत आवश्यकता रही, सभी पेसेंट के परिजनों ने इंसानियत फाउंडेशन मे मदद की गुहार गयी। सुचना के आधार पर इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने रक्तदान के मालदा और पाकुड़ मे रक्तदान जो क्रमशः अरसालिम शेख ए पॉजिटिव, महेशपुर के हासन शेख,फैजल आलम बी पॉजिटिव रक्तदान किया `तब जाकर इलाज संभव हो पाया, सभी रक्तदाताओ नें कहा कि रक्तदान महादान इससे बड़ा ना कोई दान नहीं। मौके पर संस्था के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन,उप सचिव आसादुल मुल्ला, तारीकुल शेख, कर्मचारी नवीन कुमार और पियूष दास थे ।

# क्षेत्रीय भाषाओं में प्राथमिक स्तर पर जल्द मिलेगी शिक्षा : संजीव सरदार



आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा सहित पूरे झारखण्ड में बच्चों को क्षेत्रीय भाषाओं में प्राथमिक स्तर पर शिक्षा देने की योजना को लेकर सर्वेक्षण जारी है। पोटका विधायक संजीव सरदार ने जानकारी देते हुए कहा राज्य के पोटका सहित पूरे झारखंड में बच्चों को क्षेत्रीय भाषाओं में प्राथमिक स्तर पर शिक्षा देने की योजना चल रही है। श्री सरदार ने कहा विधानसभा में मातृभाषा में शिक्षा के लिए कई वार सवाल उठाया गया। राज्य सरकार क्षेत्रीय भाषा को पुनर्जीवित करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर बच्चों की पढ़ाई प्रारंभ करने की प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक से वार्ता कर मातृभाषा में शिक्षकों के लिए वार्ता की जारही है। इसके लिए सरकार जोर-जोर से लगी हुई है। ताकि मातृभाषा का शिक्षा बच्चों को मिल सके। वही बबलू चौधरी ने कहा विधायकों का इस तरह का प्रयास सराहनीय है। स्थानीय विधायक संजीव सरदार का भी बहुत ही बड़ा योगदान है। विधायक संजीव सरदार जितने के बाद उसकी इच्छा रही है क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में अपनी मातृभाषा में पढ़ाई हो। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से क्षेत्र की 14 विद्यालयों में जनजातीय व क्षेत्रिय भाषा में पढ़ाई के लिए किताब भी उपलब्ध करा चुके हैं।

# जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में चार के खिलाफ प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के ओखरगाडा. पूर्वी पंचायत के गटियरवा गांव का एक व्यक्ति द्वारा प्रलोभन देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने को लेकर चार लोगों के खिलाफ मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। धर्म परिवर्तन करने का मामला प्रकाश में आने पर स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना विश्व हिंदू परिषद गढ़वा तथा बजरंग दल को दिया। सूचना पर दोनों संगठनों के कार्यकर्ता गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक कर मामले की जानकारी ली गई। ग्रामीणों ने बताया कि 31 मई की रात्रि से ही यहां चार पांच लोग आकर ईसाई धर्म में परिवर्तन करने का प्रलोभन और दबाव दे रहे हैं। मामले की सत्यता जानने के बाद संगठन के लोगों ने मेराल थाना प्रभारी को इसकी जानकारी दी गयी और भुक्तभोगी मनरूप उरांव पिता स्वर्गीय नंददेव उरांव के द्वारा चार लोगों के विरुद्ध मेराल थाना में लिखित रूप से नामजद प्राथमिक की दर्ज कराया है, जिसमें अखिलेश उरांव पिता लाल बिहारी उरांव मानो गांव थाना और जिला रोहतास, सोनू मिंज पिता रहमुन उरांव मेराल थाना के गटियरवा गांव निवासी, संदीप टोप्पो और पूर्णिमा मिंज को नामजद आरोपी बनाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने दलबल के साथ गांव में पहुंचकर मामले का तहकीकात किया। बाद में नामजद दो आरोपीयों को अपने कब्जे में ले कर मेराल थाना लाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण अमरेश उरांव, प्रमोद कुमार चौधरी, सोनू कुमार यादव, सुरेश उरांव, राजेश उरांव, बच्चू उरांव, ललन उरांव, रवि कुमार के अलावा विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सोनू सिंह, अमित अग्रवाल, बजरंग दल के शुभम चौबे, अक्षय कुमार, पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्री रामलला के वस्त्र डिजाइन को लेकर सुर्खियों में हैं मनीष त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** श्री रामलला के ड्रेस डिजाइनर मनीष त्रिपाठी ने शनिवार को श्री बंशीधर की पूजा अर्चना की। मंदिर में आचार्य श्रीकांत मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री त्रिपाठी ने विधिवत पूजा अर्चना कर मनवांछित फल की कामना की। पूजा के बाद प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने श्री त्रिपाठी को श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। उधर चेंबर ऑफ कॉमर्स के लोगों ने भी श्री त्रिपाठी का गर्मजोशी के साथ शानदार स्वागत किया। चेंबर के लोगों ने श्री बंशीधर मंदिर में श्री त्रिपाठी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उस मौके पर मुख्य ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, राजेश पांडेय, शंभू सौदागर, हृदयानानाद कमलापुरी, संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



**श्री रामलला के वस्त्र डिजाईन करने के बाद से सुर्खियों में हैं मनीष त्रिपाठी**

श्री रामलला के वस्त्र डिजाईन करने वाले मनीष त्रिपाठी अभी सुर्खियों में हैं। विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर भगवान के वस्त्र की डिजाईन भी अब वे करने वाले हैं। ऐसे में वे श्री बंशीधर नगर पहुंच कर भगवान के वस्त्र बनाने एवं डिजाईन करने को लेकर माप लिया।

### जानें मनीष त्रिपाठी के जीवन परिचय के बारे में

मनीष ने बताया कि अपनी कॉलेज की पढ़ाई वे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन एंड टेक्नोलॉजी नई दिल्ली (एनआईएफटी) से कम्पलीट की। मनीष त्रिपाठी उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर के रहने वाले हैं। फिलहाल वे दिल्ली में रहकर काम करते हैं। मनीष त्रिपाठी भारतीय हथकरघा ब्रांड के पूर्व राष्ट्रीय सलाहकार के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के लिये काम कर चुके हैं। आईपीएल के लिये भी ड्रेस डिजाईन कर चुके हैं। इसके अलावे बॉलीवुड फिल्म के लिये भी ड्रेस डिजाईन करते हैं।

### मनीष के नाम कई अवार्ड

साल 2012 में मनीष को ह्यऑल इंडिया लेदर फेस्टिवल में बेस्ट डिजाईनर पुरस्कार मिला। फिर साल 2013 में खादी एक्सपो में बेस्ट डिजाईनरह्न पुरस्कार दिया गया और साल 2014 में इंडिया इंटरनेशनल फैशन वीक में बेस्ट इंडियन फैशन डिजाईनर पुरस्कार मिला।

# बाकी नदी से अवैध बालू उठाव कर भंडारण करने वालों पर बड़ी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** गढ़वा विशुनपुरा प्रशासन ने जतपुरा गांव के बाकी नदी से अवैध बालू उठाव कर भंडारण करने वालो पर बड़ी कारवायी की है। अंचलाधिकारी ने अवैध बालू भंडारण को लेकर जतपुरा गांव के विभिन्न स्थलों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध बालू की बड़ी भंडारण पायी गयी। जिसके आलोक में अंचलाधिकारी ने सतेंद्र यादव व महेंद्र यादव पर तीन हजार सीएफटी, जितेंद्र यादव व अनिल यादव पर दो हजार सीएफटी, अजय यादव पर एक हजार सीएफटी, शिवपूजन यादव पर दो हजार सीएफटी, अजय यादव पर दो हजार सीएफटी, लालमन प्रसाद यादव पर दो हजार सीएफटी, सुदामा प्रजापत्ति के घर के पीछे एक हजार सीएफटी, सिदेश्वर राम पर एक हजार सीएफटी सभी जतपुरा गांव निवासी पर अवैध बालू भंडारण करने पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। वही थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि अंचलाधिकारी विशुनपुरा के द्वारा जतपुरा गांव में विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से कुल 15000 सीएफटी बालू भंडारण करने से संबंधित लिखित आवेदन के आधार पर विशुनपुरा थाना कांड संख्या 25/24 धारा 379/414 भा0द0वी0 54(1)जेएमसीआर , 21 एमएम (डीआर) , एक्ट 7, 13 जेएमडी एक्ट 2017 के तहत कयी ज्ञात एवं अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है।



## भीषण गर्मी को देखते हुए कशौधन समाज ने 50 मजदूरों के बीच गमछा वितरण किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कशौधन वैश्य समाज ने बढ़ते तापमान को देखते हुवे कशौधन वैश्य समाज झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा 50 मजदूरों राहगीरों के बीच गमछा का वितरण किया गया ।मौके पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश कश्यप द्वारा कहा गया कि गरीबों के सेवा करने एवं जरूरतमंदों को उनकी जरूरत को पूरा करने में आत्मीय सकून मिलता है ।प्रदेश टीम के द्वारा समय समय पर इस तरह की और अन्य कार्य किए जाएंगे और प्रदेश के सभी जिला के पदाधिकारी स्वजातीय बंधू से हम आग्रह करते है। आप सभी भी जितनी शक्ति बन सके गरीबों, असहायों, जरूरतमंदों को उनकी सेवा करें और पुण्य के भागी बने मौके पर उपस्थित प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोष कश्यप प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष कश्यप।

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रयास से सर्वोदय उच्च विद्यालय गोदरमाना को मिली भवन बनाने की स्वीकृति

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड के गोदरमाना सर्वोदय उच्च विद्यालय को झारखण्ड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर के अथक प्रयास से शिक्षा विभाग के द्वारा भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। ज्ञात हो कि सर्वोदय उच्च विद्यालय का अपना भवन नहीं था जिससे 280 की संख्या में छात्र छात्राओं को पढ़ाई में काफी परेशानी होती थी। इसी परेशानी को लेकर विद्यालय के द्वारा मंत्री मिथिलेश ठाकुर को लिखित आवेदन देकर भवन निर्माण कराने की मांग की गई थी। मांग करने वालों में प्रधानाध्यापिका रश्मि मिंज, अध्यापक मनोज प्रसाद, जितेंद्र कुमार, मोहन प्रसाद, झामुमो युवा नेता शंभू यादव, चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंभू प्रसाद गुप्ता, डॉ नंदलाल प्रसाद सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।

## युवा समाजसेवी ने किया सहयोग



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बक्सीपुर में युवा समाजसेवी अनिश कुमार ने मृतक गरीबा साह के घर पहुंचकर उनके श्राद्धकर्म में सहयोग किया।अनीश कुमार ने बताया की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण श्राद्ध कर्म करने में परेशानी हो रही थी जिसको लेकर एक बैग आटा,अन्य सामग्री के साथ आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर भारद्वाज कुमार,गुड्डू गुप्ता,नंदू साह,छोटन साह, लक्षु साह,महेंद्र साह,सुखाड़ी साह,प्रभु साह,अश्विनी कुमार,कृष्णा साह,विशाल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ब्रह्मभोज में शामिल हुए नितेश सिंह



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के रबदा खूरा गांव निवासी झारखण्ड प्रदेश भाजपा के पूर्व मिडिया सह प्रभारी राजीव राज तिवारी के बड़े भाई संजीव तिवारी (बब्लू) के ब्रम्हभोज में गढ़वा बीस सूत्रि जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह शामिल हुए और संजीव तिवारी के तस्वीर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर रंका प्रखंड बीस सूत्रि उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय एवं राजीव राज तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## थाना परिसर में सौ से अधिक चमगादड़ों की मौत

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सैकड़ो से अधिक चमगादड़ों की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है की भीषण गर्मी की वजह से सभी चमगादड़ों की मौत हुई है। थाना परिसर में चमगादड़ विशालकाय पीपल के पेड़ पर रहते थे। थाना पुलिस की माने तो उक्त चमगादड़ो को मौत क्षेत्र बड़ते भीसन गर्मी के वजह से हीं हो रही है। बताते चलें कि इस क्षेत्र में भी कई दशकों के बाद पलामू प्रमंडल में रिकॉर्ड तापमान के आंकड़े दर्ज किए गए हैं। वही 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किया गया है। लोगों का कहना है कि यह तापमान 1978 के बाद सबसे अधिक तापमान है। जो इस भीषण गर्मी में जनजीवन बिल्कुल अस्त-व्यस्त हो चुका है, और आशंका जताई जा रही है, कि चमगादड़ों की मौत गर्मी की वजह से ही हुई है।

# खिलाड़ी अपने लक्ष्य पर फोकस कर आगे बढ़ें :अलखनाथ पांडेय

## टेबल टेनिस का पांच दिवसीय समर कैंप शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में वन विभाग के सामुदायिक भवन में पांच दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन रविवार को संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, नंदकुमार गुप्ता ,सचिव आनंद सिन्हा और बालिका उच्च विद्यालय के प्राचार्य रेयाज अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कियो इस मौके पर संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि टेबल टेनिस खेल में लोगो ने बड़ा सपना देखा है। उस सपने को पूरा करना आप सभी खिलाड़ियों की है।संघ आपको हर संभव मदद करने को तैयार हैं। आप सपने को तभी पूरा कर सकते हैं जब आपका फिजिकल एनर्जी और स्टेमिना बेहतर होगा`वहीं सभी खिलाड़ी को एनर्जेटिक रहना होगा तभी आप बेहतर कर सकते है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप लोग का निरंतर प्रयास से आपके खेल में लगातार सुधार हो रहा है वही आपके खेल की बदौलत गढ़वा जिला का नाम टेबल टेनिस के क्षेत्र में बहुत आगे जा रहा है। उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि गढ़वा के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस खेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने काम किया है आप लोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गढ़वा के नाम को आगे बढ़ाये। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले के जामबहार की अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रोकनी कुमारी ने सरकारी नौकरी मिलने के बाद पहली बार अपने गांव पहुंची और उसने हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में खेल कीट उपलब्ध कराई और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया । हम चाहेंगे कि गढ़वा में खिलाड़ी खेल की बदौलत नौकरी हासिल करे और जामबाहर की तरह आप लोग भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को बनाएं और अपने नये खिलाड़ियों को अपने अनुभव का लाभ दें।



नंदकुमार गुप्ता ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से आपको टेबल टेनिस की तकनीकी की जानकारी दी जाएगी जिसका आप लाभ उठाए। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की समर कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों को टेबल टेनिस खेल के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है ताकि गर्मी छुट्टी का लाभ बच्चे उठा सके और टेबल टेनिस के तकनीक और खेल के बारे में जानकारी हासिल करें। टेबल टेनिस संघ के कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दुबे ने कहा कि जिले के 18 खिलाड़ी नेशनल खेल रहे है, कम संसाधन में यहां के लोग बेहतर खेल रहे हैं उन्हें और संसाधन उपलब्ध करने की जरूरत है। प्राचार्य रेयाज अहमद ने कहा की ईमानदारी से मेहनत किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। खेल के क्षेत्र में कैरियर के अपार संभावनाएं हैं। इस मौके पर संघ के सदस्यअभय कुमार, बालिका उच्च विद्यालय के फिजिकल शिक्षक सुशील तिवारी, रामासाहु के फिजिकल शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, सिनियर खिलाड़ी ऋषभ राज सहित कई अभिभावक मौजूद थेकार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने किया ।

# शनि देव मंदिर के प्रांगण में शनिवार की शाम में श्री शनि देव धर्मार्थ आश्रम कमिटी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्री बंशीधर नगर- नगर पंचायत क्षेत्र के अहिपुरवा स्थित शनि देव मंदिर के प्रांगण में शनिवार की शाम में श्री शनि देव धर्मार्थ आश्रम कमिटी की बैठक अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से महंत श्री श्री शनि पीठाधीश्वर अनंत विभूषित वालयोगेश्वर स्वामी शनि देव जी महाराज शामिल हुये। बैठक में आगामी 6 और 7 जून को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया तथा आगामी 6 जून को शनि जयंती महोत्सव और 7 जून को शनि देव मंदिर का सातवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के तहत 6 जून को शनिदेव का अभिषेक और विधिवत पूजन अर्चन तथा 7 जून को महा भंडारा का आयोजन व 24 घंटे का अखंड कीर्तन कराने का निर्णय लिया गया।



बैठक में महंत श्री शनि देव जी महाराज ने कहा कि शनि जयंती और वार्षिक उत्सव को लेकर मंदिर में श्री शनि देव की भव्य दरबार सजेगा और पुष्प व विद्युत सज्जा की जायेगी। प्रातः मंदिर में भगवान शनि देव जी के दरबार में पूजन व आरती होगी वही अनुष्ठान के तहत हवन और संध्या में सरसों तेल की बाबा की ज्योत प्रज्वलित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शनि उपासना कर्म और कर्तव्य के प्रति दृढ़ संकल्पित और प्रेरित करती है, वहीं सभी कष्ट दूर होते हैं। उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों से इन सभी कार्यक्रमों में भाग लेने और तन मन व धन से सहयोग करने की अपील किया। बैठक में श्री शनि देव धर्मार्थ आश्रम कमेटी का विस्तारीकरण कर नये कमेटी का पुर्नगठन करने पर चर्चा किया गया। बताया गया कि 7 जून को कमेटी का गठन कर चयनित लोगों को पदभार दिया जायेगा। बैठक में शनि देव मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित नंदकिशोर दास महाराज, संरक्षक दिनेश पांडेय, कमेटी के अध्यक्ष विक्रांत सिंह सोनू, सचिव उदय नारायण सिंह, उपाध्यक्ष सुभाष पासवान व डॉ भुनेश्वर तिवारी, चंचल प्रताप देव, कमलेश पांडेय, अखिलेश प्रसाद, मनदीप कुमार उर्फ प्रदीप राम, अशोक चंद्रवंशी,खखनु पासवान, मनोज कुमार चौधरी, सुनील राम, गुलाब पासवान, सुभाष पासवान, देवेंद्र प्रसाद सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, हीरा विश्वकर्मा, चंद्रशेखर पांडेय,भोला राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर की पहल पर 24 घंटे के अंदर दी गयी पानी की समरसेबुल मशीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड के दर्जी मुहल्ला में पानी का समरसेबुल मशीन 750 एचपी का मोटर खराब हो जाने से इस भीषण गर्मी में लगभग 1500 संख्या वाला बस्ती के लोग पानी से बंचित थे। इसकी जानकारी स्थानीय झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों कार्यकताओं एवं ग्रामीणों के द्वारा झारखण्ड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर को दिया गया। जानकारी मिलते ही मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा चौबीस घंटे के अंदर 750 एचपी का समरसेबुल मशीन का लागत खर्च 60000/ -(साठ हजार) रुपए झामुमो रंका प्रखंड कमेटी के माध्यम से दर्जी मुहल्ला वासियों को दिया गया। ताकि मशीन मंगाकर पानी आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कराया जा सके। इस मौके पर झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता,रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, युवा अनुमंडल अध्यक्ष सह खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, युवा प्रखंड सचिव अलीम खलीफा, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, युवा प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष राम, आशीष सिंह, राजू खलीफा, सद्दाम खलीफा, हैदर, फिरोज, तबरेज, बब्लू सिद्दीकी, अबरार खलीफा, वार्ड सदस्य मोहम्द खलीफा, सुनिल कुमार, गैलरी पासी, रंजीत प्रसाद, गोला बारी, टोला बारी, रंजीत साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## टंडवा के नागरिकों ने विधायक, सांसद, नप के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों पर लगाये उपेक्षा का आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नगर परिषद के वार्ड नम्बर 20 परशुराम नगर टंडवा के नागरिकों ने विधायक, सांसद, नप के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि लगभग 100 परिवार के लोग गंदी नाली के पानी एवं बिना सड़क के चलने को मजबूर है। इसके लिए कई बार नप अध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। लेकिन सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नही मिला। मुहल्ले के बच्चे इसी नाली के पानी से गुजर कर रोज स्कूल जाने के लिये मजबूर है। लोगों ने बताया कि हम सभी आवेदन देते देते थक गए। इसलिय मुहल्ले वासी ने रविवार को श्रमदान कर नाली की सफाई कर उसके ऊपर पाटिया चढ़ाया।

साथ ही जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि अविलंब हमलोगों के ऊपर ध्यान नही दिया गया तो हमलोग सड़क जाम से लेकर धरना प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। जिसकी जिम्मेदारी और जबाबदेही सरकार एवं प्रशासन की होगी।मौके पर मंजीत तिवारी,धर्मेंद्र तिवारी,प्रदीप पांडेय, जय प्रकाश तिवारी सहित कई मुहल्लेवासी उपस्थित थे।

## पानी का सहारा बने जलमीनार को जेसीबी से क्षतिग्रस्त किया



**कांडी (आजाद सिपाही)।** सतबहिनी झरना तीर्थ में सैलानियों के साथ स्थानीय लोगों के लिए पानी का सहारा जलमीनार को जेसीबी से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। तभी से यह बंद पड़ा है। जिससे लोगों को भारी कठिनाई हो रही है। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में प्राचीन बजरंगबली स्थल पर बड़े नीम के पेंड़ के पास सरकोनी पंचायत की पूर्व मुखिया मीना देवी द्वारा जलमीनार लगाया गया था। जो काफी बढ़िया पानी देता था। जिसे बाउंड्री निर्माण के ठेकेदार के द्वारा जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। इसी जल मीनार से सताबहिनी गांव के कई घरों में नल से पानी दिया जाता था। जो वर्षों से खराब पड़ा है। इस जल मीनार को नल जल योजना से जोड़कर इसकी रिपेयरिंग कराकर ग्रामीणों व पर्यटकों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए। पूर्व मुखिया मीना देवी ने मीडिया के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी कांडी व मुखिया ग्राम पंचायत सरकोनी से मांग किया है कि उक्त जल मीनार को तत्काल ठीक कराकर चालू कराया जाए। साथ ही कांडी प्रखण्ड में बंद पड़े सभी जल मीनार एवं चापाकलों को जल्द चालू कराया जाए। साथ ही जीव जंतु, जंगली व पालतू जानवर के लिए भी पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करायी जाये।

## इस्तेहार अंसारी के घर के पास 14 वें वित्त से लगाया गया सोलर जलमीनार

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** पतिहारी पँचायत में इस्तेहार अंसारी के घर के पास 14 वें वित्त से लगाया गया सोलर जलमीनार 1 माह से खराब पड़ी हुयी है। खराब जलमीनार सिर्फ गावं की शोभा बढ़ा रही है। जिस कारण लोगों को गर्मी के दिनों में पानी के लिए भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण इस्तेहार अंसारी, क्यामु दिन अंसारी, एजाज अंसारी, सबजाहा बीबी, नूरसी बीबी, यसोदा बीबी, जुलेखा बीबी, सुबनेखा बीबी, लायलून बीबी, शयरा बीबी, मजनूम बीबी, सबनम बीबी, कुलसुम बीबी, हसबुन बीबी, रुकसाना बीबी सहित कयी लोगों ने बताया कि पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए 14 वें वित्त की राशि से लगभग पांच वर्ष पूर्व जलमीनार लगवायी गयी थी। लेकिन 1 माह से खराब पड़ी हुयी है। जिस कारण ग्रामीणों को पानी के लिये काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में पालतू पशुओं को पानी पिलाने में परेसानी हो रही है. लेकिन मुखिया द्वारा फंड में पैसे नही होने के हवाले देकर टालमटोल कर दिया गया।

## राजेंद्र चौबे की देर रात हार्ट अटैक से मौत

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर शहर के अहिरपुरवा गांव निवासी स्टांप भेंडर व अनुमंडल न्यायालय के वरिष्ठ ताईद राजेंद्र चौबे उम्र 60 वर्ष का निधन गुरुवार की देर रात हर्ट अटैक से हो गई। शुक्रवार को उनका दाह संस्कार वाराणसी स्थित मणिकर्णिका घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र मयंक मणि चौबे ने दिया। राजेन्द्र चौबे के निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दुख प्रकट करने वालों में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, शिक्षक नेता कमलेश्वर पांडेय, किरण देवी, विश्वनाथ पाल सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## बुंडू प्रखंड के आठ गांवों में पेयजल के लिए तरस रहें ग्रामीण

# तीन वर्षों से चल रहा कछुए की चाल की तरह निर्माण कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता





**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के आठ गांवों में पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल रांची पूर्वी के द्वारा रॉयल एसोसिएट नामक एजेंसी को एकल ग्राम जलापूर्ति योजना के तहत हर घर नल के माध्यम से पेयजल जलापूर्ति सुनिश्चित करने का आवंटन सौंपा गया था परंतु लापरवाह रॉयल एजेंसी के कारण तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद कोई भी गांव में जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पाई है। ये हैं प्रखंड के आठ गांव जहां एजेंसी को सौंपा गया था कार्य रेलाडीह, खुदीमदुकम, अरार्डीह, छोटकोलमा, बानाबुरु, कांची, सिरकाडीह तथा गुटुहातु। घटिया एवं अधूरी निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक मात्र दो गांव अरार्डीह एवं छोटकोलमा में आनन -फानन में आधी अधूरी जलापूर्ति शुरू की गयी तो ग्रामीणों ने तीखा विरोध किया और समाचार पत्रों में सुर्खियां बनी। इधर कई गांवों में टंकियां बनाने का कार्य चल रहा है। पर खुदीमदुकम के ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव में एजेंसी द्वारा दो टंकियां बनाई जा रही है। टंकियां का निर्माण कार्य इतना घटिया है कि ये कभी भी गिर सकती है।ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य जहां पर हो रहा है वहां अभी तक बोरिंग तक नहीं कराई गयी है। जब बोरिंग ही नहीं है तो टंकी निर्माण कार्य में जल का पटवन तो दूर सीमेंट का गारा भी घरों में उपयोग के बाद बहाई गयी अवशिष्ट जल से बनायी जा रही है। एजेंसी द्वारा लगाये गये मजदूर भी बाहरी बंग भाषी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रेलाडीह में निमार्णाधीन टंकियां में भी पटवन नहीं किया गया है। घटिया निर्माण को लेकर पंचायत के मुखिया एवं जल सहिया को भी इसकी शिकायत की गयी पर किसी ने ध्यान ही नहीं दिया। गांव में बने चापानल सूखे पड़े हैं,मजबूरी बस ग्रामीण रायसा नदी में डाड़ी बनाकर पानी लाने को विवश हैं। **3 वर्ष पहले बने घरों में लगे नल टूट फुट गये :** योजना के आरंभ में तीन वर्ष पूर्व एजेंसी द्वारा खुदीमदुकम रेलाडीह सहित कई गांवों में घर घर पाइप लाइन बिछाकर जैसे तैसे नल लगा दिए। जो अब इतने अरसे से जलापूर्ति न होने से टूट फूट गये है। **क्या कहते हैं कनीय अभियंता :** निर्माण कार्य के सुपरविजन के लिए जिम्मेवार कनीय अभियंता विंदेश्वर प्रसाद से इस मामले पर जब पूछा गया तो उनका कहना था कि एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य के विलंब एवं अधूरी निर्माण कार्य पर कई बार नोटिस किया जा चुका है। अरार्डीह और छोटकोलमा में एजेंसी से अधूरी कार्य पर पुनः निर्माण कार्य कराया जा रहा है।अगर एजेंसी पर घटिया निर्माण सही पाया गया तो विभाग एजेंसी के विरुद्ध विधि सम्मत करवाई करेगी। विंदेश्वर प्रसाद ने यह भी कहा कि अहर्ता नहीं रखने व संसाधन विहीन एजेंसी उपर से लॉबिंग कर कार्य तो ले लेती है।

## फुटबॉल लीग में एफसी कुंदला 5-1 से विजयी



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन तमाड़ द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग का मैच आमलेशा मैदान में खेला गया। यह मैच एफ सी कुंदला और जांबाज ब्रदर्स के बीच खेला गया। इस मैच को कुंदला ने 5-1 से जीत लिया। एफ सी कुन्दला की ओर से राकेश मुंडा 41 वें मिनट, मंगल मुण्डा 80 वें मिनट, संतोष मुंडा 86 वें, त्रिलोचन मुण्डा 88 वें मिनट, ईश्वर मुण्डा 89 वें मिनट में गोल किये। जांबाज ब्रदर्स की ओर से एकमात्र गोल कैलाश अहीर ने 60 वें मिनट मे किया। मैच के दौरान रेव नेल्सन कंडुलना, हीरा दास, हरीश मुंडा, लखीनारायन मुंडा, प्रेम पूर्ति, निशांत भेंगरा, करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुण्डा, महाबीर पुरान, सुधीर दास आदि उपस्थित थे। सोमवार का मैच एफ सी हेमरोम बनाम जूनियर एफ सी के बीच होगी।

## संकीर्तन में शामिल हुए राजा पीटर



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सलगाड़ीह जोजोडीह गांव में हो रहे संकीर्तन में तमाड़ के पूर्व विधायक एवं मंत्री राजा पीटर शामिल हुए। और ग्रामीणों को इस कार्यक्रम कराने के लिए हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर दीपक शाहदेव सत्य नारायण मुंडा रमेश महंतो महावीर राजा कर्मकार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सीसीएल सीएमडी एनके सिंह ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा

# मंदिर में माथा टेककर की खुशहाली की कामना

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एनके सिंह ने शनिवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। जानकारी के अनुसार सीएमडी एनके सिंह शनिवार की शाम अपनी पत्नी के साथ बचरा पहुंचे। बचरा संगम विहार क्लब मे पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय ने सीएमडी एनके सिंह का बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद सीएमडी सिंह अपनी पत्नी के साथ पिपरवार क्षेत्र के प्रसिद्ध बचरा काली मंदिर पहुंचे,जहां उन्होने मॉ काली की विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान सीएमडी सिंह और उनकी पत्नी के द्वारा मन्दिर प्रांगण मे द्वीप जलाया गया। इस दौरान सीएमडी ने मां काली के दरबार में माथा टेककर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। वही बचरा गुरुद्वारा भी जाकर उन्होने माथा टेका।सीएमडी एनके सिंह का पहला पिपरवार दौरा है। ज्ञात हो कि सीएमडी एनके सिंह पूर्व मे पिपरवार के अशोक परियोजना मे खान प्रबधंक के पद पर कार्य कर चुके है। पिपरवार दौरे के क्रम में काफी संख्या में स्थानीय लोगो ने उनसे मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर पिपरवार जीएम सीबी सहाय, अम्रपाली चन्द्रगुप्त जीएम अमरेश कुमार सिंह, पिपरवार एजीएम रंजय सिन्हा, अशोका पीओ संजय कुमार, सीएचपी पीओ धनजय कुमार, एसओपी नागेश गोपालन, एसओसी सुमन कुमार,जीएसपी शर्मा, जेएन दत्ता,डीपी रोय, मोहनलाल सिंह, अरूण कुमार महतो, डॉ एफआर साह,मुकेश तोषांण, संजय कुमार, संगीत कुमार, राजेन्द्र कश्यप, धीर प्रताप सिंह के अलावा श्रमिक प्रतिनिधियो मे मुद्रिका प्रसाद, रविंद्रनाथ सिंह, इस्लाम अंसारी, एसके चौधरी, भीम सिंह यादव, विद्यापति सिंह, इकबाल हुसैन, भीम प्रसाद मेहता, कासिम उर्फ मुन्ना, ललन सिंह, अरविंद शर्मा रामू गोप, सतीश पांडेय, कामेश्वर राम, मिथिलेश शर्मा, मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, रीना देवी,रविन्द्र सिंह, मनोज सिंह सहित काफी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# महिलाओं ने श्रमदान कर मुरहू में बनाया बोरीबांध

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जनशक्ति से जलशक्ति अभियान के तहत जिले में पहली बार मुरहू प्रखंड की कोड़ाकेल पंचायत के गुरमी गांव की महिलाओं ने तपती धूप से मुरहू नाला के होम्बा दिरी के पास श्रमदान कर बोरीबांध का निर्माण किया डाला। इस स्थान पर गुरमी समेत मुरहू, चमराटोली और गजगांव की महिलाएं नहाने और कपड़े धोने के लिए पहुंचती हैं। यहां सुबह-शाम चरवाहे मवेशियों को पानी पिलाने के लिए श्रभी लाते हैं, लेकिन प्रचंड गर्मी के कारण यहां पानी लगातार घटता जा रहा था। रविवार को महिलाओं ने बैठक कर बोरीबांध का निर्माण करने का निर्णय लिया। सेवा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शुरू किए इस अभियान का संचालन अब सामुदायिक सहयोग से किया जा रहा है। अभियान के तहत महिलाओं को सीमेंट की खाली बोरियां उपलब्ध कराई गयी। साथ ही सोसाइटी के अध्यक्ष द्वारा महिलाओं को बोरीबांध बनाने का तरीका बताया गया। मुखिया मरियम होरो को जब महिलाओं द्वारा पानी के लिए किए जा रहे संघर्ष का पता चला, तब वे भी होम्बा दिरी पहुंचीं और महिलाओं का उत्साहवर्द्धन किया। बोरीबांध के निर्माण में प्यारी तोपनो, राहिल तोपनो, बेरोनिका तोपनो, नीतिर तोपनो, जीवानी तोपनो, प्रतिमा सोय, जिनिद सोय, अनिता सोय, मरियाम सोय, विश्वासी सोय, सलोमी सोय, शांति प्रभा सोय, बिनीता सोय, अदिति सोय, मरियम सोय, पौलीना समेत अन्य महिलाओं ने श्रमदान किया।

## आंधी से नुकसान का जायजा लेने पहुंचे विधायक

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के इडकु और एडरमहातू गांव में 28 मई को तेज आंधी से आधा दर्जन घरों को नुकसान किया था। आंधी से कई परिवार बेघर भी हुए है। घटना की सूचना पर विधायक सुदेश महतो रविवार को देर शाम गांव पहुंचे और हर परिवार का नुकसान की जानकारी लिए। इडकू गांव के गौरगो पातर, जितू राम महतो और नुनीवाला देवी तथा एडरमहातू गांव के रीता महतो और राजकिशोर महतो के घर जाकर नुकसान की जानकारी लिए। अभी लोगो के घर का एस्बेस्टस उड़ गया था। विधायक ने सभी परिवार को आर्थिक मदद भी किए। इस दौरान विधायक ने जामुदाग टांडघर निवासी अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के सक्रिय सदस्य दिवंगत करम सिंह महतो के घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। इनका निधन 10 मई को हुआ था। मौके पर संजय सिद्धार्थ, संजय महतो, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, रूपकुमार साहू, किरिटी महतो, प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक ,दिलीप कोइरी, बुद्धेश्वर कोइरी, फणिभूषण सिंह मुंडा, दलेल महतो आदि मौजूद थे।

## मैकलुस्कीगंज बघमरी में 16 जून को गंगा दशहरा मेला



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज बघमरी में 16 जून को गंगा दशहरा मेला का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर ग्रामीणों की बैठक रविवार को मैकलुस्कीगंज के रोबिसन बंगला में हुई। जिसकी अध्यक्षता आनंद मुंडा ने किया।बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गंगा दशहरा महोत्सव दामोदर मेला बघमरी में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें कार्यक्रम की तैयारी को लेकर 9 को समीक्षा बैठक की जायेगी। बैठक में पवन साहू, विशेस्वर मुंडा, विनोद राणा, पंचम लोहरा, रविंद्र मुंडा, रामधारी गंझू, मनीष भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

# 15 सूत्री मांग पत्र पर पहल नहीं करने पर नाराजगी जतायी, जल्द होगा आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** डकरा में संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक रविवार को शैलेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन गोल्टेन प्रसाद यादव ने किया। बैठक में उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र डकरा के सभी परियोजना से आये हुए यूनियन प्रतिनिधियो ने बारी-बारी से अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। साथ ही बैठक में कहा गया कि 14 मई को संयुक्त श्रमिक संगठन की ओर से एनके महाप्रबंधक डकरा को 15 सूत्री मांग पत्र दिया गया था। लेकिन प्रबंधन के द्वारा कोई भी पहल अभी तक नहीं किया गया है। जिस पर यूनियन की ओर से प्रबंधन के प्रति नाराजगी व्यक्त किया गया। वहीं कहा गया कि हाल के दिनों मे सीसीएल कर्मी के साथ दो-तीन जगहों पर मारपीट की घटना हुई है जिस पर प्रबंधन का रवैया मजदूरों के पक्ष में बिलकुल नहीं रहा है। ऐसे मे मजदूर अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। कहा गया कि आज से पहले ऐसा परिस्थिति कभी नहीं रहा है। बैठक में तय किया गया कि संयुक्त श्रमिक संगठन क्रमबद्ध आंदोलन के तहत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। जिस को लेकर एनके महाप्रबंधक को संयुक्त श्रमिक संगठन के द्वारा 04 जून को लिखित सुचना के साथ एडीषनल मांग पत्र दिया जाएगा। जिसमें केडीएच परियोजना के लिए 126 हेक्टेयर जमीन का एक साथ सर्वे कराकर ग्रामीण रैयतों को नौकरी एवं मुआवजा एक साथ देने का मांग की जायेगी। पत्र देने के बाद आगे का आंदोलन की रुपरेखा तैयार कर संयुक्त श्रमिक संगठन जोरदार आंदोलन करेंगी, क्योकि अब हद हो गयी है। बैठक में मिथलेश कुमार सिंह, कृष्णा चैहान, डी पी सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रमोद पाठक, हरेंद्र सिंह, दिनेश भर, अरबिंद कुमार, रमेश कुमार सिंह, राजेंद्र चैहान, अजय चैहान, उदय कुमार सिंह, सहित बीएमएस, एचएमएस, एटक, सीटू से संबंधित लगभग सभी यूनियनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# राशन दुकान से नकदी सहित सामान की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के एसीसी कॉलोनी स्थित लोकनाथ प्रसाद अग्रवाल की राशन दुकान में शनिवार की रात चोरों ने लोहे के षीट को तोड़कर चोरी कर लिया। इस संबंध में लोकनाथ प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि सुबह में जब उन्होने दुकान खोला तो दुकान का छत टुटा पाया। साथ ही चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया। चोरों ने गल्ले में रखे लगभग 15 सौ नगदी सहित दुकान में रखे 4 केजी काजु के पैकेट ले गया। चोरों ने नगदी के लिये दुकान में रखे काटुर्न, प्लास्टिक के थैले आदि को भी खंगाला है। घटना की जानकारी खलारी पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया। जानकारी के अनुसार इसके पूर्व भी चोरो ने लोकनाथ अग्रवाल की दुकान में चोरी किया था। साथ ही एक बार उनसे दुकान बंद कर घर जाते समय छिनतई की भी घटना हो चुकी है।

## अनाज से भरा ट्रक बिजली के खंभे में टकराकर पलटा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के जी-टाइप कॉलोनी के समीप खलारी बिजुपाड़ा मुख्य सड़क पर रविवार की सुबह में अनाज से भरा टाटा 407 ट्रबो ट्रक नम्बर जेएच 01 सीसी 7531 अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जी-टाइप के समीप रविवार की सुबह में करीब सात बजे डाल्टनगंज से खलारी होते हुए पतरातू जा रहा टाटा 407 ट्रबो ट्रक नम्बर जेएच 01 सीसी 7531 विपरित दिषा से कोयला खाली करके आ रहे एक एलपी ट्रक और कोयला लोड ट्रक से ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर 11 हजार वोल्ट के बिजली पोल से जा टकाराया और पलट गया। दुर्घटना में आंषिक रूप से घायल ट्रक चालक को खलारी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में मक्का, गेंहू सहित अन्य अनाज के समान लदा हुआ था। वहीं दुर्घटना होने से बिजली पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और जी-टाइप सहित अन्य इलाकों में बिजली बाधित हो गया है। जिसके बाद शाम साढे चार बजे के करीब बिजली आपुर्ति बहाल कर दी गई।

# विरोधी गतिविधियों के आरोप में झामुमो के तोरपा प्रखंड उपाध्यक्ष पार्टी से निष्कासित

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने पार्टी के के तोरपा प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार कर को पार्टी विरोधी गतिविधि के आरोप में पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कर ने छह मई को भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के साथ सोशल मीडिया में एक फोटो पोस्ट किया था, जो पार्टी के अनुशासन के खिलाफ है।

इधर, पार्टी से निष्कासन के बाद संतोष कुमार कर ने भी बयान जारी कर कहा कि झामुमो के वरीष्ट नेता मनमाने ढंग से पार्टी कों चला रहे हैं। इसके कारण उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। ज्ञात हो कि संतोष कुमार कर तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख हैं।

## कोमिडा कासा रेस्टोरेंट के पास रोज होती है मारपीट

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ पर दिवड़ी मंदिर के निकट कोमिडा कासा रेस्टोरेंट में 28 मई की रात लगभग साढ़े दस बजे एक काले रंग का चारपहिया वाहन खडा किया और रेस्टोरेंट के अंदर घुसने लगे होटल के स्टाफ ने गाड़ी को सही ढंग से लगाने को कहा इतने में एक व्यक्ति शराब मांगा इनकार करने पर गाली गलौज करने लगा और रेस्टोरेंट के अंदर घुसकर हल्ला मचाया। संचालक का नंबर मांगा फिर हल्ला गुल्ला करते हुए चला गया लोग उस समय भोजन कर रहे थे। उक्त व्यक्ति ने रेस्टोरेंट को बदनाम करने के लिए गुगल में गलत मैसेज डाल रहा है। रेस्टोरेंट का छबी खराब कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज में उक्त घटना कैद है। रेस्टोरेंट के संचालक आरती कुमारी ने तमाड़ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है। इस मामले को साईवर थाना में में भी दर्ज करने का अनुरोध किया है। पहले भी इस तरह की घटनाएं घट चुकी है। ज्ञात हो की उक्त रेस्टोरेंट तमाड़ के पुर्व विधायक और राजा पीटर की पत्नी आरती संचालक है।

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के शिविर में 63 लोगों ने किया रक्तदान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में द्वारा रविवार को राजस्थान भवन खूंटी में रक्त दान शिविर और सत्संग का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल खूंटी के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में संस्था से जुड़े 63 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर गोला (रामगढ़) से आये संत पंचम दास ने अपने संदेश में रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खून नालियों मे नहीं, नाड़ियों मे बहना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए रांची सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने रक्त दाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्त दान को महादान कहा गया है, क्योंकि इससे कई जिंदगियां बचायी जा सकती है। कई घंटे चले इस कार्यक्रम में सदर अस्पताल खूंटी के चिकित्सक डॉ वीनू वंदना, अनुज कुमार, सुजीत नाग, पूनम भेंगरा, लूसी पूर्ति, सुमित्रा देवी, संत निरंकारी मंडल के मुखी चक्रधारी सिंह, लखविंदर नायक, देवेंद्र गोप, विनोद महतो, राधामुनि सहित संस्था से जुड़े कई लोग शामिल हुए।

## कोयलांचल के बटुका खपिया में धूमधाम से संपन्न हुआ मंडा पूजा

# शिव और शक्ति की कठोर आराधना का पर्व है मंडा पूजा : रौशनलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडु पंचायत के बटुका खपिया में झूलन के साथ दो दिवसीय मंडा पूजा सह मेला शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार रात्री मे फुलकुंदी का आयोजन किया गया, जिसमे 50 भोक्ता तथा 70 महिलाएं दहकते हुए आग के अंगारों में नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया। वही रात्री मे नागपुरी आरकेस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसमे कलाकारो ने एक से बढ़कर एक गीत,नृत्य पेश किया। कलाकारों के कार्यक्रम पर उपस्थित लोग रात भर खूब मनोरंजन किया। वही मेला में काफी संख्या मे लोगो की भीड़ देखी गई। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल लाल चौधरी ने फीता काटकर मेला तथा नागपुरी आरकेस्ट्रा का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों को मंडा पूजा की बधाई दी, साथ ही क्षेत्र में भगवान शिव से खुशहाली की कामना किया। उन्होंने कहा कि मंडा पूजा शिव और शक्ति का कठोर आराधना का पर्व है। मंडा पूजा आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मे बुंडू पंचायत मुखिया तुलसी तुरी, आजसु पार्टी के प्रखंड सचिव सह पंसस प्रतिनिधि मोहन कुमार, श्रवण शर्मा, मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष उदयनाथ महतो, सचिव कुलदीप महतो, कृष्ण कुमार महतो, बलराम महतो, राजेंद्र महतो, मुकुंद महतो, धनंजय महतो, रघुवीर महतो, दीपक कुमार साहू, उपेंद्र यादव, सूरज साव, मुकेश चौधरी, कृष्णा महतो, शैलेंद्र महतो, तारकेश्वर महतो, भरत महतो, विनोद महतो, अशोक महतो, प्रमोद महतो, संतोष पटेल, हीरालाल महतो, देवनारायण महतो, महेंद्र महतो,गणेश महतो, बबलू शर्मा, कामेश्वर महतो, जयनंदन महतो, महादेव तुरी, धनेश्वर महतो, लखपति महतो, फुलदेव महतो, कैलेंडर महतो, नारायण प्रसाद, राजेंद्र शर्मा, सुदामा शर्मा, चेतलाल भुंईया, राधे करमाली उपस्थित थे।

## सीसीएल सीएमडी एनके सिंह ने पिपरवार में अधिकारियों के साथ की बैठक

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार दौरे पर पहुंचे सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एनके सिंह ने बचरा में सीसीएल अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कोयला उत्पादन और डिस्पैच की समीक्षा की। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम सीसीएल सीएमडी एनके सिंह पिपरवार क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने बचरा काली मंदिर मे विधिवत पूजा अर्चना की और सुख, शांति व खुशहाली की कामना की। जिसके बाद सीएमडी एनके सिंह ने बचरा सगंम विहार गेस्ट हाउस के सभागार मे स्थानीय सीसीएल अधिकारियो के साथ बैठक की।

# गोंदलीपोखर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर रविवार की सुबह गोंदलीपोखर बाजार में सफाई अभियान चलाया गया। पीरामल फाउंडेशन की पहल पर चलाए गए इस अभियान में शामिल बेड़वारी गांव के दर्जन भर प्रबुद्धजन, जलसहिया, पंचायत प्रतिनिधि व लोगों ने पूरे बाजार में फैली गंदगी और कूड़े-कचरे को साफ किया। इस अवसर पर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई। पीरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो नारायणी कुमारी एवं मुगीस आलम ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण ,जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि यदि आज हम पर्यावरण व जल संरक्षण के प्रति सजग नहीं हुए तो भविष्य में इसका व्यापक दुष्प्रभाव मानव जीवन पर पड़ सकता है। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले हानिकारक परिणामों से भी अवगत कराया। इस अभियान में सालहन की मुखिया सरिता तिर्की, सामाजिक कार्यकर्ता ज्योतिष महतो, पंकज महतो, अजय सोनी, शिक्षक गोवर्धन महतो, जलसहिया नेहरबाला देवी, वचन देवी, मीरा देवी, ललिता देवी, पूनम देवी, वार्ड सदस्य चंदन देवी, जयंती देवी, टीआरआई सुषमा वर्मा आदि शामिल हुए।

## पूर्व बेंती गांव में चलाया गया सफाई अभियान



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बीसा पंचायत के बेंती गांव में रविवार को सामुदायिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। बतातें चलें कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हर साल बेंती पैना पहाड़ में पांच जून को वन पर्यावरण मेला लगता है। इससे पहले ग्रामीणों ने गांव के हर टोले मुहल्ले में सफाई अभियान चलाया। इसका नेतृत्व समाजसेवी गंधिया करमाली एवं अजय कुमार करमाली ने किया। इस दौरान सड़क, नाली, चपाकल के पास फैली गंदगी, सड़क किनारे उगी झाड़ियों व सोखता गढ़ा कि सफाई के अलावा तालाब किनारे जमा कचड़े को साफ किया गया। इस अभियान में हरिमनी देवी, प्रतिमा देवी, बीरबल करमाली, सुखदेव करमाली, राम करमाली, कमलेश करमाली, सुदामा करमाली, राहुल करमाली, सोमारी देवी, बारी देवी, प्रमिला देवी, बुधन देवी, एश्वर्या देवी, लगनी देवी, चुमनी देवी, बासनी देवी, चाँदनी देवी, पुसो देवी, पुरनी देवी, रामधनी करमाली, सलूवा करमाली, सभनी देवी आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## मारुति मंगल परिवार के सदस्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को कर रहे जागरूक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** मारूति मंगल परिवार के सदस्यों ने गांव के लोगों को राष्ट्र की मुख धारा से जोड़ने के लिए गांव-गांव जाकर अंधविश्वास, बाल विवाह एवं अन्य समाजिक कुरीतियों के झासे में नहीं आने के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। लोगों से जुवा नहीं खेलने, शराब का सेवन नहीं करने, बाल विवाह न करने एवं दो पहिया वाहन पर चलते समय हेल्मेट लगाने की अपील कर रहे हैं। मारूति मंगल परिवार के सदस्यों ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय अक्सर युवा पीढ़ी हेल्मेट नहीं लगाते हैं, जिससे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। रविवार को बड़की गोड़ाग, सोसो एवं नवागढ आदि गांव में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर बिरसा बेदिया, अमरनाथ भोगता और कामेशवर बेदिया आदि उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार मैजिक ने ऑटो को मारी टक्कर, वृद्ध की हुई मौत

## दंपति सहित चार घायल, बाल-बाल बचा डेढ़ माह का बच्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो/इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के महरा पतरा के समीप रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर चचगुरा महरा पतरा के निकट रविवार की सुबह 11.45 बजे एक अंतरा मैजिक ने यात्रियों से भरे ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो में सवार सुका उरांव (60) नामंक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। वह इटकी थाना के चचगुरा बादुर टोली गांव कि रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में दंपति सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चचगुरा गड़गांव निवासी राजकुमार साहू (28), कंचन देवी (27), बेड़ो कुदारखो गांव निवासी अदरस खलखो (55) और चचगुरा बादुर टोली निवासी आरती कुमारी (18) के रूप में हुई है। हालांकि उसका डेढ़ महीने का बेटा बाल-बाल बच गया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही पीसीआर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ सुमन ने जांच के बाद सुका उरांव को मृत घोषित कर दिया। जबिक, घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल दंपति राजकुमार साहू व कंचन देवी को बेहतर उपचार के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक राजकुमार साहू पिस्का नगड़ी के नारो बाजार से सब्जी खरीदने के बाद करीब ग्यारह बजे अपनी पत्नी कंचन देवी और सुका उरांव, आरती उराइन के गोद अवोध वालक और अरसाद खलखो को लेकर बेड़ो की ओर जा रहा था। महरा पतरा के निकट पहुंचते ही सुका उरांव ने आटो को रुकवाया और किराया चुकता कर रहा था। तभी रांची से बेड़ो की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकप वैन ने खड़े ऑटो को पिछे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे ऑटो घसीटता हुआ कुछ दूरी जाकर पल्टी खा गया। जिससे आटो में सवार सुका उरांव के माथे में गहरा चोट लगने से उसकी मौत हो गयी, जबकि राजकुमार का एक पैर और हाथ टूट गया है। वहीं, कंचन देवी को आंदरूनी चोट आई है, आरती उराईन के चेहरे पर चोट गगी है। हालांकि उसकी गोद में मौजूद बालक को हल्का खरोच लगा है। अदरस खलखो को सर में चोटें आई है। घटना के बाद कुछ देर के लिए मार्ग अवरुद्ध हो गये थे। बता दें उच्च मार्ग पर फोरलेन का कार्य चल रहा है जिससे उक्त स्थल पर सकड़ को वन वे किया गया है फलस्वरूप दुर्घटना घट रही है।



वाहन से टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त ऑटो।







## गमगीन माहौल में हुआ युवती-महिला के शव का अंतिम संस्कार

**जमीन धंसने से दोनों की हो गयी थी मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के बोदा गांव स्थित बौली सोकरा जंगल के समीप बौली गढ़ा में शनिवार को मिट्टी धसने से बरती उरांव नामस महिला व सोमेश्वरी धान नामक युवती की मौत हो गई थी। पुलिस ने शाम को पोस्टमार्टम कराने के बाद बरती व सोमेश्वरी का शव परिवजनों को सौंप दिया। शव उनके पैतृक गांव पहुंचने पर मातम छा गया। एक ही गांव में गरीबी के कारण दो लोगों की मौत से हर किसी की आंखे नम थी। वहीं, रविवार की दोपहर गमगीन माहौल में शवों का अंतिम संस्कार गांव के महरा बगीचा में किया गया। बरती को मुखाग्नि उसके पति धन्नो भगत व सोमेश्वरी को मुखाग्नि बड़े भाई सुशील भगत ने दिया। वहीं मुखिया वीरेंद्र भगत ने बताया कि मृतिका बरती उरांव के पति तमिलनाडु में मजदूरी करने गया था। जो रविवार की सुबह में ही गांव पहुंचा। वहीं सोमेश्वरी दो भाइयों व चार बहनों में सबसे छोटी थी। जो अपने पिता के निधन पर 24 मई को गांव आई थी। वह भी बाहर प्राइवेट कंपनी में काम करती थी। इधर, मुखिया ने दोनों परिवार के स्वजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही पीड़ित दोनों परिवार के आश्रितों को मुआवजा दिलाये जाने का आश्वासन दिया। मौके पर ग्राम प्रधान सुरजा मुंडा उपमुखिया जितिया उरांव वार्ड सदस्य बबलू लोहरा सहित ग्रामीण मौजूद थे।





## 60 फीट गहरे नाले में गिरी स्कॉर्पियो बाल-बाल बचे लोग

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बैदकारो सूर्य मंदिर परिसर से रविवार देर शाम एक स्कॉर्पियो मंदिर की बाउंड्री वॉल तोड़कर 60 फीट नीजे गहरे नाले में जा गिरा। हालांकि उसमें सवार छह लोग बाल-बाल बच गये। मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों ने स्कॉर्पियो में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल। उक्त वाहन में सवार सभी लोग भगवान सूर्य देव के दर्शन के लिए मंदिर जा रहे थे। तभी पार्किग के पास गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया, जिससे हादसा हुआ।

## वज्रपात से मरे मवेशी मालिकों को मिलेगा मुआवजा : नितिन शिवम

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** क्षेत्र में शनिवार को आयी तेज आंधी व बारिश के दौरान हुए वज्रपात से प्रखंड के सावया गांव में डैम किनारे चर रहे 32 मवेशियों की मौत हो गई थी। इसकी खबर सुनकर ओरमांझी अंचलाधिकारी नितिन शिवम गुप्ता, पशु चिकित्सक के साथ सावया गांव डैम किनारे पहुंचे और मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया। साथ ही मवेशी मालिकों को आश्वस्त किया कि सरकार की ओर से प्राकृतिक आपदा से मरने पर इंशानों के साथ ही जानवरों के लिए भी मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। अलग-अलग वर्ग के मवेशियों के लिए अलग-अलग मुआवजे राशि की व्यवस्था बनाई गई है ।मुआवजा की राशि अधिकतम लगभग 20 लाख रुपये तक है।



# रातू के एतवार बाजार से ऑटो-बाइक चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के संडे मार्केट में वाहन चोरी की घटना रूकने का नाम नहीं ले रही है। वाहन चोर गिरोह के सदस्य सक्रिय हैं और रातू पुलीस से आंख मिचौनी का खेल खेल रहे हैं। रविवार को भी थाना क्षेत्र के संडे मार्केट से ब्रजपुर निवासी कृष्णा कुमार चौधरी का ऑटो चोरी कर ली गई। जानकारी अनुसार ऑटो चालक पैसेंजर लेने के लिए ऑटो खड़ा कर बाजार के अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाहर आया तो ऑटो गायब पाया। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के ही गोविंदनगर निवासी निलोत्पल कुमार के साथ घटित हुई। जब वो बाजार में अपनी बाइक खड़ी कर सब्जी लेने अंदर गए तो अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी कर ली। मामले को लेकर दोनों वाहन मालिक ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## रातू में पैदल जा रही महिला से चेन छिनतई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में पैदल जा रही एक महिला से उसके गले से सोने की चेन छिनताई कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक रानी बगीचा रोड नंबर दो निवासी श्यामसुंदर सिंह की पत्नी राधिका देवी शनिवार की शाम अपने घर से पास ही शाम को भ्रमण पर निकली थी। वह पैदल चल रही थी। तभी पीछे से एक बाईक में सवार दो छिनताईबाज पहुंचे और महिला के गले से चेन झपट लिया। इसके बाद वे तेज रफ्तार में वहां से भाग निकले। चेन छिनतई के बाद महिला जोर-जोर चिल्लाने लगी। जिसे सुनकर आसपास के लोग जुट गए। मामला की जानकारी रातू पुलिस को दी गई। महिला ने बताया की चेन कीमती था। इधर, पुलिस चेन स्नैचर छिनताईबाज को पकड़ने में जुट गई है।

## रातू में व्यक्ति का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के बाजरा हेहल स्थित डीएवी स्कूल के पास से रातू पुलीस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलीस के अनुसार सड़क किनारे उक्त व्यक्ति का शव रविवार की सुबह पड़े होने की सूचना मिली थी। स्थानीय लोगों ने उसकी सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मामला दर्ज कर शव की पहचान सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर कल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** महिलोंग द्वारिका नगर स्थित द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में द्वारिका हॉस्पिटल एवं छात्र कल्ब चिकित्सा मंच के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन मंगलवार की सुबह 10 बजे से होगा। अस्पताल के निदेशक डॉ एसके निराला ने बताया कि शिविर में ह्रदय, शिशु एवं महिला रोग की जांच की जाएगी। जिसमें मेदांता अस्पताल के ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, द्वारिका हॉस्पिटल के शिशु विशेषज्ञ डॉ एंटोनी किस्कू एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पीआर बाखला सेवाएं देंगे। उन्होंने जरूरतमंद लोगों से शिविर का लाभ लेने की अपील और आधार कार्ड के साथ राशन कार्ड लाने वालों को विशेष सुविधा देने की बात कही। उक्त जानकारी छात्र चिकित्सा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं हॉस्पिटल के जनसंपर्क अधिकारी दिवा पासवान ने दी।

## मांडर टोल प्लाजा के समीप अनियंत्रित ट्रक पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**मांडर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 39 में मांडर टोल प्लाजा के समीप रविवार को रांची की ओर से आ रहा एक माल वाहक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर अचानक पलट गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बताया जा रहा कि ट्रक माल लेकर रांची से लोहरदगा की ओर जा रहा था। तभी उक्त स्थान पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। इसके बाद टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा ड्राइवर और खलासी को ट्रक से बाहर निकल गया जो पूरी तरह से सुरक्षित थे।

## बेड़ो के मुरतो में झूलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा संपन्न

# ऐतिहासिक मंडा पर्व हमारे पूर्वजों की देन: सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के मुरतो गांव में शनिवार को नव युवक संघ मंडा पूजा समिति की ओर से मंडा मेला व झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भी शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले भगवान भोले बाबा के मंदिर में मत्था टेका और क्षेत्र की जनता के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम उद्घाटन किया। सन्नी टोप्पो ने कहा कि ऐतिहासिक मंडा पर्व हमारे पूर्वजों की देन है। भगवान शिव की उपासना कर मन्नत और अच्छी बारिश की कामना करते हैं, ताकि घर में सुख शांति बनी रहे। परिवार में खुशियां आए। कहा कि मंडा पूजा की शुरूआत नागवंशी राजाओं ने की थी। मंडा पूजा का इतिहास काफी प्राचीन है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, झारखंड में की जानेवाली मंडा पूजा भगवान भोले शंकर की पहली पत्नी सती के बलिदान की याद में की जाती है। मंडा पूजा करनेवाले भक्त इसे माता सती का आशीर्वाद मानते हैं। जिससे गांव घर खुशहाली से हमेशा भारी रहे।

वहीं शाम से रात भर रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी ग्रामीणों को झुमाने पर विवश कर दिया। वहीं कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सभी ग्रामीणों को झुमाने पर विवश कर दिया। मौके पर पुजारी कमल दास, इक्कीस पड़हा राजा महादेव कुजूर, संजीत साहू, कुमुद वर्मा, सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, मंटू साहू, आंनद गुप्ता, विष्णु साहू, अर्पन, छोटु, संगरक्षक डॉ राजेश कुमार, महावीर साहू, कलिंद्र साहू, अरूण साहू, सचिंद्र गोप, तपेश्वर ठाकुर आदि मौजूद थे।





## बेड़ो में दो अलग-अलग जगहों पर वार्षिक पड़हा जतरा समारोह आज, तैयारियां पूरी

**मंत्री दीपक बरुआ व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की होंगी शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के दो अलग-अलग जगहों पर सोमवार को लगने वाली पड़हा जतरा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बेड़ो बाजार टांड में 58 वां वार्षिक पड़हा जतरा व पड़हा सभा महोत्सव का नेतृत्व हजारीबाग विनोवा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सह केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के संरक्षक डॉ रविंद्र नाथ भगत करेंगे। साथ ही दर्जनों पड़हा राजा के नेतृत्व में बेड़ो बाजार टांड़ में पड़हा के प्रतीक चिन्हों में लकड़ी के बने हाथी, घोड़ा, रंपा चल्पा, तेंगरा जाता, मगरमच्छ, बाघ, ढोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा व रणभेरी आदि के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं बारीडीह बागीचा में पड़हा जतरा केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के संरक्षक नीलमनी भगत व संचालन समिति की सामुहिक अगुवाई में 35 वां वार्षिक पड़हा जतरा समारोह का आयोजन किया जाएगा। दोनों ही कार्यक्रम बेड़ो बाजार टांड़ में 58 वां व बारीडीह जतरा टांड़ में आयोजित 35वां वार्षिक पड़हा जतरा समारोह के मुख्य अतिथि कल्याण मंत्री दीपक बिरुआ व विशिष्ट अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की होंगे। बारीडीह जतरा बागीचा में पड़हा राजा व संरक्षक नीलमनी भगत की अगुवाई में प्रतीक चिन्हों के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं प्रशासनिक स्तर पर दोनों पड़हा जतरा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी व डीएसपी के नेतृत्व में सशस्त्र बल,महिला सशस्त्र बल,लाठी पार्टी,अश्रु गैस व जिला पुलिस बल तैनात रहेंगे।



### तीरंदाजों के कमान से संत मरियम का बढ़ा मान, चेयरमैन ने किया प्रतिभागियों को सम्मानित

# खेल के क्षेत्र में भी अपनी पहचान स्थापित करें छात्र : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने विगत दिनों अंतर जिला स्तरीय तीरंदाजी सेमिनार में भाग लिया। पलामू, चतरा और हजारीबाग से 60 खिलाड़ी मौजूद थे। जहां पलामू के संत मरियम स्कूल से खिलाड़ियों ने 40 मीटर के तीरंदाजी खेल में अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच मनोज कुमार ने दिया। इस उपलब्धि के लिए तीरंदाजो को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अब वह दौर नहीं रहा जहां केवल पढ़ाई से ही अपनी पहचान स्थापित की जा सके, बल्कि बदलते परिदृश्य और समय की मांग है की बच्चें पढ़ाई के अलावा विभिन्न खेलों में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करें। बहुत सराहनीय है कि इस विद्यालय के तीरंदाज जोश, जज्बे और अपने धुन के तीर से इनके विरुद्ध प्रतिस्पर्धा कर रहे खिलाड़ियों के हौसलों को भेद कर संत मरियम का सिर ऊंचा किया। कहा कि मैं उम्मीद करुंगा कि यह तीरंदाज राज्य स्तरीय और देश स्तरीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक प्रतिस्पर्धा कर अपने तीर से देश के तिरंगा को लहरा सके। वहीं, संत मरियम स्कूल के खेल प्रशिक्षक सुमित बर्मन ने बताया कि यह सेमिनार खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया था, ताकि आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सके। यह सेमिनार 25 से 26 मई तक हाजिरबाग स्टेडिम में आयोजित की गई थी जिसमें हजारीबाग संघ के सचिव मनोज कुमार ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। इस सेमिनार में संत मरियम स्कूल से अंकित शर्मा, विशाल कुमार, रोहित कुमार, प्रीतम राज, सूरज चौधरी, अंश राज, सौरव कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, हिमांशु कुमार यादव और अभय सिंह ने भाग लिया था।



तीरंजादी प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अविनाश देव।

## एसएसपी ने 4 को मतगणना को लेकर जवानों को दिया निर्देश

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के शांति पूर्वक सफलता में अपना योगदान देकर चुनावी ड्यूटी (मतदान) से वापस लौटने पर धनबाद जिला पुलिस बल के जवानों को पुलिस केंद्र धनबाद में वरीय पुलिस अधीक्षक श्री ह्रदीप पी जनार्दनन ने मतगणना के दौरान कर्तव्यों को लेकर मार्गदर्शित किया गया। सभी जवानों को संबोधित करते हुए एसएसपी ने आगामी 4 जून को मतगणना के अवसर पर धनबाद में विधि व्यवस्था बनाये रखने व मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए उचित मार्गदर्शन देते हुए कर्तव्यों के निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने को लेकर निर्देशित किया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 2) संदीप गुप्ता, सर्जेन्ट मेजर अवधेश कुमार समेत पुलिस बल के कई जवान उपस्थित थे।

## मिशन समृद्धि संस्था की सदस्य ने गरीबों के बीच मनाया पोते का जन्म दिवस



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भागलपुर निवासी मिशन समृद्धि संस्था की सहयोगी आरती श्रीवास्तव अपने पोते आर्हन जो कैलिफोर्निया में अपने माता-पिता के साथ रहता है का दूसरा जन्मदिन भी इसी संस्था में मनाया। वे खुद भी अधिकांश समय वहीं बीताती हैं। उनका कहना है कि मैं शारीरिक रूप से मेदिनीनगर में नहीं हूं लेकिन मानसिक रूप से इस संस्था के जरूरतमंदों के प्रति इनकी सेवा को देखते हुए अपना छोटा सा योगदान देने के प्रयास में लगी रहती हूं। आरती जी की ओर से दोना पत्तल दातून बेचने वालों और शनि मंदिर के आसपास जरूरतमंदों के बीच पूरी सब्जी का वितरण किया गया। पाठशाला के बच्चों के लिए भी केक का प्रबंध कराया। कैलिफोर्निया में रह रहे बच्चों का जन्मदिन या फिर लग्जंबर रहने वाले अपना एनिवर्सरी मिशन समृद्धि संस्था में मनाते हैं तो यह उनका संस्कार और बड़प्पन है। आरती श्रीवास्तव ने जरूरतमंदों को भोजन कराया इसके लिए हमसब आभारी हैं। इस मौके पर बैजंती गुप्ता, वीणा गुप्ता, रंजीता, आशा शर्मा, शैलेंद्र सिंह आदि का आभार जताया।

## छतरपुर प्रखंड में पदाधिकारियों के संरक्षण में धड़ल्ले से जारी है बालू का अवैध कारोबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** प्रखंड में पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से एनजीटी ने पूरे देश में बालू के अवैध उठाव व भंडारण पर रोक लगा दी है। इसके बावजूद छतरपुर प्रखंड में अधिकारियों के संरक्षण में बालू का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। प्रतिदिन बालू माफिया बालू का अवैध भंडारण कर ट्रेलर, हाइवा एवं ट्रैक्टर की मदद से रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर बालू बाहर भेज रहे हैं। छतरपुर क्षेत्र में उदयगढ़, गोसाईडीह, मड़वा खजूरी/नौडीहा, रूद, बेलहारा के बांकी नदी के इलाके से बालू उठाकर भेजा जाता हैं। इस बाबत मुखिया ने बताया कि छतरपुर सीओ से उनलोगों ने पंचायत में चल रही योजनाओं को पूरा करने के लिए कितनी बार चलान निर्गत करने को कहा। पर वे टालमटोल करते रहे। वहीं, माफियाओं द्वारा बालू का उठाव किया जा रहा है। पर इसपर कोई संज्ञान आज तक नहीं लिया गया। मुखिया ने आरोप लगाया कि इससे यही प्रतीत होता है कि इनके संरक्षण में ही हजारों सीएफटी बालू उठाव किया जा रहा है। मुखिया ने सीओ पर आरोप लगाया है कि अगर हमलोग अपने पंचायत में चल रहे प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा से संबंधित योजना के लिए बालू मंगवाकर कार्य करवा रहे हैं तो इसपर भी सीओ को आपत्ति है। इसका ताजा मामला खजूरी निवासी शैलेंद्र कुमार सिंह है, जो क्षेत्र भ्रमण के दौरान खुद छतरपुर सीओ ने खाली ट्रैक्टर को पकड़ कर भयादोहन किया है। इस बाबत एक शिकायत पत्र भी एसडीओ के नाम दिया गया है। जिसमें बताया गया है कि खाली गाड़ी छोडने के एवज में सीओ द्वारा 50 हजार रुपये मांगे गये हैं। नहीं देने पर उनकी गाड़ी को जब्त कर खजूरी पिकेट में लगा दिया गया और प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गयी है। उन्होंने इसकी जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, खजूरी/नौडीहा के मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ के संरक्षक हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि छतरपुर सीओ की मनमानी से हमलोग त्रस्त है।

## सीओ व थाना प्रभारी ने विवाद सुलझाया, स्थिति सामान्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव में शुक्रवार की रात आठ बजे टेपों हटाने को लेकर हुए मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें एक वृद्ध की जान चली गई। जबकि कई घायल हैं। इसे लेकर जारी तनाव रविवार को अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी के सहयोज से कम हो सका है। रविवार को हुसैनाबाद के अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह दल बल के साथ चौखड़ा गांव में पहुंच कर दोनों पक्षों के साथ बैठक की। जिसमें विवाद का निबटारा कर शांति व्यवस्था कायम रखने का ग्रामीणों से आग्रह किया। थाना प्रभारी ने बताया कि मारपीट में घायल व जान जाने के मामले में दोनों पक्ष के आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम करेगा। किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। गौरतलब हो कि गत शुक्रवार को चौखड़ा गांव निवासी अजित साव अपने घर के कुछ दूरी पर स्थित सरकारी आहर के पास प्रतिदिन ऑटो लगाता था। वहां से गांव के ही दूसरे पक्षों ने ऑटो हटाने को बोला। इसी को लेकर दो पक्ष के बीच मार पीट हो गई। जिसमें अजित प्रसाद साव, विनोद साव, गोपाल कुमार गुप्ता, राजू सिंह, राजन सिंह, बबलू कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। वही लखदेव साव की मौत इलाज के दौरान हो गई। दोनों पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए पुलिस शनिवार से कैंप कर रही थी। मौके पर प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, एनसीपी नेता बिनय पासवान समेत कई प्रबुद्ध लोग व ग्रामीण मौजूद थे।



## स्पोर्ट्स



भारत के 18 साल के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में अपनी अविश्वसनीय बढ़त जारी रखी। शनिवार की देर रात दुनिया के नंबर-2 फैबियानों कारुआना को हरा दिया।

# आर प्रगनानंद ने वर्ल्ड नंबर-2 फैबियानो कारूआना को हराया

### नॉर्वे चेस टूर्नामेंट के पांचवें राउंड में जीते, वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप-10 में आये

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के 18 साल के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में अपनी अविश्वसनीय बढ़त जारी रखी। दुनिया के नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हराने के बाद, प्रगनानंद ने शनिवार देर रात दुनिया के नंबर-2 फैबियानो कारूआना को हराया। इस जीत से प्रगनानंद को वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप-10 में पहुंचने में मदद मिली। टूर्नामेंट में इससे पहले प्रगनानंद ने बुधवार 29 मई को स्टावांगर में नॉर्वे चेस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज की थी। कार्लसन के घर में ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टॉप-6 खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट के ओपन सेक्शन में बढ़त हासिल की थी। सफेद मोहरों से खेलते हुए, पिछले साल के एफआइडीइ वर्ल्ड कप उपविजेता ने कार्लसन को हराया था। फिलहाल आर प्रगनानंद 8.5 रेटिंग के साथ तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 5 मुकाबलों में से 2 जीते, 1 हारा और 2 मैच ड्रॉ रहे।



### वैशाली 5 राउंड के बाद पहले नंबर पर

प्रगनानंद की बहन आर वैशाली ने आमार्गेडन टाई-ब्रेकर में चीन की लेई टिंगजी को चेकमेट करके अपनी बढ़त बढ़ा ली। वे पांच राउंड के बाद विमेंस कैटेगरी में 10 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर हैं। उन्होंने 5 मैचों में 2 मुकाबले जीते और 3 ड्रॉ रहे। बतातें चलें कि नॉर्वे चेस के मेन इवेंट में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने वर्ल्ड चैंपियन डिंग लिरेन को हराया। नौ साल में पहली बार नाकामुरा की रेटिंग 2800 से अधिक पहुंची, क्योंकि उन्होंने लिरेन को लगातार तीसरी बार हराया है, जो लाइव रेटिंग लिस्ट में टॉप-10 से बाहर हैं। प्रगनानंद को चौथे राउंड में क्लासिकल गेम में हिकारू नाकामुरा ने हराया। अमेरिकी खिलाड़ी ने काले मोहरों के साथ 86 चालों में जीत हासिल की, क्योंकि प्रगनानंद ने शुरूआत में अपना घोड़ा खो दिया और ज्यादा फायदा उठाने में विफल रहे। एक अन्य रोमांचक मैच में मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल गेम में अलीरेजा फिरौजा को हराया। कुल नौ अंकों के साथ कार्लसन टूनामेंट में नाकामुरा से सिर्फ एक अंक पीछे हैं, जबकि भारतीय खिलाड़ी 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### पिता बैंक में काम करते हैं, मां हाउस वाइफ

प्रगनानंदा का जन्म 10 अगस्त, 2005 को चेन्नई में हुआ। उनके पिता स्टेट कॉपोर्रेशन बैंक में काम करते हैं, जबकि मां नागलक्ष्मी एक हाउसवाइफ हैं। उनकी एक बड़ी बहन वैशाली आर हैं। वैशाली भी शतरंज खेलती हैं। प्रगनानंदा का नाम पहली बार चर्चा में तब आया, जब उन्होंने 7 साल की उम्र में वर्ल्ड यूथ चेस चैम्पियनशिप जीत ली। तब उन्हें फेडरेशन इंटरनेशनल डेस एचेक्स मास्टर की उपाधि मिली। प्रगननंदा 10 साल की उम्र में 2016 में शतरंज के सबसे युवा इंटरनेशनल मास्टर बने थे। वे 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन गए और सबसे कम उम्र में यह उपाधि हासिल करने वाले भारतीय बने। इस मामले में प्रगनानंदा ने भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद का रिकॉर्ड तोड़ा।

# विपक्ष हार का ठिकरा इवीएम पर फोड़ने को है तैयार : शिवकुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता शिवकुमार मिश्रा ने शनिवार को दिल्ली में हुई आइएनडीआइए महागठबंधन के नेताओं की बैठक पर कटाक्ष किया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सात चरण का मतदान समाप्त होने के बाद एक्जिट पोल में भाजपा-एनडीए तीसरी बार केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बना रही है। यह देख विपक्षी खेले में खलबली मच गई है। विपक्ष के नेता अब योजना बना रहे हैं कि कैसे इवीएम पर हार का ठिकरा फोड़ कर अपनी नाकामियों को छिपाया जाए। यही कारण है कि आज बड़े नेताओं ने दिल्ली से रांची तक इवीएम का रट शुरू कर दिया है। एक-दो दिनों में छुटभैया नेता भी इवीएम पर भड़ास निकलने लगेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति जो जनता का विश्वास है इसका अनुमान लगाना अधिकांश के बस में नहीं। वह चार जून को परिणाम के दिन ही दिख पाएगा। कहा कि जनता मोदी जी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सबका विकास पर भरोसा जताया है। इसके लिए प्रधानमंत्री जी ने भी भरपूर प्रयास कर आम जन के लिए जन कल्याणकारी एवं देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाएं लगातार क्रियान्वित कर रहे हैं। जिससे भारत विकसित राष्ट्र बन सके। इस लिए 400 भी पार हो जाना कोई बड़ी बात नहीं होगी। अगर ऐसा हुआ तो सबसे पहले झारखंड के भ्रष्टाचारी महागठबंधन सरकार की उल्टी गिनती शुरू होना तय है।



## मतगणना के बाद जब तक सर्टिफिकेट नहीं मिल जाता कार्यकर्ता स्थान ना छोड़ें: संतोष

**चार जून को होने वाले मतगणना की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मतगणना स्थल कृषि बाजार के वार रूम में रविवार को कांग्रेस की जरूरी बैठक हुई। जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि आइएनडीआइए महागंठबंधन के नेता-कार्यकर्ता 77 दिनों से जो लड़ाई लड़ रहे थे वह अंतिम चरणों में पहुंच चुका है। 4 जून को मतगणना होनी है। वह अंतिम लड़ाई है। जिसमें कांग्रेस के जितने भी मतगणना पदाधिकारी होंगे, वह पार्टी के निर्देशों का पालन करेंगें। वीवी बैड का मिलन करेंगे और हर बूथों से जो 17सी निर्गत किया गया है। इवीएम की बैट्री चार्ज है या समाप्त है। इंवीएम या वीवीपैड में कोई छेड़छाड़ हुई है या नहीं उसका मुस्तैदी से मिलान करें। वोट, समय और जो आप लोगों के पास भी मौजूद रहेगा, इवीएम नंबर का मिलान कर लेना है। इसकेबाद ही इवीएम मशीन को खोलने की अनुमति देनी है। उसके बाद में जब तक सर्टिफिकेट नहीं सौंप दिया जाता है तब तक अपने स्थान को नहीं छोड़ना है। क्योंकि आज की मौजूदा सत्ता है, वह छल बल और धन का जब से चुनाव शुरू हुआ है उसी समय से उपयोग कर रही है। जब चुनाव आयुक्त के पास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे साहब 14 शिकायतें लेकर पहुंचे जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस लिए किसी पर भरोसा ना करें। क्योंकि सत्ता के साथ जो भी संवैधानिक संस्थाएं हैं वह मिली हुई है। विपक्ष की बातों पर भी कोई संज्ञान नहीं ली जा रही है, जो सोच का विषय है। इसलिए कांग्रेस जनों और जो मतगणना में भाग लेने वाले पार्टी के लोग होंगे वह मुस्तैदी के साथ मतगणना स्थल पर डटे रहे। बैठक में आरसीएमयू के एके झा, प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता शमशेर आलम,प्रदेश सचिव रवि रंजन सिंह जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी, राम जी भगत, संतोष चौधरी, रवि चौबे, जीतेश कुमार सिंह, प्रीतम रवानी, नागेंद्र सिंह, राखाल दास, अवधेश पासवान, प्रभात सुरेलिया, मनोज कुमार सिंह, संजय पाठक, इम्तियाज अली, राजू नोनिया, मंटू दास, बबलू दास, दीपक प्रजापति, आशीष सिन्हा, दिनेश यादव, विशाल राउत, दीपक सिंह, नवीन पासवान, पवन रजक डेविड सिंह, प्रसाद निधि इरफान चौधरी, पूर्णेंदु सिंह, राजेंद्र चौहान, मिनिस्टर यादव, पिंटू तुरी युवा कांग्रेस के सोनू कुमार, वीरेंद्र पासवान, अक्षयबार प्रसाद आदि मौजूद थे।



## लोहा चोरी में बड़े भाई शौकत की राह चला छोटा भाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा।** जिले के जोगता थाना अंतर्गत अवैध लोहा माफिया शौकत खान उर्फ मोना बीसीसीएल के लोहा पर हाथ साफ करते आ रहा है। जोगता पुलिस और सीआइएसएफ शौकत के काले धंधे पर पर्दा डालते रहते हैं। सूत्रों की मानें तो अवैध लोहा कारोबारी शौकत सीआइएसएफ और स्थानीय पुलिस को चढ़ावा देकर दिन के उजाले में बीसीसीएल का लोहा काट रहा है। बताते चलें कि सिजुआ स्टेडियम के सामने बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के टूट रहे पुराना ऑफिस के पीछे स्थानीय अवैध लोहा कारोबारी शौकत खान द्वारा बीसीसीएल के टावर को गैस कटर से गिराकर अवैध लोहा कटाई कर रहा है। बीसीसीएल के पुराने टावर को गिराकर लगभग 15 से 20 मजदूर गैस कटर मशीन से उसके टुकड़े-टुकड़े कर ठेला में लाद कर शौकत खान के गोदाम तक पहुंचा रहे हैं। शौकत खान की पहुंच कई वरिष्ठ अधिकारियों व सफेदपोश नेताओं तक है। शायद इसलिए अवैध लोहा कटाई कर लाने ले जाने में उसे कोई दिक्कत नहीं होती है, जबकि रास्ते में सीआइएसएफ कैंप और जोगता थाना मौजूद है। अवैध लोहा केस काले कारोबार में शौकत उर्फ मोना का छोटा भाई तालीम भी संलिप्त है जिसे लोहा का ठेला खींचते हुए अक्सर देखा जाता है। बता दें कि जोगता थाना में लोहा कारोबारी शौकत खान के खिलाफ कई मामले भी दर्ज हैं।




## पेलोडर से ट्रक लोडिंग को लेकर तीसरे दिन भी तनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** विश्वकर्मा प्रोजेक्ट लोडिंग पॉइंट पर फॉर्वड डीओ के उठाव को लेकर अंसगठित मजदूरों के दो गुटों में रविवार को तीसरे दिन भी तनाव की स्थिति बनी रही। जिस कारण पावर प्लांट को जाने वाला कोयला डिस्पैच बाधित रहा। बतातें चलें कि मजदूरों के एक पक्ष में शामिल जश्रसं, बीसीकेयू, झामुमो समर्थित असंगठित मजदूर पे लोडर से फॉरवर्ड डिओ कोयला उठाव के पक्ष में है। जबकि दूसरी ओर युवा बेरोजगार मंच समर्थित मजदूर फारवर्ड डीओ कोयला का उठाव पे लोडर की जगह मैन्युअल लोडिंग करने की मांग पर अड़े हुए हैं। बीसीकेयू असंगठित मजदूर नेता धर्म बाउरी का कहना है कि पूर्व से फारवर्ड डीओ कोयला का उठाव पे लोडर से किया जाता था। जिसमें असंगठित मजदूर भी शामिल रहते थे। जिसका सीधा लाभ गरीब, दलित असंगठित मजदूरों को मिलता था, लेकिन अब कुछ लोग अपने स्वार्थ के कारण पे लोडर लोडिंग का विरोध कर रहे हैं। जबकि पावर प्लांट को जाने वाला कोयला भी पे लोडर से लोड किया जाता है। अगर फॉरवर्ड डीओ पे लोडर लोडिंग से नहीं होगा तो पावर प्लांट जाने वाले कोयले को भी मैन्युअल लोड किया जाना चाहिए। वहीं, मंच के अध्यक्ष गुड्डू सिंह का कहना है कि फॉरवर्ड डीओ कोयला असंगठित मजदूरों से लोड करने पर मजदूरों का रोजगार बढ़ेगा। संगठन के सैकड़ो मजदूर पर्याप्त काम के अभाव में लोडिंग पॉइंट से मायूस होकर लौट जाते हैं। इस कारण मंच समर्थित मजदूर मैन्युअल लोडिंग की मांग फॉरवर्ड डीओ में कर रहे हैं। वहीं बीसीसीएल प्रबंधन के अधिकारी असंगठित मजदूरों के दो पक्षों में बढ़ रहे तकरार को सुलह कराने में जुटे हुए हैं।



## हड़कंप : बेरमो एसडीओ ने दूसरे दिन भी की औचक कार्रवाई, मिले कई सुराग

# मां शारदा सेवा सदन अस्पताल से पुलिस ने जब्त की एक्सपायरी दवा

### अनियमितता पाये जाने पर अस्पताल को किया जा चुका है सील

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** बेरमो एसडीओ अशोक कुमार ने रविवार को भी कार्रवाई करते हुए मां शारदा सेवा सदन अस्पताल में एक्सपायरी दवा जब्त की है। बतातें चलें कि शनिवार को भी उक्त अस्पताल में अनियमितता पाये जाने पर उसे सील कर दिया गया है। इसके दूसरे दिन भी गोमिया बीडीओ महादेव महतो, गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी बहादुर मुखी और थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता के साथ जांच पड़ताल की गई। इस संबंध में एसडीओ ने बताया कि बोकारो डीसी ने आज भी कई निर्देश दिए गए हैं, जिसके आलोक में पुनः अस्पताल में जांच पड़ताल की गई। जांच के दौरान उक्त अस्पताल में मौजूद दवाइयों की बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस क्रम में



मां शारदा सेवा सदन अस्पताल में दवाइयों की जांच करते बेरमो एसडीओ अशोक कुमार व अन्य।

एक्सपायरी दवा जब्त की गयी। अस्पताल से दवा से संबंधित डायरी को भी जब्त किया गया है, जिसमें कई खुलासे होने का अनुमान है। एसडीओ ने कहा कि 29 मई को सर्पदंश से एक बच्ची की मौत हो गई थी। मृतक के परिजन ने गोमिया स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि समय पर चिकित्सक नहीं रहने के कारण इलाज नहीं हो सका। जिस कारण बच्ची की मौत हो गई। इसी मामले को डीसी विजया जाधव ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। दरअसल परिजनों का आरोप है कि घटना के दिन डॉ चंचला की ड्यूटी थी और वे अस्पताल में उस दौरान मौजूद नहीं थी। वहां कार्यरत कर्मचारियों द्वारा सूचना दिया गया, इसके बाद भी वे नहीं पहुंची। डॉ चंचला पर आरोप है कि वे मां शारदे सेवा सदन में भी सेवा देती हैं। इसलिए उक्त अस्पताल की जांच की गई और उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# डॉक्टर की लापरवाही से ही हुई थी सर्पदंश की शिकार प्रिया की मौत

### सरकारी पैसा लेकर प्राइवेट अस्पताल में सेवा दे रहे तीन-तीन चिकित्सक

**बेरमो एसडीओ की जांच रिपोर्ट में खुलासा, प्रतिवेदन रिपोर्ट डीसी को सौंपी, अस्पताल सील**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआटाड़/कसमार।** महुआटाड़ थाना क्षेत्र के बड़की पुन्नू निवासी नौ वर्षीय प्रिया कुमारी की मौत चिकित्सक की लापरवाही के चलते ही हुई थी। बेरमो एसडीओ अशोक कुमार ने मामले की जांच कर शनिवार की शांम को ही रिपोर्ट डीसी को सौंप दी है। जिसमें चिकित्सक की लापरवाही का उल्लेख किया गया है। एसडीओ ने रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि मृतका प्रिया के परिजन 29 मई की सुबह 6.18 बजे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। उस समय चिकित्सक डॉ चंचला उपस्थित वहां नहीं थी। यहां पदस्थापित एएनएम कुमकुम कुमारी ने चिकित्सक डॉ चंचला कुमारी को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। जबकि, स्वास्थ्य केंद्र में सर्पदंश से उपचार संबंधित दवा उपलब्ध है। इससे संबंधित डाक्टर की लापरवाही स्पष्ट इंगित होती है। जांच प्रतिवेदन में इस बात का भी उल्लेख है कि सीएचसी गोमिया में पदस्थापित डॉ चंचला कुमारी अपने पति डॉ जितेंद्र कुमार के साथ सीएचसी गोमिया से कुछ ही दूरी पर निजी अस्पताल/क्लीनिक मां शारदा सेवा सदन गोमिया में सेवा देती हैं। दूसरी ओर, बेरमो एसडीओ ने रविवार को जब मां शारदा सेवा सदन अस्पताल का औचक जांच किया, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आएं हैं। अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन में लिखा है कि उक्त निजी अस्पताल/क्लीनिक के संचालन में भारी अनियमितता बरती गई है। मां शारदा सेवा सदन के मैनेजर विवेक कुमार एवं डॉ जितेंद्र कुमार से क्लिनिक संचालन से संबंधित निबंधन प्रमाण पत्र की मांग की गई, पर उनके द्वारा निबंधन प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया। बताया गया कि नवीनीकरण के लिए आवेदन किया गया है। जिससे स्पष्ट है कि बिना निबंधन के ही अवैध रूप से सेवा सदन का संचालन किया जा रहा है। जांच में यह पाया गया कि सेवा सदन, गोमिया में कुल छह चिकित्सक कार्यरत है। जिसमें तीन प्रमुख रूप से डॉ चंचला कुमारी, जिनका पदस्थापन गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में है। डॉ जितेन्द्र कुमार, जिनका पदस्थापन, फुसरो अनुमंडलीय अस्पताल एवं डॉ. रंजन कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र महुआटाड़ में पदस्थापित है। तीनों सरकारी डॉक्टर के रूप में कार्यरत है। इन चिकित्सकों द्वारा पदस्थापन स्थल से इतनी दूरी तय कर गोमिया में मां शारदे सेवा सदन में कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि लैब में सन्नी राम टेक्नीशियन के रूप में कार्यरत है। इस संदर्भ में वह लैब टेक्नीशियन से संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाया। ऐसी स्थिति में किस परिस्थिति में यह लैब चलाया जा रहा है। लैब चलाने के लिए एमबीबीएस डॉक्टर का होना जरूरी है। उक्त सेवा सदन में कोई भी एमबीबीएस पैथोलॉजिकल डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहने के बावजूद मरीजों की खून आदि की जांच की जा रही है। मां शारदे सेवा सदन के प्रबंधक विवेक कुमार से यह पूछा गया कि जांच में लैब टेकनिशियन के साथ कोई पैथोलॉजिकल डॉक्टर उपलब्ध नहीं है, तो मरीजों को रिर्पोट किस प्रकार दिया जाता है। पर उन्होंने इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं दी गई। जांचोपरांत यह भी तथ्य सामने आया कि डॉ चंचला कुमारी, डॉ जितेंद्र कुमार पति-पत्नी हैं। साथ ही, सेवा सदन के विवेक कुमार मैनेजर डॉ. चंचला के सहोदर भाई है। जांच में अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रथम दृष्टया यह पाया कि बिना निबंधन के अवैध रूप से उपरोक्त सेवा सदन का संचालन विवेक कुमार द्वारा किया जा रहा है। पूरे मामले से अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो ने बोकारो डीसी को अवगत कराते हुए नियमानुसार अंचलाधिकारी गोमिया को बतौर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करते हुए मां शारदे सेवा सदन को सील कर दिया।

# गोलीबारी कांड में 10 नामजद सहित 150 लोगों पर मामला दर्ज

### कांग्रेस नेता शेख गुड्डू पर सीसीए लगाने की तैयारी




आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बिजली के विवाद को लेकर शनिवार को दो राजनीतिक गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के त्वरित में की जा रही कार्रवाई से उपद्रवियों में हड़कंप मचा हुआ है। एसपी के घंटे भर की कार्रवाई व ताबड़तोड़ छापामारी ने गोलिबारी व पत्थरबाजी करने वाले बदमाशों के बीच खलबली मचा दी है। इस बीच मधुबन पुलिस ने छापामारी कर 13 लोगों पकड़ा है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं, उक्त घटना को लेकर एसपी के निर्देश पर मधुबन पुलिस ने दो अलग-अलग मामला दर्ज किया हैं। जिसमें एक पुलिस और दूसरा ग्रामीणों की ओर से है। पुलिस की ओर से 10 नामजद सहित 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ कांड संख्या 45/24 भादवि की धारा 147, 149, 114, 323, 332, 333, 353, 307, 427, 120 बी, 27 आर्म्स एक्ट के अलावे 3/4, पब्लिक प्रॉपर्टी डैमेज का मामला दर्ज है। वहीं दूसरा ग्रामीण राकेश रोशन घोष के दिये आवेदन पर पांच नामजद सहित करीब 100 लोगों पर कांड संख्या 44/24 भादवि की धारा 147, 145, 149, 323, 337, 307, 427, 506, 3/4 पब्लिक प्रॉपर्टी डेमेज एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो मधुबन पुलिस शेख गुड्डू पर सीसीए लगाने की तैयारी में जुट गयी हैं। बतातें चलें कि बाघमारा में बर्चस्व की लड़ाई की शिकार हमेशा ग्रामीण और निर्दोष ही होते हैं। जिसका उदाहरण शनिवार को हुई घटना हैं, जिसमें पिछले दिनों तेज हवाओं व आंधी तूफान के बाद मधुबन क्षेत्र में बिजली गुल हो गई थी। जिससे 14 नंबर फीडर में आई तकनीकी समस्या को दूर कर बिजली बहाल कर दी गई थी। लेकिन 16 नंबर फीडर में हुई तकनीकी समस्या के कारण बिजली की आपूर्ति नहीं की जा सकी थी। जिस पर खरखरी एवं नारायण धौड़ा के गुड्डू शेख समर्थको ने 14 नंबर फीडर की बिजली काट दी थी। जिससे दर्जनों गांव के ग्रामीणों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। इससे नाराज ग्रामीणों ने बिजली बहाल एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग के लिये थाने पहुंचे थे तभी उक्त घटना घटित हुई थी।

# अविलंब सुधारी जाये बिजली व्यवस्था नहीं तो होगा आंदोलनः ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष वल अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बिजली व्यवस्था के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर की है। आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों से धनबाद में बिजली व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है। जिले में प्रतिदिन आठ से 10 घंटा बिजली की कटौती की जा रही है जिससे यहां का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शहर हो या देहात बिजली नहीं रहने से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों का बुरा हाल है। पानी के लिए



आए दिन कई जगह मारपीट होने की भी घटना हो रही है। कई जगहों पर ट्रांसफार्मर जल गया है। इसे बिजली विभाग बदलने में सक्षम नहीं हो पा रहा है। बिजली विभाग से संपर्क करने पर कहा जाता है कि डीवीसी द्वारा बिजली काटी गई है। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय का भारी भरकम बकाया राशि नहीं देने के चलते डीवीसी दिन में दो या तीन बार बिजली काट रही है। इससे यहां और भी परेशानी बढ़ गई है। केंद्र और झारखंड सरकार से मांग हैं कि धनबाद जिला में बिजली की समस्या अविलंब सुधार किया जाए। अक्षम पदाधिकारी को यहां से हटाया जाए। साथ ही केंद्र सरकार डीवीसी को निर्देश दे की धनबाद में लोड सेडिंग कम करे। बिना व्यवधान के बिजली सप्लाई हो अन्यथा आंदोलन करने को माध्य होंगें।

# कृषि बाजार प्रांगण में यातायात व्यवस्था के लिए 13 मजिस्ट्रेट की हुई प्रतिनियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कृषि बाजार समिति स्थित मतगणना केंद्र में मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन और अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी किया है। इसमें कृषि बाजार प्रांगण में 16 मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी और यातायात व्यवस्था के लिए 13 मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है। मतगणना स्थल पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृषि बाजार के गेट नंबर 1 से गेट नंबर 6 तक, चंदनकियारी, झरिया, निरसा, सिंदरी, धनबाद और बोकारो के मतगणना हॉल के इलेक्शन एजेंट प्रवेश द्वार, चंदनकियारी विधानसभा के स्ट्रांग रूम, पोस्टल बैलट के लिए बनाए गए मतगणना हॉल, बीएसएफ के अवसान सहित 16 स्थान पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। मतगणना के दिन ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेमको मोड़, कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के पास, कलेक्ट्रेट के अंदर पार्किंग स्थल, कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार से ड्राइविंग स्कूल तक रूट लाइनिंग, ड्राइविंग



विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक कर शांति की अपील करती पुलिस।

स्कूल से कृषि बाजार समिति मुख्य द्वार तक रूट लाइनिंग, कृषि बाजार से निरंकारी चौक तक, निरंकारी चौक, कमल कटेसरिया स्कूल के कटिंग पॉइंट, मेमको मोड़ से गोल बिल्डिंग की तरफ जाने वाली सड़क, मेमको मोड़ से कुमीर्डीह की ओर जाने वाली सडक, निरंकारी चौक से कुमीर्डीह की तरफ जाने वाली सड़क तक रूट लाइनिंग व ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व लाठी बाल की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं मतगणना के दिन यानी चार जून को मतगणना कार्य की समाप्ति तक मेमको मोड़ चौक से निरंकारी चौक तक जाने वाली सड़क में आम जनता के लिए वाहन लेकर आवागमन बंद रहेगा। साथ ही मतगणना केंद्र के आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाइक स्क्वाड भी भ्रमणशील रहेगा। इसके अलावा कृषि बाजार समिति और स्ट्रांग रूम की आंतरिक सुरक्षा के लिए क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी), कृषि बाजार समिति के मुख्य प्रवेश द्वार पर पुलिस कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। पुलिस कंट्रोल रूम के पास प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए मीडिया सेंटर रहेगा। दूसरी ओर, विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद एवं गोविंदपुर डीएसपी शंकर कामती ने गोविंदपुर के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर 4 जून को होने वाले मतगणना के इस महापर्व को सफल बनाने की अपील की। कहा कि कहीं से भी विधि व्यवस्था को भंग नहीं किया जाए। चुनाव का जो भी परिणाम हो उसे जनता का फैसला समझकर स्वीकार करना ही लोकतंत्र की जीत है।

# 4 जून को शांति कायम रखने को लेकर चिरकुंडा थाने में शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** लोकसभा के सात चरणों का मतदान शनिवार को समाप्त हो गया। अब चार जून को मतगणना होनी है। उस दिन क्षेत्र में शांति व अमन चैन कायम रखने को लेकर चिरकुंडा थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें कहा गया कि चुनाव परिणाम आने के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे व किसी प्रकार की राजनितिक मतभेद का असर क्षेत्र की शांति व्यवस्था पर ना पड़े। बैठक की अध्यक्षता चिरकुंडा थाना प्रभारी



सुनिल कुमार सिंह व संचालन मानिक लाल गोरायी ने किया। थाना प्रभारी सुनिल सिंह ने कहा कि मतगणना के परिणाम के समय शहर की विधी व्यवस्था खराब न हो। किसी राजनीतिक दल के प्रचार प्रसार ध्वनी विस्तार यंत्र का प्रयोग ना करें। जो भी कार्यक्रम हो निर्धारित समय पर ही हो व जिला प्रशासन के आदेशानुसार ही कार्य किया जाएगा। मौके पर उपेंद्र नाथ पाठक, गैरूल हसन, काजल चक्रवर्ती, फिरोज खान, प्रो अरुण साव, जयप्रकाश सिंह, अनिल यादव, धीरज सिंह, रिंटू पाठक, सुरेश सिंह, रामजी पांडेय, सुनिता देवी और ईरफान अहमद खान आदि उपस्थित थे।

# कर्मचारी संघ की केंद्रीय समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा




**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** मैथन स्थित कार्यालय में रविवार को कर्मचारी संघ के केंद्रीय समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के महासचिव सुब्रतो मिश्रा व संचालन सचिव सदन कुमार सिंह ने किया। इसमें विभिन्न परियोजनाओं से आए हुए सदस्यों ने संगठन की बेहतरी के लिए अपने-अपने सुझाव दिए और नये केंद्रीय समिति का गठन किया गया। कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रबंधन के रवैए को देखते हुए आगे की आंदोलन पर चर्चा की गई। इसमें बोताविके से जितेंद्र कुमार रजक, राज कुमार रजक, चंद्रपुरा से उमेश शर्मा, सचिव सहदेव सिंह, भुपेन्द्र सिंह, मैथन से मदन कुमार मेहता, सुबास झा, राकेश कुमार सिंह, अनिल सिंह, भगवान रवानी, गुरु प्रकाश मिश्रा, रघुनाथपुर से सुशील कुमार मंडल, मेजिया से दीपेन डांग, अरिंदम बनर्जी, दुगार्पुर से अचिंतो कुमार दास, पंचेत से स्वपन कुमार मंडल, पुटकी से केके सिन्हा के अलावा कोलकाता, हजारीबाग, कोडरमा और अंडाल से सचिव एवं अध्यक्ष उपस्थित थे।

# जल संचय व संरक्षण बेहद जरूरीः प्रमोद

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** पूर्व घोषित नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत रविवार को मैथन डैम स्थित गोगना छठ घाट पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा तीन इकाई के अध्यक्ष सह नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा ने जल संरक्षण, जल संचय और जल सफाई को लेकर शपथ दिलाया। कहा कि उक्त कार्यक्रम एक एकीकृत संरक्षण मिशन है, जिसे केंद्र सरकार ने जून 2014 में 20 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ प्रदूषण के प्रभावी उन्मूलन संरक्षण और राष्ट्रीय कायाकल्प के दोहरे उद्देश्यो कों पूरा करने के लिए प्रमुख कार्यक्रम के रूप में अनुमोदित किया गया है। सरकार का उद्देश्य है कि गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और नदी



को पुर्नजीवित करने के लिए नमामि गंगे नामक एक एकीकृत गंगा संरक्षण मिशन का शुभारंभ किया गया है। कहा कि लोग अक्सर नदियों के आसपास कचरा फेंकते हैं जो नदियों में जाता है और उसकी सफाई को प्रभावित कर सकता हैं। इसलिए हमें अपने कचरे को उचित ढंग से नदी के पास फेंकना चाहिए। उन्होंने सभी से जल संरक्षण का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में बीपीआरओ लालू रोहिदास, जेएसएलपीएस की रीता देवी, सरस्वती तिग्गा, पूजा देवी, गुलाची देवी, दीपंकर रॉय, बेबी कुमारी, मुन्नी देवी, छाया कुमारी, सीता कुमारी, सालुकी तुरी, रेखा देवी, सिमटी देवी, श्रीकांत मंडल, प्रकाश चंद्र महतो, पंकज कुमार सिंह, समीर ठाकुर, हेमा साव, काजल सिंहा, सुषमा साहू, सुमित शर्मा और सती सावित्री बाउरी आदि उपस्थित थे।

# विजय जुलूस निकालने के लिए लेनी होगी अनुमतिः ममता

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** लोकसभा चुनाव का परिणाम 4 जून को आने वाला है। इसे लेकर महुदा थाना परिसर में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महुदा अंचल निरीक्षक ममता कुमारी एवं थाना प्रभारी धीरज कुमार ने की। इनकी मौजूदगी में सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रखंड अध्यक्ष समेत मंडल कार्यकर्ताओ, पंचायत प्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों के अलावा क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की गई, जिसमें मतगणना के दिन क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने और किसी भी परिस्थिति में कोई अप्रिय घटना नहीं होने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि जीत-हार किसी की हो, सभी आपसी भाईचारा बनाकर रखेंगे। इसी क्रम में पुलिस निरीक्षक ममता



कुमारी ने कहा कि शांति समिति के लोगों द्वारा विशेष ध्यान दिया जाय कि हर चौक-चौराहों पर भीड़ को जमा नहीं होने दिया जाये। साथ ही जो भी पार्टी जीतेगी उसे विजय जुलूस निकालने के लिये एसडीओ स्तर पर अनुमति पत्र थाने में जमा करना होगा। बिना अनुमति के जुलूस पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी पार्टी कार्यकर्ता की ओर से विजय जुलूस निकाला गया और किसी की ओर से कोई अफवाह फैलायी गयी तो उसको किसी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि राजनीतिक पार्टियों को कार्यकर्ताओं को विजय जुलूस निकालने की अनुमति में स्पष्ट करना होगा कि उनका रूट चार्ट क्या हैं। जुलूस का आयोजनकर्ता कौन हैं उनका पूरा नाम दर्शाना होगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें जुलूस निकालने की अनुमति नहीं मिलेगी। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि जिस किसी ने समाजिक समरस्ता बिगाड़ने का प्रयास किया उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अंत में सभी ने निर्णय लिया कि जीत किसी भी पार्टी की हो शांति बनाये रखना होगा।

# जिंदल स्टेनलेस को ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल ने पांचवीं बार दिया अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निमार्ता कंपनी जिंदल स्टेनलेस को लगातार पांचवें साल ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल की ओर से 'मेरिट' श्रेणी में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार मिला। कंपनी को जाजपुर, ओड़िशा और हिसार, हरयाणा में अपने विनिर्माण संयंत्रों में लागू की गयी सुरक्षा पहलों के लिए सम्मान दिया गया। हिसार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं इकाई प्रमुख विजय कुमार बिंदलिश, हिसार के पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रमुख सुधीर कुमार, जाजपुर के अग्नि एवं सुरक्षा प्रमुख मनोज बल और हिसार के उपाध्यक्ष दीपक जैन ने मुंबई में आयोजित एक समारोह में कंपनी की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया।




इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि लगातार पांचवीं बार यह पुरस्कार हासिल करना हमारी कंपनी के कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति निरंतर समर्पण को दर्शाता है। हमें इस उपलब्धि पर गर्व है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस तरह के सम्मान हमें निरंतर सुधार करने और भविष्य में सुरक्षा के लिए और भी उच्च मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित करते हैं।

उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाये रखने के जिंदल स्टेनलेस के प्रयासों ने लगातार पांच वर्षों तक यह पुरस्कार प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। कंपनी दुर्घटना रहित कामकाज के अपने लक्ष्य को लेकर अडिग है और अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल को लगातार बेहतर बनाने का प्रयास करती है।

ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल के अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार उत्कृष्टता की पहचान हैं, जिनसे उन कंपनियों को सम्मानित किया जाता है जो अपने कर्मचारियों की भलाई को प्राथमिकता देती हैं। 2024 में, इन पुरस्कारों के लिए कुल 1,251 आवेदन प्राप्त हुए। विजेताओं में यूके, अफ्रीका, एशिया, चीन, यूरोप, भारत, मध्य पूर्व, तुर्की और आयरलैंड गणराज्य समेत दुनिया भर के विविध क्षेत्रों के संगठन शामिल हैं।

# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने किया तालचेर क्षेत्र का दौरा

**तालचेर कोयला क्षेत्रों को जोड़ने वाली चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का जायजा लिया और खदानों और उद्योगों की विभिन्न साइडिंग पर यातायात सुविधा कार्यों का निरीक्षण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने शनिवार को तालचेर क्षेत्र का दौरा किया और रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास और यातायात सुविधाओं सहित तालचेर क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक के निरीक्षण के दौरान, पूर्व तट रेलवे के मुख्यालय के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी और डिवीजनल रेलवे प्रबंधक, खोरधा रोड रेलवे जोन के एचएस बाजवा उनके साथ थे।

निरीक्षण के दौरान फूंकवाल ने बुनियादी ढांचे के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को परियोजना को निर्धारित समय के भीतर पूरा करने की सलाह दी।



महाप्रबंधक ने तालचेर क्षेत्र में रेलवे साइडिंग का भी निरीक्षण किया और बेहतर यातायात का सुझाव दिया। यातायात सुविधा कार्यों की समीक्षा करते हुए महाप्रबंधक फुंकवाल ने संबंधित अधिकारियों को परेशानी मुक्त यातायात के लिए गतिशीलता में सुधार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा फूंकवाल ने तालचेर क्षेत्र में विभिन्न कोयला खदानों से देश के विभिन्न गंतव्यों की ओर तेजी से कोयले की निकासी पर जोर दिया।

# पुरी पटाखा विस्फोट में मरनेवालों की संख्या बढ़ कर 11 हो गयी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी पटाखे विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गयी है। राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने बताया कि कल मरने वालों की संख्या 9 थी, जबकि आज दो और लोगों की मौत हो गयी। जिल्लापाल ने मृतक के परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। बताया गया है कि 19 अन्य का इलाज चल रहा है। विशेष राहत आयुक्त और अतिरिक्त मुख्य सचिव सत्यब्रत साहू घटना की जांच के लिए 5 जून को पुरी का दौरा करेंगे। विशेष राहत आयुक्त विभिन्न संगठनों और निवासियों से प्रतिक्रिया एकत्र करेंगे कि किसकी लापरवाही के कारण आपदा आयी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। विशेष राहत आयुक्त इस बात की जांच करेंगे। श्रीजीउ की प्रसिद्ध चंदन यात्रा के दौरान भक्तों की भीड़ में पटाखे फोड़ने की अनुमति किसने दी थी, इसकी जांच विशेष राहत आयुक्त करेंगे। साथ ही जिला मुख्यालय अस्पताल में घायलों को उपयुक्त व आपातकालीन इलाज नहीं मिल पाने की घटना की भी जांच करायी जायेगी। जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शंकर स्वाइं ने विभाग के अधिकारियों सहित इच्छुक व्यक्तियों को जांच के दौरान उपस्थित रहने और विशेष राहत आयुक्त को पटाखे की घटना के बारे में जानकारी देने के लिए कहा है। कुछ संगठनों ने पटाखे विस्फोट की घटना में इलाज में घोर लापरवाही के लिए कुंभारपड़ा पुलिस अधिकारी और जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल निलंबित करने की मांग की है।

# पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन खुर्दा रोड का समर कैंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खुर्दा रोड द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर समापन हो गया। बच्चों की शारीरिक, मानसिक और नैतिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर 21 मई को शुरू किया गया और 11 दिनों तक जारी रहा। शिविर में रेलवे एवं गैर रेलवे कर्मचारियों के कुल 80 बच्चों ने भाग लिया। ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान, पांच वर्ष की आयु के बच्चों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियां जैसे बास्केटबॉल, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, स्विमिंग, सेल्फ डिफेंस, मार्शल आर्ट और योग कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मरक्षा तकनीक का आयोजन किया गया। समापन समारोह के दौरान, मंडल रेल प्रबंधक, खुर्दा रोड एचएस बाजवा ने बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीतने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किये। ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन हिमाद्री भूषण बिस्वाल, खेल अधिकारी और वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, खुर्दा रोड खेल सचिव मोहम्मद जकीरुद्दीन और उनकी टीम ने कार्यक्रमों का समन्वय किया।




# 24 शवों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा, हीट वेव से छह की मौत



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राउरकेला में हिट वेव से मौत की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आयी। हिट वेव से कुल छह लोगों की मौत हुई है। हिट वेव के कारण कुल 35 रोगियों की मृत्यु होने का संदेह था और प्रशासन ने पोस्टमार्टम कराया। अब करीब 24 लोगों का पोस्टमार्टम पूरा हो चुका है। इसी तरह 18 मौतें अन्य कारणों से हुईं। चार परिवार बिना पोस्टमॉर्टम के शव ले गये हैं। हालांकि तहसीलदार और चिकित्सा पदाधिकारी संयुक्त रूप से इसका आकलन और जांच कर रहे हैं। इस बीच, राज्य स्तरीय टीम ने शनिवार को राउरकेला का दौरा किया और मरीजों और मरीजों के रिश्तेदारों से चर्चा की और राज्य सरकार को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी।




# सीएपीएफ की 70 कंपनियां तैनात होंगी : मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एक कालीन आम चुनाव-2024 की सुरक्षा के लिए इस बार ओड़िशा में रिकॉर्ड संख्या में सीएपीएफ कंपनियों (185) को तैनात किया गया था। राज्य में चार चरणों के मतदान के बाद, यह निर्णय लिया गया कि सीएपीएफ की केवल 25 कंपनियां इवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्रों पर तैनात की जायेंगी। हालांकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धल ने बताया कि चुनाव के बाद कानून-व्यवस्था और प्रत्येक मतगणना केंद्र की सुरक्षा के लिए ओड़िशा में सीएपीएफ छह जून तक की 70 और कंपनियों को तैनात किया जायेगा।

# पुलिस ने 400 गाड़ियां जब्त की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कमिश्नरेट पुलिस आव एक्शन मोड में है। ट्रैफिक को लेकर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने 4 दिनों में राजधानी से 400 गाड़ियां जब्त की। शराब पीकर गाड़ी चलाना, मोबाइल फोन पर बात करना, रंग रूट से गाड़ी चलाना और ट्रैफिक पोस्ट पर लाल बत्ती के समय गाड़ी भगाकर ले जाने पर वाहनों को पुलिस जब्त करेगी। साथ ही पुलिस ने ड्राइवर का डीएल सस्पेंड करने के लिए आरटीओ को सूचना दी। मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाने से अधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं, इसे ध्यान में रखते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने ऐसा कदम उठाया है। अगर आप मोबाइल फोन पर बात करते हुए गाड़ी चलाते हैं, तो पुलिस गाड़ी जब्त और मोबाइल फोन भी जब्त कर लेगी। चेकिंग के दौरान भागने की कोशिश करने वाले चालक फंस जायेंगे। पुलिस अब स्पाइक बैरियर लगायेगी



# जोशीमठ में जंगल की आग बद्रीनाथ हाइवे तक पहुंची, बुझाने में जुटे हैं 40 कर्मचारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोशीमठ।** उत्तराखंड के जंगलों में आग फिर अपना तांडव दिखाने लगी है। रविवार को जोशीमठ में सेलंग गांव के जंगल में भड़की आग बद्रीनाथ हाइवे तक पहुंच गई। जिससे चारों ओर धुआं फैल गया। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के 40 कर्मचारी आग को बुझाने में जुटे हैं। देवप्रयाग क्षेत्र में करीब एक माह बाद हुई हल्की बरसात से जंगलों की आग शांत हुई थी, लेकिन रविवार को फिर से दशरथ पर्वत के जंगलों में आग सुलगने लगी है। इससे क्षेत्र में फिर से धुआं व गर्मी बढ़ने से लोग खासे परेशान हैं। उत्तराखंड के जंगलों में आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हालांकि बारिश होने से कुछ राहत मिली थी, लेकिन कई जगह जंगल अभी भी सुलग रहे हैं।

# काउंटिंग से दो दिन पहले चुनाव आयोग से मिला विपक्ष

- **पांच मांगे रखीं; कहा- पोस्टल बैलट का रिजल्ट इवीएम से पहले जारी हो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को चुनाव आयोग से मिला। इसने चुनाव आयोग सके समक्ष पांच मांगे रखीं। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, 'हम गठबंधन के नेता तीसरी बार एक साथ चुनाव आयोग आये हैं। हमने हमारी चिंताओं को चुनाव आयोग को बताया और चर्चा की।'

**पहली:** पोस्टल बैलट चुनाव के परिणाम को बदल देते हैं। चुनाव आयोग का प्रावधान है की पोस्टल बैलट की गिनती पहले की जायेगी। हमारा यह भी कहना है कि पोस्टल बैलट की गिनती से पहले हो, इसके बाद इवीएम की गिनती हो। पोस्टल बैलट का रिजल्ट पहले आना चाहिए। उसके बाद इवीएम का रिजल्ट जारी हो।

**दूसरी:** नियमों के तहत काउंटिंग हो, पर्यवेक्षक इन नियमों को लागू करायें।

**तीसरी:** मतगणना की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग हो और कंट्रोल यूनिट का वेरिफिकेशन हो।

**चौथी:** मशीन से जो डेटा आये, उसे कंफर्म किया जाये।

**पांचवीं:** इवएम को जब सील किया जाता है, तो उसे वेरिफाई करने के लिए काउंटिंग एजेंट होते हैं। काउंटिंग के दौरान उसे रीकंफर्म किया जाये।



इंडिया गठबंधन प्रतिनिधिमंडल में अभिषेक मनु सिंघवी, डी राजा, राम गोपाल यादव, संजय यादव, नासिर हुसैन, सलमान खुर्शीद और सीताराम येचुरी शामिल थे। इसके बाद ठऊअ गठबंधन के नेता भी चुनाव आयोग से मिलने पहुंचा।

शनिवार को इंडिया गुट के नेताओं ने बैठक कर 4 जून के लिए रणनीति बनायी थी। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि वे रविवार को चुनाव आयोग से मिलकर कुछ मुद्दों पर बात करेंगे। विपक्षी दलों ने अपने एजेंट्स को निर्देश दिया है कि वे वोटों की गिनती की प्रक्रिया पर करीब से नजर रखेंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि हर पोलिंग स्टेशन में रिकॉर्ड किए गए वोटों के आंकड़े वाला फॉर्म 17सी उनके साथ शेयर किया जायेगा।

## भाजपा नेताओं ने भी चुनाव आयोग से मुलाकात की

**इंडिया ब्लॉक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल समेत कई भाजपा नेताओं ने भी इलेक्शन कमीशन से मुलाकात की। पीयूष गोयल ने मीडिया को बताया कि कांग्रेस और उसकी सहयोगी इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने लगातार भारतीय चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। इस ठोस चुनावी प्रक्रिया पर इन पार्टियों ने मिलकर आरोप लगाए हैं, वे इस लोकतांत्रिक संस्था पर हमला है।**










| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**